# GORAKHPUR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 15-03-2023

## अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। बेलघाट पुलिस ने अपहरण के मामले में आरोपित अभियुक्त को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना नाम बिट्टू पुत्र राजनाथ निवासी ग्राम खुशदिउर थाना गोला जनपद गोरखपुर बताया। पुलिस आरोपित को आईपीसी की धारा 363 व 366 आईपीसी के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गुडवर्क टीम में एसआई अजीत कुमार यादव, आरक्षी धीरेंद्र यादव व महिला आरक्षी रौशनी तिवारी शामिल रहीं।

## नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। खजनी थानेदार संजय कुमार मिश्रा ने हमराही फोर्स में शामिल एसआई अजय कुमार यादव व अन्य पुलिसकर्मियों की सहायता से छेड़छाड़ के मामले में आरोपित को गिरफ्तार किया। उसने अपना नाम संदीप निषाद पुत्र अच्छेलाल निषाद निवासी धाधूपार थाना खजनी जनपद गोरखपुर बताया। पुलिस आरोपित को आईपीसी की धारा 354, 506 भादवि व 7/8 पाक्सो एक्ट के तहत कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया गया।

# प्रेमी के साथ चार दिन गुजारने के बाद लौटी लापता महिला

**भटहट (एसएनबी)।** गुलरिहा थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासिनी एवं बैंक से रुपया निकालने के लिए निकली और लापता महिला का पता चल गया है। महिला चार दिन बाद घर लौट आयी है। उसने बताया कि बीते चार दिनों तक अपने प्रेमी के साथ महराजगंज जिले के एक गांव में रही है। उसका प्रेमी उसके पति का दोस्त है।

**गुमशुदगी दर्ज कर पुलिस कर रही थी महिला की तलाश**

**बैंक से रुपया निकालने की बात कहकर निकली थी घर से**

प्राप्त जानकारी के अनुसार भटहट क्षेत्र के एक गांव की एक महिला जो तीन बच्चों की मां है। बीते शुक्रवार की दोपहर पैसा निकासी करने मंदिर बाजार जाने की बात बता कर घर से निकली। रहस्यमय हालात में गायब हो गयी। परिजनो की तहरीर पर पुलिस गुमशुगदी का केस दर्ज कर उसकी तलाश कर रही थी। महिला चौथे दिन मंगलवार को स्वंय घर लौट आयी। पुलिस के पूछताछ में महिला ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी राकेश सिंह की उसके पति से दोस्ती है। महिला ने बताया कि राकेश से उसकी दोस्ती हो गयी। पति को शक हो गया तो वह उसको मारता पीटता था। इसी बात से नाराज होकर वह पति के दोस्त व अपने प्रेमी के साथ फरार हो गयी थी। वह दोनो महराजगंज के निचलौल इलाके के एक गांव में चार दिन साथ रहे हैं। महिला के तीन छोटे बच्चे भी हैं। इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर महिला की तलाश की जा रही थी। महिला गायब नही हुई थी अपने प्रेमी के साथ गई थी।

# चोरी गयी मूर्तियों का दो माह बाद भी सुराग नहीं

बडहलगंज ( एसएनबी )। स्थानीय कस्बे के कुटिया मुहल्ले में स्थित नरसिंह भगवान मंदिर से 5 जनवरी की रात नरसिंह भगवान की मूर्ति समेत सात मूर्तियां चोरी हो गयीं। पुलिस ने इस मामले में चोरी का केस तो दर्ज कर लिया लेकिन दो माह बीत जाने के बाद भी पुलिस न तो चोरों को पकड़ सकी है और न ही मूर्तियों को ही अब तक बरामद कर सकी है।

**बड़हलगंज स्थित भगवान नरसिंह मंदिर से चोरी हुई थी सात मूर्तियां**

चोरों ने मंदिर के मुख्य गेट का दरवाजा तोड़कर अंदर रखे भगवान की 07 मूर्तियां उठा ले गए। मूर्ति चोर कहां के थे। उनको इस स्थान और कीमती एवं अद्भुत मूर्तियों के बारे में किसने बताया था। घटना को अंजाम देने के बाद मूर्तिचोर गिरोह कहां भूमिगत है इस बात का पता स्थानीय पुलिस अब तक नहीं लगा सकी है। जबकि वारदात के बाद पुलिस ने भरोसा दिया है कि बहुत जल्द घटना का खुलासा किया जाएगा। पुलिस मंदिर के पुजारी, गांव के सम्मानित लोगों से इस बाबत पूछताछ की। उनसे कुछ क्लू मिलने के बाद अब इलाके के कुछ संदिग्धों से भी पूछताछ पुलिस कर चुकी है। लेकिन नतीजा अभी तक सिफर ही रहा है। आशंका जताई जा रही है कि मूर्ति चोरों का बाहरी कोई गिरोह है जो स्थानीय कुछ लोगों की मदद से घटना को अंजाम दिया है।

# लूट व चोरी के मामले में आरोपित दो अभियुक्त गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। पिपराइच पुलिस ने लूट और चोरी के मामले में वांछित दो बदमाशों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बदमाशों के पास से काले रंग की बिना नंबर की चोरी की पल्सर बाइक, घटना में प्रयुक्त अपाचे बाइक, लूट का चार मोबाइल और 1000 रुपए नकदी बरामद किया है।

एसपी नार्थ मनोज कुमार अवस्थी ने गुडवर्क की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पिपराइच थानेदार की अगुवाई में दोनों बदमाशों को पुलिस टीम ने पकड़ा। पूछताछ में बदमाशों ने अपना नाम दीपक उर्फ दीपू पुत्र सुभाष निवासी उनौला टोला सलेमपुर थाना पिपराइच जनपद गोरखपुर व राज गौड़ उर्फ बिट्टू गौड़ पुत्र राजेन्द्र गौड़ निवासी उनौला दोयम थाना पिपराइच जनपद गोरखपुर बताया। पुलिस ने आरोपितों को आईपीसी की धारा 392, 379 व 411 आईपीसी के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से दोनों को न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया गया। गुडवर्क टीम में एसएसआई सोनेन्द्र सिंह, एसआई जयप्रकाश यादव, एसआई राजकुमार, हेका. शिवप्रकाश सिंह, आरक्षी दीपक सिंह शामिल रहे।




पिपराइच पुलिस द्वारा गिरफ्तार डाक्टर के मोबाइल लुटेरे दीपक उर्फ दीपू व राज गौड़ उर्फ बिट्टू के बारे में मीडिया को जानकारी देते एसपी उत्तरी मनोज कुमार अवस्थी।

# रामजानकी मार्ग पर ट्रक पलटा, सात गोवंश की मौत

**पुलिस ने दो पशु तस्करों को किया गिरफ्तार**

**23 गोवंश को लादा गया था ट्रक पर, 16 गोवंश घायल**

**वध के लिए बिहार ले जाए जा रहे थे गोवंश**

गोरखपुर (एसएनबी)। बड़हलगंज कोतवाली थाना क्षेत्र के रामजानकी मार्ग पर दिस्तवलिया गांव के पास गोवंश से लदी ट्रक अनियंत्रित होकर राजमार्ग के किनारे पलट गयी। ट्रक में क्रूरतापूर्वक लादे गए 7 गोवंश की मौके पर मौत हो गयी जबकि 16 गोवंश घायल हो गए। ट्रक पर 23 गोवंश लादे गए थे। जिन्हें बिहार के रास्ते बंगाल वध के लिए ले जाया जा रहा था। पुलिस ने ट्रक चालक व खलासी (पशु तस्कर) को हिरासत में लेकर ट्रक व गोवंशीय पशुओं को कब्जे में लिया है। पुलिस ने घायल गोवंशियों को गोला स्थित गोशाला भेजवा दिया है।

मंगलवार की भोर में 5 बजे दिस्तवलिया गांव के समीप ट्रक पलटा। आसपास के गांव के लोग मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी। ट्रक में फंसे चालक व खलासी को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। ट्रक में लदे और एक दूसरे के ऊपर गिरकर छटपटा रहे गोवंशीय पशुओं को पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से अलग करवाया। तब तक सात गोवंशीय पशुओं की मौत हो चुकी थी। शेष व बचे 16 पशु भी घायलावस्था में थे।



पूछताछ में पता चला कि चालक इन गोवंशीय पशुओं को बड़हलगंज, देवरिया होते हुए बिहार फिर बंगाल लेकर जा रहा था। यह घटना बता रही है कि बड़हलगंज, देवरिया रूट को पशु तस्करों ने मुफीद माना है तभी इस रास्ते से गोवंशियों को ले जाया जा रहा है। हादसा नहीं हुआ होता तो इन सभी गोवंश को बड़े ही आराम से बिहार के रास्ते वध के लिए बंगाल पहुंचा दिया गया होता। सरकार के लाख प्रयासों के बावजूद कुछ जिम्मेदारों की मदद से गोवंश पशुओं की धड़ल्ले से चोरी और तस्करी जारी है।

# लुटेरों का खत्म हुआ खेल, पुलिस ने भेजा जेल




पुलिस गिरफ्त में लूट के आरोपित.

GORAKHPUR (14 March): पिपराइच पुलिस ने मंगलवार को दो शातिर लुटेरों को अरेस्ट किया है. दोनों ही लुटेरों पर गोरखपुर के पांच थानों में अलग-अलग मुकदमें दर्ज हैं. पांच थानों में लुट की घटना को अंजाम देकर लगातार पुलिस के लिए ये सिर दर्द बने हुए थे. एसपी नॉर्थ मनोज कुमार अवस्थी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दोनों ही लुटेरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी.

## 20-25 साल उम्र के लुटेरे

पुलिस ने पिपराइच एरिया के दीपक उर्फ दीपू और राज गौड़ उर्फ बिट्टू गौड़ को अरेस्ट किया है. दीपक की उम्र 20 साल और राज की एज 25 वर्ष है. एसपी नॉर्थ ने बताया कि कम उम्र में ही ये दोनों बदमाश लुट, छिनैती करते आ रहे हैं. इसमे दीपक पर पिपराइच थाने में तीन अलग-अलग मामलों में मुकदमा दर्ज है. जबकि राज गौड़ पर शाहपुर, कैंट, राजघाट, खड्डा और पिपराइच में दस मुकदमे दर्ज हैं. राज पर सबसे अधिक चार अलग-अलग मामलों में कैंट थाने में दर्ज हैं.

## बरामद हुई चोरी की बाइक

दोनों लुटेरों के पास से पुलिस ने चोरी की एक पल्सर और एक अपाचे बाइक मिली है. साथ ही पांच मोबाइल और एक हजार रुपया मिला है. एसपी नॉर्थ ने लुटेरों को अरेस्ट करने वाली पुलिस टीम को शाबाशी दी.

गोरखपुर में वाहन सवार कर रहे धोखाधड़ी, बाइक के नंबर पर नियम तोड़ रहा बुलेट चालक

# नियम तोड़े बुलेट, चालान झेल रही बाइक

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (14 March):** 'मजा मारे गाजी मियां धक्का खाएं मुजावर' ये मुहावरा फर्जी ट्रैफिक चालान झेलने वालों पर बिल्कुल सटीक बैठता है. जब से ट्रैफिक पुलिस ने ऑनलाइन चालान शुरू किया है. तब से कुछ शरारती तत्व चालान से बचने के लिए दूसरी गाड़ी का नंबर लगाकर खेल कर रहे हैं. वे अपनी गाड़ी पर दूसरी गाड़ियों का नंबर यूज कर सड़क पर बेखौफ नियमों को तोड़ रहे हैं. वहीं दूसरी तरफ चालान का मैसेज निर्दोष व्यक्तियों के पास जा रहा है. जिसके बाद हलकान होकर वे ट्रैफिक कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं.


### गोरखनाथ की बाइक के नंबर पर चल रही बुलेट

गोरखनाथ पुराना गोरखपुर निवासी रवि सिंह ने बताया, उनके पास पैशन प्रो बाइक है. जिसका नंबर यूपी 53 डीसी 0791 है. रवि ने बताया कि 11 मार्च को उन्हें अपने मोबाइल से पता चला कि उनकी बाइक का एक हजार का चालान हुआ है. तब वे ट्रैफिक कार्यालय पहुंचे. वहां चालान चेक कराया तो पता चला कि नंबर उनका ही था लेकिन गाड़ी पैशन प्रो नहीं बल्कि बुलेट थी. एक लंबा चौड़ा इंसान ऑनलाइन चालान की कॉपी में बुलेट पर सवार दिख रहा था.

**i SHOCKING**

यातायात निदेशालय
टेक
वाहन अधिनियम 1988

सेवा में,
RAVI SINGH



वाहन संख्या UP53D***
वाहन अवधि ----
वाहन श्रेणी M-Cycle/Scooter(2WN)
वाहन पंजीयन की वैधता अवधि ----
वाहन स्वामी का मोबाइल ****621
इंजन संख्या ----
चेसिस संख्या ----
वाहन स्वामी का नाम R* *G
वाहन स्वामी के पिता का नाम LATCHHANNU LAL
वाहन स्वामी का पता 235-C PURANA GORAKHPUR MALI TOLA, PO&PS GORAKHNATH, Gorakhpur-273001

यातायात नियमों के उल्लंघन का विवरण

चालान संख्या UP160712302303141922

| तिथि / समय | स्थान | उल्लंघन का विवरण | शमन शुल्क (रु) |
|---|---|---|---|
| 03-02-2023 14:19:22 | Q9HF+96J, Golghar, Gorakhpur, Uttar Pradesh 273001, India | 1 Driving Two-wheeled without helmets ( Section 194 D of MVA 1988 R/W section 129 of CMVA and rule 121 of U.P. MVR 1998 ) | 1000/- |

उपलब्ध अभिलेखों में उक्त वाहन का स्वामित्व आपको प्रदर्शित है। अतएव इस नोटिस के माध्यम से वाहन द्वारा किये गए यातायात नियमों के उल्लंघन का विवरण मय साक्ष्य इस आशय से प्रेषित है कि यातायात नियमों के उल्लंघन सम्बंधित आरोपों की स्वीकारोक्ति की दशा में निर्धारित शमन प्रक्रिया का अनुसरण कर 3 दिन के अन्दर शमन करायें। अन्यथा प्रकरण सक्षम न्यायालय के समक्ष संज्ञानार्थ प्रस्तुत कर दिया जाएगा।

● चालान कटने मैसेज आने पर हुई जानकारी.

### ट्रैफिक पुलिस का चालान

| मंथ | चालान | शमन शुल्क |
|---|---|---|
| जनवरी | 23,329 | 34,46,500 |
| फरवरी | 35,228 | 37,22,800 |
| कुल योग | 58,557 | 71,69,300 |

### जौनपुर में कटा गोरखपुर की गाड़ी का चालान

तिवारीपुर के रमदतपुर में कृष्ण पाल यादव के पास एक बुलेट है, जिसके नंबर का यूज जौनपुर में एक दूसरी बुलेट पर किया जा रहा था. साल 2022 जनवरी माह में कृष्ण पाल को अपने मोबाइल से पता चला कि उनकी गाड़ी का जौनपुर में दस हजार का चालान काटा गया है. परेशान ट्रैफिक पुलिस से शिकायत की तब चालान निरस्त हुआ.

### सड़क पर चल रही थी एक नंबर की दो कार

साल 2021 जून माह में भटहट के पास रहने वाले राजपुर निवासी शंभू सिंह की मारुति जेन कार यूपी 53 एक्स 8487 एक सप्ताह से गैराज में खड़ी थी. इस दौरान बिना सीट बेल्ट बांधे कार चलाने के जुर्म में उनका एक हजार का चालान कट गया. जब उन्होंने चेक किया तो पता चला कि बोलेनो कार में उनका नंबर लगा हुआ था. ट्रैफिक पुलिस कार्यालय पहुंचे तो उन्हें शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी गई.

### बुलेट पर लगाया है फर्जी नंबर

हैरान परेशान रवि सिंह ने तत्काल ट्रैफिक कार्यालय पर शिकायत दर्ज कराई है. शिकायती पत्र पर रवि ने लिखा है कि मेरे बाइक का नंबर प्लेट बनाकर फर्जी तरीके से बुलेट गाड़ी पर यूज किया जा रहा है. उन्होंने आगे लिखा है कि बुलेट चला रहे व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए और मेरे नंबर पर हुए चालान को निरस्त करने का कष्ट करें.



**"दूसरी गाड़ी का नंबर लगाकर चलने वालों पर 420 का मुकदमा दर्ज किया जाता है. ऐसे मामलों में तत्काल शिकायत करनी चाहिए. जिससे गाड़ी नंबर किसी अपराध में भी गलत यूज ना हो पाए.**

**डॉ. एमपी सिंह,**
एसपी ट्रैफिक

# छात्रा के अपहरण का अज्ञात के खिलाफ केस

हरपुर बुदहट। थाना हरपुर बुदहट क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव में पीड़ित पिता ने रविवार को थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि उसकी नाबालिग बेटी (उम्र 15 वर्ष) क्षेत्र के एक इंटर कॉलेज में 11वीं में पढ़ती है। शनिवार को स्कूल गई लेकिन लौटी नहीं। इस मामले में हरपुर बुदहट पुलिस ने सोमवार शाम को अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि नाबालिग की तलाश की जा रही है।

# होमगार्ड को दी जान से मारने की धमकी, केस

गोरखपुर। गुलरिहा थाना के भटहट कंपनी के होमगार्ड का विधानसभा चुनाव के ड्यूटी का पैसा तकनीकी गड़बड़ी से रिटायर्ड होमगार्ड के खाते में चला गया था। खाते में गया रुपया मांगने पर गाली देकर जान से मारने की धमकी देने पर गुलरिहा पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक गुलरिहा मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# मोबाइल लूटने वाले तीन लोग दबोचे गए

गोरखपुर। चोरी की बाइक से डाक्टर समेत तीन लोगों का मोबाइल फोन लूटने वाले तीन बदमाशों को कैंट व पिपराइच पुलिस ने मंगलवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त बाइक, लूट का मोबाइल फोन व नकदी बरामद किया।

एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया कि 14 फरवरी को बाइक सवार बदमाशों ने तुर्रा बाजार निवासी डा. संजीव श्रीवास्तव का मोबाइल फोन छीन लिया था। मंगलवार की सुबह थाना प्रभारी सूरज सिंह ने पिपराइच के उनौला, सलेमपुर निवासी दीपक उर्फ दीपू और उनौला दोयम निवासी राज गौड़ उर्फ बिट्टू को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से लूट गए चार मोबाइल फोन घटना में इस्तेमाल अपाची, एक हजार रुपये चोरी के अलावा चोरी की पल्सर बाइक बरामद हुई। वहीं कैंट थाना पुलिस ने शाहपुर के गीता वाटिका निवासी शुभम दूबे उर्फ नागेंद्र को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लूट का मोबाइल फोन व 500 रुपये बरामद किया।

# पशुओं से लदा ट्रक पलटा, दो गिरफ्तार

बड़हलगंज। कोतवाली क्षेत्र के देवरिया राम जानकी मार्ग पर दिस्तवलिया गांव के निकट मवेशियों से लदा ट्रक पलट जाने से सात मवेशियों की मौत हो गई। जबकि 16 पशु घायल हो गए। पुलिस ने चालक समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। मंगलवार की भोर में तस्करों द्वारा ट्रक में 23 पशुओं को बड़हलगंज से देवरिया के रास्ते बिहार/बंगाल ले जाया जा रहा था। इसी दौरान पटना चौकी के निकट दिस्तवलिया गांव के समीप पशुओं से लदा ट्रक पलट गया।

# धार्मिक उन्माद फैलाने की धमकी देने वाले पर केस

सहजनवा, हिन्दुस्तान संवाद। गीडा थानाक्षेत्र के कुरमौल निवासी एक युवक पर धार्मिक ग्रंथ को फाड़कर दूसरे समुदाय के घर में फेंककर दंगा कराने की धमकी देने पर पुलिस ने केस दर्जकर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। सारे मामले की ऑडियो रिकार्डिंग शिकायतकर्ता ने पुलिस को सौंपी है।

पिपरौली ब्लाक के देईपार ग्राम पंचायत के सामाजिक कार्यकर्ता चंद्रभूषण पांडेय ने गीडा पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनके गांव के बगल के कुरमौल गांव का रहने वाला महेंद्र यादव एक खनन माफिया है। आठ फरवरी को महेंद्र यादव ने मेरे मोबाइल पर फोन किया और कहा कि राजनीति करने के लिए मैं किसी भी स्तर तक जा सकता हूं। उसने जातीय उन्माद फैलाने के लिये हिन्दू धार्मिक ग्रंथ को फाड़कर गांव के एक अल्पसंख्यक समुदाय के घर फेंककर दंगा कराने की धमकी दी।

# मनबढ़ ने बिजलीकर्मी को सटाया असलहा, दबोचा

चौरीचौरा/झंगहा, हिटी। विद्युत उपकेंद्र अमहिया पर मंगलवार की रात सात बजे अमहिया गांव के एक मनबढ़ युवक ने उपकेंद्र के एक कर्मचारी के ऊपर असलहा दिखाकर जान मारने की धमकी दी।

विद्युत कर्मचारी की सूचना पर झंगहा पुलिस ने आरोपी मनबढ़ युवक अजय कुमार मिश्रा को उपकेंद्र से ही हिरासत में ले लिया। कुछ दिन पूर्व विजिलेंस टीम ने युवक के घर छापेमारी करके आटा चक्की के बकाए बिजली बिल व विद्युत चोरी के आरोप में मुकदमा दर्ज कर कनेक्शन काट दिया गया था। इसी बात पर नाराज युवक ने बिजली उपकेंद्र अमहिया पर पहुंच गया। एसएसओ राजेश भारद्वाज को असलहा दिखाकर बिजली जोड़ने या फिर सबकी बिजली काटने को कहा। ऐसा नहीं करने पर विद्युतकर्मी को जान माल की धमकी देने लगा था। विद्युतकर्मी ने झंगहा पुलिस को सूचना दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे दबोच लिया। थानेदार गौरव राव कन्नौजिया ने बताया कि आरोपी युवक की चक्की है। उसकी लाइट कट जाने पर सबकी बिजली काटने के लिए धमका रहा था।

## ऋद्धि-सिद्धि का खाता बिजली बकाए में कुर्क

गोरखपुर। 10 लाख रुपये बिजली का बिल जमा नहीं करने पर बेतियाहाता स्थित ऋद्धि-सिद्धि प्रतिष्ठान के संचालक का यूनियन बैंक बेतियाहाता का एफडी एवं बचत खाता कुर्क कर दिया गया है। संचालक पर बिजली निगम का 10.59 लाख रुपये का बकाया है। इसकी वसूली के लिए विभाग ने आरसी जारी की है। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सदर के निर्देश पर संग्रह अमीन योगेंद्र चौबे एवं टीम ने खाता कुर्क करते हुए भुगतान पर रोक लगा दी है। नगरीय विद्युत वितरण निगम चतुर्थ राप्तीनगर के अधिशासी अभियंता की ओर से तहसील प्रशासन को वसूली प्रमाण-पत्र दिया गया था।

# बदमाशों ने लूटा मोबाइल, केस

पादरी बाजार। शाहपुर इलाके के खरिया पोखरा स्थित एक पेट्रोल पंप के सामने बाइक सवार बदमाशों ने सोमवार की रात मोबाइल लूट लिया और फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस केस दर्ज बदमाशों की तलाश में जुटी है। चिलुआताल इलाके के हमीदपुर निवासी सचिनधर द्विवेदी सोमवार की रात अपने पिता विवेकानन्द को रेलवे स्टेशन छोड़ कर 12 बजे घर वापस आ रहे थे अभी असुरन चौक से आगे पेट्रोल पम्प के पास फोन आने पर रुक कर मोबाइल से बात करने लगे इसी दौरान पीछे से आए पल्सर सवार दो युवकों ने मोबाइल लूट कर फरार हो गए।

# हत्या के प्रयास का आरोपित पकड़ा गया

गोरखपुर। युवक पर जानलेवा हमला करने के आरोपित को तिवारीपुर थाना पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष तिवारीपुर चंद्रभान सिंह ने बताया कि 23 जनवरी को घोषीपुर निवासी रियाज जाफरा बाजार चौराहे पर सामान लेने गया था। लौटते समय युवकों ने हमला कर दिया था। घटना में शामिल बख्तियार मोहल्ला निवासी जमालुद्दीन को गिरफ्तार किया गया।

# बदमाशों ने मोबाइल और रुपये लूटे, पुलिस ने दबोचा

- रेलवे स्टेशन पर उतरते ही बाइक सवार बदमाशों ने की थी लूट
- गीता वाटिका निवासी शुभम दुबे को पुलिस ने किया गिरफ्तार

गोरखपुर , वरिष्ठ संवाददाता। कैंट इलाके में रेलवे स्टेशन के पास बाइक सवार तीन बदमाशों ने एक युवक से मोबाइल और 500 रुपये लूट लिया। वह अपने रिश्तेदार के घर जा रहा था।

युवक की शिकायत पर कैंट पुलिस ने लूट का केस दर्ज कर मंगलवार को एक बदमाश शुभम दुबे को पकड़ लिया। देवरिया जिले के लाररोड के रहने वाले रितेश जायसवाल 12 मार्च को गोरखपुर आए थे। वह रेलवे स्टेशन पर उतरकर शाहपुर इलाके के बिछिया स्थित अपने रिश्तेदार संतोष जायसवाल के घर जा रहे थे। रात करीब नौ बजे रेलवे स्टेशन से कुछ दूरी पर बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने उन्हें घेर मोबाइल और 500 रुपये लूटकर भाग गए। कैंट थाना पुलिस ने मंगलवार को शाहपुर के गीता वाटिका निवासी शुभम दुबे को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लूट का मोबाइल फोन व 500 रुपये बरामद किया।

# हमले का आरोपित पिता-पुत्र गिरफ्तार

गोरखपुर। जानलेवा हमला करने के आरोप में पिता-पुत्र को खोराबार थाना पुलिस ने मंगलवार की सुबह गिरफ्तार किया। दोपहर बाद उन्हें न्यायालय में पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक थाना खोराबार कल्याण सिंह सागर ने बताया कि रामपुर गांव के केरवनिया निवासी नंदलाल उसके पुत्र रामाश्रय पर मारपीट व जानलेवा हमला करने का मुकदमा दर्ज था।

# चोरी की बाइक से मोबाइल फोन लूटने वाले तीन धराए

**जागरण संवाददाता, गोरखपुरः** चोरी की बाइक से डाक्टर समेत तीन लोगों का मोबाइल फोन लूटने वाले तीन बदमाशों को कैंट व पिपराइच थाना पुलिस ने मंगलवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त बाइक, लूटा के मोबाइल फोन व नकदी बरामद हुए। दोपहर बाद उन्हें न्यायालय में पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया।

एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया कि 14 फरवरी को बाइक सवार बदमाशों ने तुर्रा बाजार निवासी डा. संजीव श्रीवास्तव का मोबाइल फोन छीन लिया था। मुकदमा दर्ज कर सर्विलांस की मदद से पुलिस छानबीन कर रही थी। मंगलवार की सुबह थाना प्रभारी सूरज सिंह ने पिपराइच के उनौला,सलेमपुर निवासी दीपक उर्फ दीपू और उनौला दोयम निवासी राज गौड़ उर्फ बिट्टू को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से लूटे गए चार मोबाइल फोन घटना में इस्तेमाल अपाची, एक हजार रुपये के अलावा चोरी की पल्सर बाइक बरामद हुई। वहीं कैंट थाना पुलिस ने शाहपुर के गीता वाटिका निवासी शुभम दूबे उर्फ नागेंद्र को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लूट का मोबाइल फोन व 500 रुपये बरामद किया।

## बाइक चुराने के मामले में पांच वर्ष का कठोर कारावास

गोरखपुर: चोरी की बाइक बरामद होने का आरोप सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश पंकज श्रीवास्तव ने कैंट थाना के इंद्रानगर निवासी मनोज कुमार पांडेय उर्फ बबलू पांडेय को पांच वर्ष के कठोर कारावास एवं 20 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर 15 माह का कारावास अलग से भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अतुल कुमार शुक्ल एवं प्रमोद मौर्य का कहना था कि चार दिसंबर 2008 को वादी प्रभारी निरीक्षक पद्माकर राय हमराहियों के साथ मोहद्दीपुर चौराहे पर थे। चोरी की बाइक लेकर तारामंडल से चंपा देवी पार्क की तरफ आने की सूचना पर पुलिस वाले मौके पर पहुंचे और अभियुक्त को पकड़ लिए। पूछताछ में उसने अपना नाम मनोज कुमार पांडेय बताया। उसके पास से एक बाइक बरामद हुई। कड़ाई से पूछने पर बताया कि उसने बाइक विकास भवन के पास से चोरी की है। इसका नंबर प्लेट बदलकर इसे चला रहा है तथा बेचने की फिराक में है।

सम्पूर्ण ई पेपर पढ़ने के लिए यहाँ पर क्लिक करें


## 22 दिसंबर 2022 को दिनदहाड़े हुई थी वारदात, महिला से लूटपाट के बाद भाग निकला था बदमाश

# सीसी कैमरे में दिखा 100 से अधिक बार, फिर भी पुलिस ने मानी हार

सतीश पांडेय • गोरखपुर

शहर के सबसे व्यस्त व सघन आबादी वाले घंटाघर से सटे बसंतपुर में 22 दिसंबर 2022 को दिनदहाड़े हुई वारदात ने पुलिस के अधिकारियों के होश उड़ा दिए। बाइक से हेलमेट लगाकर आया बदमाश घर में अकेली महिला को बंधक बनाकर लूटपाट करके आराम से फरार हो गया। बंधक बनाकर लूटपाट करने का मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच की। सीसी कैमरे की पड़ताल हुई तो वारदात को अंजाम देने वाला बदमाश 100 से अधिक बार दिखा, लेकिन पुलिस की पकड़ में आज

बंद फाइल



तक नहीं आया। थक हारकर पुलिस ने यह कहते हुए आरोपित की तलाश बंद कर दी कि वह महिला का कोई जानने वाला ही था, लेकिन घटना का रहस्य अभी बरकरार है।

बसंतपुर निवासी 59 वर्षीय वीना देवी के पति परविंदर वर्मा की सोने-चांदी की दुकान थी। तीन वर्ष पहले बीमारी से उनकी मृत्यु हो गई। वह बेटी नेहा के साथ रहती हैं। परिवार की जीविका चलाने के लिए बेटी दुकान पर काम करती है। 22 दिसंबर 2022 की दोपहर में नेहा घरेलू सामान खरीदने के लिए घंटाघर गई थी। वीना देवी घर में अकेली थीं। दोपहर दो बजे डोर बेल बजने पर उन्होंने दरवाजा खोला तो बाहर हेलमेट लगाकर एक युवक खड़ा था। परिचय पूछने पर जबरन अंदर दाखिल होने के साथ ही उसने वीना देवी की गर्दन पर चाकू सटा दिया। जान से मारने की धमकी देते हुए उन्हें प्रथम तल पर कमरे में ले गया और पिटाई करके साड़ी से उनका हाथ-पैर बांध दिया। मुंह पर टेप चिपकाने के बाद आलमारी की चाबी छीनकर उसमें रखे गहने व 10 हजार रुपये निकाल लिए। जाते समय बदमाश ने बाहर से दरवाजे की कुंडी बंद कर दी। दोपहर तीन बजे घर पहुंची नेहा कमरे में बिस्तर पर अचेत पड़ी मां को स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल ले गई थी। दिनदहाड़े हुई वारदात का पर्दाफाश करने के लिए राजघाट व क्राइम ब्रांच की टीम ने एक सप्ताह तक इलाके में लगे सीसी सीसी कैमरों की पड़ताल की, जिसमें लाल बाइक से आया बदमाश 100 से अधिक बार दिखा। फुटेज में नंबर प्लेट स्पष्ट न से उसकी पहचान नहीं हो पाई। एक माह तक मामले की जांच चली। अपेक्षित सफलता न मिलने पर पुलिस ने छानबीन बंद कर दी।



"महिला को बंधक बनाकर लूटपाट करने के मामले की जांच पुलिस ने पूरी गहनता से की। पता चला कि महिला के साथ लूटपाट नहीं हुई है। राजघाट थाना पुलिस व क्राइम ब्रांच की टीम ने सीसी कैमरे में दिख रहे युवक को ढूंढा, लेकिन वह नहीं मिला। पीड़ित के जांच में सहयोग न करने से घटना का पर्दाफाश नहीं हो सका। अब मुकदमे में एफआर लगेगा।

**कृष्ण कुमार बिश्नोई**, एसपी सिटी

# दिल्ली पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपित को किया गिरफ्तार

गोरखपुर : गुलरिहा थाना क्षेत्र के गुलरिहा बाजार में मंगलवार की सुबह दिल्ली के आदर्शनगर थाने की पुलिस ने स्थानीय पुलिस की मदद से दुष्कर्म के आरोपित राजवंशी मद्धेशिया को गिरफ्तार किया। दिल्ली पुलिस के हेड कांस्टेबल कुलदीप सिंह व कांस्टेबल अनुपम ने कोर्ट में पेश आरोपित को ट्रांजिट रिमांड पर लिया। दोपहर बाद पुलिस आरोपित को दिल्ली लेकर चली गई। बता दें कि आरोपित राजवंशी मद्धेशिया दिल्ली की एक आयुर्वेदिक मेडिसिन कंपनी में काम करता था। आरोप है कि वहीं पर एक युवती भी डाटा आपरेटर थी। इस दौरान वर्ष 2019 में मित्रता हो गई। इसके बाद आरोपित शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म कर फरार हो गया। युवती ने आरोपित के विरुद्ध दिल्ली के आदर्शनगर थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। (जासं)

# चोरी के आरोपियों के घर कुर्की का नोटिस चस्पा

खजनी। बांसगांव थाना क्षेत्र डडवा निवासी हनुमान और पवन कुमार के घर मंगलवार को पुलिस ने कुर्की की नोटिस चस्पा कर दी। दोनों के खिलाफ घर में घुसकर चोरी करने का केस दर्ज है। वे लंबे समय से फरार चल रहे हैं। कोर्ट से 82 की नोटिस हासिल कर पुलिस ने घर पर चस्पा कर दिया।

## मारपीट के दो आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा

खोराबार। पुलिस ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने के दो आरोपियों को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान खोराबार के रामपुर केरनिया निवासी नंदलाल और रामाश्रय के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। आरोपियों के खिलाफ खोराबार पुलिस ने गैर इरादतन हत्या की कोशिश, मारपीट, बलवा और धमकी देने की धाराओं में केस दर्ज किया है। ब्यूरो

## नशीले पाउडर के साथ युवक गिरफ्तार

गोरखपुर। कैंट पुलिस ने मंगलवार को अल्प्राजोल पाउडर के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से पुलिस ने 27 ग्राम पाउडर बरामद किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान बिलन्दपुर निवासी शेखर शर्मा के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी को मंगलवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। ब्यूरो

# दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर साथ ले गई दिल्ली पुलिस

गोरखपुर। दिल्ली में काम करने के दौरान साथी कर्मचारी से दुष्कर्म कर फरार आरोपी युवक को दिल्ली पुलिस ने स्थानीय पुलिस की मदद से गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार को कोर्ट से ट्रांजिट रिमांड पर लेकर दिल्ली पुलिस आरोपी युवक को लेकर दिल्ली रवाना हो गई। युवक के खिलाफ दिल्ली के आदर्शनगर थाने में दुष्कर्म और मारपीट का केस दर्ज है।

पकड़े गए युवक की पहचान गुलरिहा थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार निवासी राजवंशी मद्धेशिया के रूप में हुई। पुलिस के मुताबिक, गुलरिहा बाजार निवासी राजवंशी मद्धेशिया दिल्ली के एक आयुर्वेदिक मेडिसिन कंपनी में काम करता था। वहीं एक युवती डाटा ऑपरेटर का काम करती थी। काम के दौरान 2019 में दोनों की मित्रता हो गई। आरोप है कि दोस्ती के बाद युवक शादी का झांसा देकर युवती से शारीरिक संबंध बनाता रहा। युवती फरवरी 2020 में गर्भवती हो गई तो युवक ने दवा देकर गर्भपात करवा दिया। ब्यूरो

## जिले में लूट करने के चार आरोपी गिरफ्तार

**गोरखपुर।** जिले में लूट करने के चार आरोपियों को मंगलवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दो बदमाशों को कैंट और दो को पिपराइच पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से पुलिस ने चोरी की बाइक, नकदी व अन्य सामान बरामद किया गया है। उनकी पहचान पिपराइच के सलेमपुर निवासी दीपक उर्फ दीपू और उनौला दोयम निवासी राज गौड़ उर्फ बिट्टू के रूप में हुई। ब्यूरो

## दो बहनों से छेड़खानी करने के आरोपियों पर केस

**पिपरौली।** गीडा थाना क्षेत्र के एक गांव में घर में घुसकर बहनों से छेड़खानी करने के आरोपियों सुरेश साहनी और अभिषेक साहनी के खिलाफ पुलिस ने घर में घुसकर मारपीट, छेड़खानी, एससी-एसटी की धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जानकारी के मुताबिक, घटना बुधवार रात की है। होली के दिन बहनें घर में अकेली थीं। इस दौरान गांव के पास के दो युवकों ने घर में घुसकर छेड़खानी की। परिजनों ने लोकलज्जा की वजह से तहरीर नहीं दी थी। अब तहरीर आने पर पुलिस केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी है। ब्यूरो

## चाकू के साथ युवक गिरफ्तार, जेल भेजा

**गोरखपुर।** राजघाट पुलिस ने मंगलवार को चाकू के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए युवक की पहचान बिहार के छपरा के कल्याणपुर निवासी देवाशंकर पासवान के रूप में हुई। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट का केस दर्ज कर पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। ब्यूरो

# धर्म परिवर्तन कर निकाह का दबाव बनाने वाले पर केस

अमर उजाला ब्यूरो

## छात्रा का आरोप, मना करने पर अश्लील फोटो वायरल कर दी धमकी

गोरखपुर। गोरखनाथ इलाके में रहने वाली छात्रा पर युवक धर्म परिवर्तन कर निकाह का दबाव बना रहा है। आरोप है कि इन्कार करने पर उसने छात्रा सहित परिवार के लोगों का मोबाइल फोन हैक कर अश्लील वीडियो बना दिया। आरोपी युवक ने वीडियो और फोटो वायरल कर जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस छात्रा की शिकायत पर बिहार के पश्चिमी चंपारण बगहा निवासी अरमान अहमद के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। आरोपी की तलाश में पुलिस जुटी है।

जानकारी के मुताबिक, गोरखनाथ इलाके में रहने वाली एक छात्रा ने दी तहरीर में लिखा है कि 2020 में उसके पिता की पोस्टिंग बिहार पश्चिमी चंपारण बगहा में थी। तब वहीं पर पूरा परिवार रहता था। इस दौरान पड़ोस में रहने वाले अरमान अहमद से उसकी जान पहचान हो गई। दोनों बातचीत करने लगे। फिर पढ़ाई करने छात्रा गोरखपुर आ गई। वह गोरखपुर में किराए का कमरा लेकर ग्रेजुएशन की पढ़ाई करने लगी। लेकिन, गोरखपुर आने के बाद भी अरमान उसे फोन कर परेशान करने लगा। वह छात्रा पर लगातार शादी के लिए दबाव बनाने लगा। युवती ने उसे समझाया कि वह मुस्लिम धर्म का है, ऐसे में दोनों की शादी संभव नहीं है। लेकिन, अरमान उसे धर्म परिवर्तन कर शादी का दबाव बनाने लगा।

# चाकू के साथ युवक गिरफ्तार, जेल भेजा

गोरखपुर। राजघाट पुलिस ने मंगलवार को चाकू के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए युवक की पहचान बिहार के छपरा के कल्याणपुर निवासी देवाशंकर पासवान के रूप में हुई। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट का केस दर्ज कर पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया।

DEORIA POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 15-03-2023

राष्ट्रीय सहारा दि० 15/03/23

# उदघाटन मैच देवरिया, गोरखपुर, बस्ती व कुशीनगर ने जीता

देवरिया(एसएनबी)। मंगलवार को पुलिस लाइन्स में मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने 71वीं गोरखपुर जोन की अन्तर्जनपदीय पुलिस वॉलीबाल, बास्केटबाल, हैण्डबाल, सेपक टकरा, योगा एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिता 2023 का शुभारम्भ किया । इस दौरान सर्वप्रथम मुख्य अतिथि ने गोरखपुर जोन के सभी जनपदों से संबन्धित खेलों की टीमों की परेड की सलामी ली। ततपश्चात वालीबाल को नेट पार कराकर प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया । प्रतियोगिता का समापन आगामी 17 मार्च 2023 को होगा। सुनिश्चित है।



खिलाड़ियों के परेड की सलामी लेते एसपी।

सेपक टकरा में कुल 4 मैच खेले गये जिसमें प्रथम मैच देवरिया व महराजगंज के मध्य खेला गया देवरिया विजयी रही, दूसरा मैच जनपद बस्ती व बहराइच के मध्य खेला गया जिसमें बहराइच विजयी रही, तीसरा मैच जनपद गोण्डा व बलरामपुर के मध्य खेला गया जिसमें बलरामपुर विजयी रहा। चौथा मैच जनपद संतकबीरनगर व सिद्धार्थनगर के मध्य खेला गया जिसमें जनपद सन्तकबीरनगर विजयी रही। बास्केटबाल में कुल 4 मैच खेले गये जिसमें प्रथम मैच गोरखपुर व कुशीनगर के मध्य खेला गया, जिसमें गोरखपुर की टीम विजयी रही। दूसरा मैच जनपद संतकबीरनगर व श्रावस्ती के मध्य खेला गया जिसमें संतकबीर नगर विजयी रही। तीसरा मैच जनपद महराजगंज व सिद्धार्थनगर के मध्य खेला गया जिसमें सिद्धार्थनगर विजयी रहा। चौथा मैच जनपद बस्ती व बलरामपुर के मध्य खेला गया जिसमें जनपद बस्ती विजयी रही। वालीबाल में कुल 5 मैच खेले गये जिसमें प्रथम मैच देवरिया व महराजगंज के मध्य खेला गया देवरिया विजयी रही। दूसरा मैच जनपद श्रावस्ती व सिद्धार्थनगर के मध्य खेला गया जिसमें सिद्धार्थनगर विजयी रही।तीसरा मैच जनपद कुशीनगर व बलरामपुर के मध्य खेला गया जिसमें कुशीनगर विजयी रहा। चौथा मैच जनपद गोरखपुर व गोण्डा के मध्य खेला गया जिसमें जनपद गोरखपुर विजयी रही। पांचवा मैच जनपद बहराइच व बस्ती के मध्य खेला गया जिसमें बहराइच विजयी रही। हैण्डबाल में कुल 4 मैच खेले गये जिसमें प्रथम मैच बस्ती व संतकबीर नगर के मध्य खेला गया बस्ती विजयी रही। दूसरा मैच जनपद सिद्धार्थनगर व गोण्डा के मध्य खेला गया जिसमें सिद्धार्थनगर विजयी रही। तीसरा मैच जनपद श्रावस्ती व बलरामपुर के मध्य खेला गया जिसमें श्रावस्ती विजयी रहा। चौथा मैच जनपद देवरिया व गोरखपुर के मध्य खेला गया जिसमें जनपद देवरिया विजयी रही। टेबल टेनिस में कुल 5 मैच खेले गये जिसमें प्रथम मैच गोण्डा व कुशीनगर के मध्य खेला गया कुशीनगर विजयी रही। दूसरा मैच जनपद बहराइच व देवरिया के मध्य खेला गया जिसमें देवरिया विजयी रही।

अमर उजाला दि० 15/03/23

# सरगना समेत चार वाहन चोर गिरफ्तार, 11 बाइकें बरामद

संवाद न्यूज एजेंसी

देसही देवरिया। महुआडीह पुलिस ने मंगलवार को बाइक चोरों के एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश किया है। पकड़े गए चार बदमाशों के पास से 11 बाइकें बरामद की गई हैं। सीओ सिटी ने थाने में प्रेस वार्ता कर मामले का पर्दाफाश किया।

## महुआडीह पुलिस ने बाइक चोरी का किया खुलासा

महुआडीह एसओ महेंद्र कुमार चतुर्वेदी सोमवार देर रात अपने हमराहियों के साथ क्षेत्र में गश्त पर थे। थानाक्षेत्र के रामपुर दुल्लह नहर के पुल के पास दो बाइक से तीन संदिग्ध युवकों के आपराधिक योजना बनाने की सूचना मिली। एसओ फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। वहां दो बाइकों के साथ तीन संदिग्ध युवक मिले। पुलिस ने उन्हें रोक कर गाड़ी के कागजात मांगे। पुलिस ने पूछताछ की तो बताया कि दोनों बाइक चोरी की हैं। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने उनके एक और साथी को गिरफ्तार कर लिया।

दुर्गेश यादव चरियाव, थाना गौरीबाजार के घर से दो बाइकें, अविनाश ऊर्फ केश्वर गौंड, जंगलबेलवा, थाना महुआडीह के पास से चार बाइक और थानाक्षेत्र के ही दो अन्य गावों से गिरफ्तार किए गए दो नाबालिग चोरों के पास से पांच बाइक बरामद की गईं। गिरोह का सरगना अविनाश है।

सीओ सिटी श्रीयेश त्रिपाठी ने मंगलवार को थाने पहुंचकर प्रेस वार्ता कर मामले का पर्दाफाश किया।

दि० 15/03/23

दै० हिन्दुस्तान दि० 15/03/23

# गाली-गलौज पर उतरे अनलाइन ठगी वाले गिरोह

लार (एसएनबी)। भारतीय रिजर्व बैंक समस्त खाता धारकों को एसएमएस समेत विभिन्न कार्यक्रमो के माध्यम से आम जनता को साइबर अपराध के शिकार होने से बचने के लिए जागरूक करने का प्रयास कर रही है। बैंकिंग सेवाओं से जुड़े हर नागरिक को किसी भी तरफ के खाता डिटेल, ओटीपी बताने समेत किसी ही अनजान लिंक को ओपन नही करने का निर्देश देती रहती है। जागरूकता अभियान की देन है कि युद्ध स्तर पर ठगी के शिकार हो रहे उपभोक्ताओं में खासा कमी आई है। हालांकि आज भी काफी संख्या में लोग इस ठगी का शिकार हो रहे है। जागरूकता के कारण ठगी करने वाले गिरोह अब हताश व निराश होकर रह गए है। ये ठग भी रोज नए नए टेक्कि अपना रहे है। अपने आप को बैंक अधिकारी बताकर कभी खाता बन्द होने, एटीएम एक्सपायर होने, बोनस प्राप्त करने, आयुष्मान या आवास सर्वेयर बताकर खाते का डिटेल ले रहे है ओटीपी मांग कर खाते से पैसे गायब कर रहे है। यहाँ तक कि लाटरी या अन्य प्रलोभन देकर ठगी का खेल जारी है। सोमवार को एक व्यक्ति के मोबाइल पर अपने आप को हेड पोस्टअफिस का अधिकारी बताकर युवक से इंडियन पोस्ट पेमेन्ट बैंक खाते के डिजिटल करने की बात कहते हुए उससे डिटेल मांगते हुए पोस्टअफिस जाकर डिजिटल पासबुक व कार्ड लेने का सुझाव दिया गया। जब युवक को शक हुआ तो युवक ने मना कर दिया। फोन करने वाले ने जब शिकार जाल में नही फंसा तो वह नाराज होकर माँ बहन की गाली पर उतर गया। भद्दी भद्दी गाली सुनने के कारण अन्त में युवक को फोन काटना पड़ा।

हिन्दुस्तान दि०-18/03/23

# लेखपाल ने महिला पर दर्ज कराया केस

बरहज। क्षेत्र में एक व्यक्ति की भूमि नापने गए लेखपाल से अभद्रता करने वाली महिला के विरुद्ध बरहज पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

बरहज तहसील में तैनात लेखपाल रविंद्र भारती के पास हल्का नम्बर 15 का प्रभार है। उनका आरोप है कि तारा देवी पत्नी सुकई निवासी बेलडाड़ का तप्पा कपरवार में खेत है। यह उनकी भूमिधरी है एवं उनमें अन्य काश्तकार भी है। 15 ग्राम विशुनपुर देवार मेगा सं0 195, 196, 198, 199 सम्पूर्ण खाली है। तारा देवी दबाव बनाकर दूसरे की फसल अपना बताने को कह रही है। नही करने पर लेखपाल को गाली दे रही थी एवं गलत आरोप लगा रही थी। लेखपाल की तहरीर पर इस मामले में पुलिस ने तारा देवी निवासी बेलडाड़ नौका टोला थाना बरहज के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

# जोन स्तरीय प्रतियोगिता में पुलिसकर्मियों ने दिखाया दम

देवरिया, निज संवाददाता। पुलिस विभाग की 71 वीं गोरखपुर जोन की अन्तर्जनपदीय चार दिवसीय पुलिस वॉलीबाल, बास्केटबाल, हैण्डबाल, सेपक टकरा, योगा एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिता मंगलवार से पुलिस लाइन में शुरु हुई। प्रतियोगिता का उद्घाटन एसपी संकल्प शर्मा ने किया।

प्रतियोगिता में गोरखपुर, महराजगंज, कुशीनगर, देवरिया, बस्ती, सिद्धार्थनगर, संतकबीरनगर बहराइच, गोण्डा, श्रावस्ती, बलरामपुर जिले से आई पुरूष व महिला पुलिस की टीम प्रतिभाग कर रही है। सभी जिलों की टीमों ने एसपी के मंच के सामने से मार्च पास्ट कर सलामी दिया। इस दौरान एसपी ने कहा कि पुलिस की सेवा में काफी स्ट्रेस होता है। जिससे मानसिक दबाव होता है। शारीरिक और मानसिक उत्थान को लेकर चुस्त-



खेल के दौरान देवरिया की टीम के शॉट को रोकते हुए महराजगंज के खिलाड़ी।

दुरुस्त बनाए रखने को लेकर इस तरह की प्रतियोगिताएं होती रहती हैं।

**सेपक टकरा में देवरिया,बहराइच, बलरामपुर और संतकबीर नगर हुए विजयी:** सेपक टकरा प्रतियोगिता में मंगलवार को 4 मैच खेले गए। जिसमें पहला मैच देवरिया व महराजगंज के बीच खेला गया। देवरिया विजयी रहा। दूसरा मैच बस्ती और बहराइच के मध्य हुआ, जिसमें बहराइच विजयी रहा। तीसरा मैच गोंडा व बलरामपुर के बीच हुआ बलरामपुर विजयी रहा। चौथा मैच संतकबीरनगर व सिद्धार्थनगर के बीच हुआ सन्तकबीरनगर विजयी रहा।

**बास्केटबाल में भी हुए चार मैच:** बास्केट बाल में पहला मैच गोरखपुर और कुशीनगर के बीच हुआ। जिसमें गोरखपुर विजयी रहा। दूसरा मैच संतकबीरनगर और श्रावस्ती के बीच हुआ। संतकबीर नगर विजयी रहा। तीसरा महराजगंज व सिद्धार्थनगर के मध्य खेला गया जिसमें सिद्धार्थनगर विजयी रहा, चौथा मैच बस्ती और बलरामपुर के बीच हुआ। जिसमें बस्ती विजयी रहा।

**वालीबॉल के प्रतियोगिता में हुए पांच मैच:** वालीबॉल प्रतियोगिता का पहला मैच देवरिया और महराजगंज के बीच हुआदेवरिया विजयी रहा। दूसरा मैच श्रावस्ती और सिद्धार्थनगर के बीच हुआ सिद्धार्थनगर विजयी रहा। तीसरा मैच कुशीनगर और बलरामपुर के बीच हुआ कुशीनगर विजयी रहा। चौथा मैच गोरखपुर व गोण्डा के बीच हुआ। जिसमें गोरखपुर विजयी रहा। पांचवा मैच बहराइच और ब्रस्ती के बीच हुआ बहराइच विजयी रहा।

**हैण्डबाल में हुए चार मैच:** हैण्डबाल के पहला मैच बस्ती और संतकबीर नगर के बीच हुआ। बस्ती विजयी रहा। दूसरा मैच सिद्धार्थनगर और गोण्डा के बीच हुआ सिद्धार्थनगर विजयी रहा। तीसरा मैच श्रावस्ती और बलरामपुर के बीच हुआ श्रावस्ती विजयी रहा। चौथा मैच देवरिया और गोरखपुर के बीच हुआ देवरिया विजयी रहा।

**टेबल टेनिस में भी हुए पांच रोचक मैच:** टेबल टेनिस का पहला मैच गोंडा व कुशीनगर के बीच हुआ कुशीनगर विजयी रहा। बहराइच व देवरिया के मैच में देवरिया विजयी रहा। गोरखपुर व सिद्धार्थनगर के मैच में सिद्धार्थनगर विजयी रहा। संतकबीर नगर व श्रावस्ती में हुएं संतकबीरनगर विजयी रहा। बलरामपुर व महराजगंज के बीच खेला गया जिसमें महराजगंज विजयी रहा।

# चोरी की 11 बाइक के साथ चार गिरफ्तार

महुआडीह, हिन्दुस्तान संवाद। महुआडीह पुलिस ने चोरी की 11 बाइक के साथ चार वाहन लिफ्टरों को दबोच लिया। वाहन लिफ्टरों में दो नाबालिग हैं। मंगलवार को पुलिस ने दो अपराधियों को जेल भेज दिया जबकि नाबालिगों को बाल सुधार गृह भेज दिया गया।

महुआडीह थाने पर सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी ने पत्रकारवार्ता में इसका खुलासा किया। उन्होंने बताया कि थानाध्यक्ष महेंद्र कुमार चतुर्वेदी सोमवार की देर रात अपने क्षेत्र में गस्त कर रहे थे। मुखबिर से सूचना मिली कि तीन संदिग्ध युवक थानाक्षेत्र में रामपुर दुल्लह नहर के पुल के पास दिखाई दे रहे हैं। तीनों को पकड़कर पुलिस थाने ले आई और कड़ाई से पूछताछ करने लगी। इस दौरान बाइक चोरी की होने का पता चला। पूछताछ के दौरान ही



महुआडीह पुलिस की गिरफ्त में चोरी की बाइक के साथ दबोचे गए वाहन लिफ्टर।

उन्होंने अपने एक और साथी का नाम बताया। जिसे पुलिस ने उसके घर से हिरासत में लिया। पकड़े गए अभियुक्तों में से दुर्गेश यादव निवासी ग्राम चरियाव, थाना गौरीबाजार के घर से दो बाइक, अविनाश निवासी ग्राम जंगलबेलवा, थाना महुआडीह के पास से चार बाइक और थानाक्षेत्र के ही अन्य दो गावों से गिरफ्तार किए गए दो नाबालिग बाल अपचारी चोरों के पास से पाँच गाड़ियां बरामद हुई। बाइक चोरों के इस गिरोह का मास्टरमाइंड अविनाश है। अविनाश के खिलाफ हाटा कोतवाली में भी वाहन चोरी का केस दर्ज है। पूछताछ के बाद अविनाश गौड़ व दुर्गेश यादव को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। टीम में थानाध्यक्ष महेंद्र कुमार चतुर्वेदी, वरिष्ठ उपनिरीक्षक धर्मेंद्र कुमार मिश्रा, दिनेश मौर्य, राघवेंद्र सिंह, अरविंद, विनोद, श्यामनारायण, योगेन्द्र, राकेश, संजय , उमाकांत मनोज पटेल आदि शामिल रहे।

हिन्दुस्तान दि० 15/03/22

# चार के विरुद्ध मारपीट का केस

देवरिया। पिछले माह हुए मारपीट और गाड़ी तोड़ने के मामले में सदर कोतवाली पुलिस ने दो नामजद समेत चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। सुरौली थाना क्षेत्र के अगया गांव के रहने वाले छबिलाल चौरसिया पुत्र रामसरन चौरसिया तहरीर पर सदर कोतवाली पुलिस ने राकेश नाथ त्रिपाठी, चालक लक्ष्मण और दो लोग अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया।

# तीन के विरुद्ध तोड़फोड़ और मारपीट का केस

देवरिया। होली के दिन घर पर चढ़ कर मारपीट और तोड़ फोड़ करने वाले तीन लोगों के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। सदर कोतवाली क्षेत्र के खोराराम गांव की कलावती देवी पत्नी बृजलाल यादव की तहरीर पर सदर कोतवाली पुलिस ने सत्येन्द्र यादव पुत्र दीन दयाल यादव, दीनदयाल यादव पुत्र बासदेव यादव व सत्येन्द्र की माँ निवासी खोराराम के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया।

# 9 के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या के प्रयास का केस

देवरिया। दोस्त के मिलने गए युवक को पिछले दिनों न्यू कालोनी में मनबढ़ युवकों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहररीर पर सदर कोतवाली पुलिस ने सत्यम मिश्रा पुत्र मारकण्डेय मिश्रा निवासी भीखमपुर रोड निकट हनुमान मन्दिर, रमेश प्रजापति पुत्र सरजू प्रजापति निवासी नेहरू नगर चकियवा और सन्नी मद्देशिया पुत्र अरविन्द मद्देशिया निवासी खटिक टोला चकियवा थाना सदर कोतवाली और छह अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया।

दैनिक जागरण दि०-15/03/23

# दो बाल अपचारी समेत चार गिरफ्तार, 11 बाइक बरामद



चोरी की बरामद बाइक के साथ गिरफ्तार दोनों आरोपित व पुलिस टीम ● जागरण

- बाइक चोर गिरोह का किया पर्दाफाश, सीओ ने दी जानकारी
- महुआडीह थाने की पुलिस टीम को मिली सफलता

जासं, देसही देवरिया, देवरियाः महुआडीह थाने की पुलिस टीम ने बाइक चोरी गिरोह में शामिल दो बाल अपचारी समेत चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशानदेही पर चोरी की 11 बाइक बरामद की गई। दोनों आरोपितों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल व दोनों बाल अपचारी को राजकीय संरक्षण गृह गोरखपुर भेजा गया। सीओ नगर श्रीयश त्रिपाठी ने मंगलवार को महुआडीह थाने में आयोजित प्रेसवार्ता में यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि महुआडीह थाने की पुलिस ने सोमवार की रात में रामपुर दुल्लह गांव में नहर के पास दो युवकों व एक किशोर को चोरी की दो बाइक के साथ पकड़ा। दोनों बाइक के चेचिस नंबर खुरच दिए गए थे। सख्ती दिखाने पर बाइक चुराने की बात आरोपितों ने स्वीकार की। साथ ही बताया कि देवरिया शहर से कुछ दिन पूर्व दोनों बाइक चोरी की गई थी। पुलिस ने महुआडीह थानाक्षेत्र के जंगल बेलवा गांव के अविनाश गोंड़ उर्फ केश्वर गोंड़ पुत्र रामबली गोंड़, गौरीबाजार के चरियांव खास गांव के [illegible]श यादव पुत्र लालबचन यादव व बाल अपचारी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित अविनाश की निशानदेही पर उसके घर के समीप छिपाकर रखी गई तीन बाइक पुलिस ने बरामद की, जिसमें एक बाइक एक वर्ष पूर्व देवरिया के सोंदा, दूसरी बाइक महुआडीह व तीसरी बाइक कुछ दिन पूर्व करमहां गांव से चोरी की गई थी। दूसरे आरोपित दुर्गेश यादव की निशानदेही पर उसके घर के समीप से दो बाइक बरामद की गईं, जिसमें एक बाइक बैतालपुर व दूसरी बाइक कुशीनगर के हाटा मदनी मस्जिद के पास से चोरी की गई थी। आरोपितों की निशानदेही पर एक अन्य बाल अपचारी के घर से दो बाइक बरामद की गई। पुलिस टीम ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया। बाइक चोरी के मुकदमे सदर कोतवाली, गौरीबाजार, कुशीनगर के थाना हाटा समेत अन्य थानों में दर्ज है। टीम में महुआडीह थानाध्यक्ष महेंद्र कुमार चतुर्वेदी, उप निरीक्षक धा[illegible] मिश्र आदि शामिल रहे।

# ट्रक मालिक समेत चार पर मारपीट का मुकदमा

**देवरिया :** सदर कोतवाली पुलिस ने ट्रक मालिक समेत चार लोगों के विरुद्ध मारपीट व तोड़फोड़ का मुकदमा दर्ज किया है। सुरौली थानाक्षेत्र के अगेया गांव के रहने वाले छविलाल चौरसिया पुत्र रामसरन ट्रक मालिक हैं। 19 फरवरी की दोपहर करीब 12 बजे ट्रक खड़ा करने को लेकर दूसरे ट्रक मालिक से विवाद हो गया। आरोप है कि दूसरे ट्रक मालिक राकेश नाथ त्रिपाठी, उसके चालक लक्ष्मण व दो अज्ञात ने छविलाल की पिटाई की व बाइक को क्षतिग्रस्त कर दिया। प्रभारी निरीक्षक राहुल कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। (जासं)

# युवक पर कार्रवाई के लिए महिलाओं का प्रदर्शन

**रामपुर कारखाना।** स्थानीय नगर पंचायत के एक वार्ड की दो दर्जन से अधिक महिलाओं और पुरुषों ने मंगलवार को क्षेत्र के एक मनबढ़ पर कार्रवाई की मांग को लेकर रामपुर कारखाना थाना गेट पर प्रदर्शन किया। महिलाओं का आरोप है कि नशे में धुत होकर वह युवक आए दिन मोहल्ले में उत्पात मचाता है। लोगों के साथ मारपीट करता है। वार्ड के सभासद प्रतिनिधि लक्ष्मण जयसवाल, अभिनंदन सिंह, मोनू मद्धेशिया, भगवान मद्धेशिया, राजन शर्मा, जानकी, सुशीला देवी, संगीता देवी, माधुरी देवी, मीना देवी, लक्ष्मी देवी, सोना देवी, शकुंतला, पूनम और मैना देवी ने पुलिस को तहरीर दी। थानाध्यक्ष राजेश कुमार पांडे ने बताया कि मामला संज्ञान में है। जांच के लिए हलका दरोगा को भेजा गया है। संवाद

अमर उजाला दि० 15/03/23

# पुलिसकर्मियों ने दिखाया दमखम

## गोरखपुर जोन की 71वीं अंतर जनपदीय खेल प्रतियोगिता पुलिस लाइन में हुई शुरु

संवाद न्यूज एजेंसी

**देवरिया।** 71वीं गोरखपुर जोन की अंतर जनपदीय पुलिस वालीबॉल, बास्केटबॉल, हैंडबॉल, सेपक टकरा, योगा एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिता का पुलिस लाइन में मंगलवार को शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने विभिन्न जनपदों से संबंधित खेलों की टीमों के परेड की सलामी ली और खिलाड़ियों से परिचय कर इसका शुभारंभ किया।



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते एसपी संकल्प शर्मा। संवाद

पुलिस लाइंस ग्राउंड व स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेले गए मुकाबलों में सेपक टकरा में कुल चार मैच खेले गए। प्रथम मैच देवरिया व महराजगंज के मध्य खेला गया, इसमें देवरिया विजयी रही। दूसरा मैच बस्ती व बहराइच के मध्य खेला गया, जिसमें बहराइच विजयी रहा। तीसरा मैच गोंडा व बलरामपुर के मध्य खेला गया, जिसमें बलरामपुर विजयी रहा। चौथा मैच संतकबीरनगर व सिद्धार्थनगर के मध्य खेला गया, जिसमें संतकबीरनगर ने बाजी मारी। बास्केटबॉल में हुए चार मुकाबलों में प्रथम मैच गोरखपुर व कुशीनगर के मध्य खेला गया। इसमें गोरखपुर विजयी रही। दूसरा मैच संतकबीरनगर व श्रावस्ती के मध्य खेला गया, इसमें संतकबीरनगर विजयी रहा। तीसरा मैच महराजगंज व सिद्धार्थनगर के मध्य खेला गया, जिसमें सिद्धार्थनगर विजयी रहा। चौथा मैच बस्ती व बलरामपुर के मध्य खेला गया, जिसमें बस्ती ने बाजी मारी। वालीबॉल में कुल पांच मैच हुए। इसमें प्रथम मैच देवरिया व महराजगंज के मध्य खेला गया, इसमें देवरिया विजयी रहा। श्रावस्ती व सिद्धार्थनगर के मध्य खेले गए दूसरे मैच में सिद्धार्थनगर विजयी रहा। तीसरा मैच कुशीनगर व बलरामपुर के मध्य खेला गया, इसमें कुशीनगर विजयी रहा। चौथा मैच गोरखपुर व गोंडा के मध्य हुए मैच में गोरखपुर ने बाजी मारी। बहराइच व बस्ती के मध्य खेले गए पांचवें मैच में बहराइच विजयी रहा। हैंडबाल में पहले मुकाबले में बस्ती व संतकबीर नगर को, दूसरे में सिद्धार्थनगर ने गोंडा को, तीसरे में श्रावस्ती ने बलरामपुर को चौथे में देवरिया ने गोरखपुर को हराकर अगले दौर में जगह बनाई। टेबल टेनिस के पहले मैच में कुशीनगर के मध्य खेला गया कुशीनगर ने गोंडा को, दूसरे मैच में देवरिया ने बहराइच को, तीसरे में सिद्धार्थनगर ने गोरखपुर को, चौथे में संतकबीरनगर ने श्रावस्ती को, पांचवें में महराजगंज ने बलरामपुर को पराजित कर अगले दौर में जगह बनाई।

# KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 15-03-2023

# दुराचार के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**हाटा।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की निवासी युवती के साथ दुराचार करने वाले आरोपी को पुलिस ने मंगलवार को ढाढा चौराहे से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कोतवाल निर्भय कुमार सिंह ने बताया कि बीट के दारोगा ओमप्रकाश गुप्त अपने हमराही सिपाहियों राजकुमार और हरिअनुग्रह सिंह के साथ क्षेत्र में भ्रमणशील थे। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# पुलिस ने वारंटी को दबोचा

**हाटा।** अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में मंगलवार को हाटा कोतवाली पुलिस ने वारंटी हरिराम सिंह पुत्र रामाश्रय सिंह निवासी झांगा बाजार को उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक आशीष कुमार, कांस्टेबल मनोज यादव, अजीत यादव प्रथम शामिल रहे।

# 30 पेटी देशी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**तमकुहीराज।** स्थानीय थाने की पुलिस ने थानाक्षेत्र के डिबनी बाजार से एक बोलोरो पर लादकर तस्करी के लिए बिहार भेजे जा रही 30 पेटी देशी शराब बरामद किया है। मामले में मुकामी पुलिस एक आरोपी को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की कारवाई में जुटी हुई है। मंगलवार को थानाध्यक्ष तमकुहीराज को जरिए मुखबिर सूचना मिली कि एक बोलोरो पर देशी शराब की खेप लेकर एक शराब तस्कर बिहार ले जाने के फिराक में है।

# चेकिंग कर पुलिस ने ली संदिग्धों की तलाशी

**विशुनपुरा।** अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए मंगलवार की दोपहर बाद जटहां बाजार पुलिस ने वाहन चेकिंग का अभियान चलाया तो वाहन वामियों में हड़कंप मच गया। इस दौरान पुलिस ने संदिग्धों की भी तलाशी ली। एसपी धवल जायसवाल के निर्देश पर दोपहर बाद जटहां बाजार में थानाध्यक्ष राजकुमार बरवार व मंसाछापर डूमरी मार्ग के पांच मोड़वा पर मंसाछापर चौकी प्रभारी उमेश यादव व एसआई रणविजय सिंह ने हमराहियों के साथ सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया।

# स्कॉर्पियो पर लगा एके 47 प्रोटेक्टेड का पोस्टर

**कुशीनगर।** जिले की एक स्कॉर्पियो पर पीछे से एके 47 प्रोटेक्टेड का पोस्टर लगाया गया है। किसी ने गाड़ी की फोटो के साथ यूपी पुलिस को ट्वीट कर इसकी शिकायत की है और पूछा है कि क्या यह सही है। क्या इन्हें पुलिस की कोई जरूरत नहीं है। एसपी ने जिले की पुलिस को सत्यापन के बाद कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

अनुभव श्रीनेत के ट्विटल हैंडल से पुलिस पुलिस को पोस्टर लगे फोटो के साथ ट्वीट कर जानकारी दी गयी है। पोस्टर पर नीचे वी डोंट कॉल 911 भी लिखा हुआ है। इस नंबर का इस्तेमाल अर्जेंटीना, ब्राजील, जार्डन, कनाडा आदि कई देशों में इमरजेंसी हेल्पलाइन नंबर के रूप में होता है।

# युवक पर छेड़खानी का आरोप, केस दर्ज

हाटा/ढाढली। महिला ने उसी वार्ड के युवक पर छेड़खानी करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई के लिए हाटा कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस कार्रवाई में जुटी हुई है।

पीड़ित महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके पति बाहर रहते हैं। वह और उसकी सास घर पर रहती हैं। आरोपी धर्मेंद्र सिंह कई महीनों से उसे गलत नजर से देख रहा था। बीते 20 फरवरी की देर शाम उसे अकेली देखकर गलत नियत से पकड़ लिया अश्लील हरकत करने लगा।

# खोटही के युवक की मध्यप्रदेश के नर्वदा में मिली लाश

**लक्ष्मीगंज।** रामकोला थाना क्षेत्र के ग्राम रामबर निवासी युवक रोजी रोटी के लिए चेन्नई कमाने गया था। उसने अपने परिजनों से दूरभाष पर कहा की वह घर आने के लिए 10 मार्च को ट्रेन पर बैठ जाएगा। उसकी लाश संदिग्ध परिस्थितियों में मध्य प्रदेश के जिला नर्मदा स्थित थाना जीआरडी में मिली। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पॉकेट में रखे आधार कार्ड से उसकी पहचान पवन निवासी खोटही थाना रामकोला कुशीनगर के रूप में की।

## बोलेरो से 30 पेटी देसी शराब बरामद, एक गिरफ्तार

तमकुहीराज :क्षेत्र के डिबनी बाजार के समीप मंगलवार को तमकुहीराज पुलिस ने बोलेरो से 30 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद कर एक तस्कर को गिरफ्तार किया। तस्कर की पहचान लवकुश यादव निवासी रकबा राजा थाना पट्हेरवा के रूप में हुई। बरामद शराब की कीमत ढाई लाख रुपये बताई जा रही। एसएचओ नीरज कुमार राय ने बताया कि पुलिस टीम शाम को बिहार बार्डर से सटे इलाके में गशत पर थी। डिबनी बाजार के समीप शक होने पर बोलेरो को रोक पुलिसकर्मियों ने तलाशी ली तो उसमें 30 पेटी देसी शराब मिली। चालक को पकड़ पूछताछ की गई तो उसने बताया कि शराब की खेप गोंडा से लेकर बिहार के गोपालगंज जा रहा था। मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। टीम में निरीक्षक अपराध अरविंद यादव, विवेक तिवारी आदि शामिल रहे।

# सुगम यातायात के लिए पुलिस अधीक्षक ने दिए निर्देश

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** एसपी धवल जायसवाल ने कहा कि शहर में व्यावसायिक वाहनों की नो इंट्री के समय में कोई बदलाव नहीं होगा। शहर में दिन में प्रवेश करने वाले प्रतिबंधित वाहन जब्त होंगे। यातायात निरीक्षक व कर्मी जब्त वाहनों को तत्काल सीजर काट फाइन वसूलने का कार्य करें। उन्होंने वाहन चेकिंग लगातार स्पाट बदल कर करने का भी निर्देश दिया।

वे मंगलवार को अपने कार्यालय में यातायात पुलिसकर्मियों को संबोधित कर रहे थे। एसपी ने कहा कि यातायात व्यवस्था को सुगम तथा सुव्यवस्थित बनाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएं। प्रतिबंधित वाहनों के नो इंट्री क्षेत्र में प्रवेश करने पर सख्त कदम उठाएं। शहर के सभी महत्वपूर्ण स्थलों पर यातायात कर्मियों को अनिवार्य रूप से तैनात किया जाए। कप्तान ने कहा कि स्थान बदल कर वाहन व ओवरलोड की जांच करें। ताकि गलत करने वाले कार्रवाई से बच न पाएं और वाहन चालकों में इसका सख्त संदेश जाए। कहा कि नो इंट्री क्षेत्र के लिए निर्धारित समय में कोई बदलाव नहीं होगा।



यातायात व्यवस्था को सुदृढ बनाने के लिए अपने कार्यालय मे यातायात कर्मियो को निर्देश देते एसपी धवल जायसवाल दाएं पहले • जागरण

अगर प्रतिबंधित वाहन चलते मिलें तो इन वाहनों के जब्त करने की कार्रवाई की जाए। कहा कि वाहन चालकों को जागरूक करने का भी कार्य करें। पडरौना, कसया सहित अन्य शहरों में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए यातायात कर्मी विशेष रुप से सक्रिय रहें। यातायात निरीक्षक सत्य सान्याल शर्मा, पीआरओ भुपेंद्र कुमार दुबे सहित यातायात कर्मी मौजूद रहे।

# पुलिस ने की वाहनों की चेकिंग, दी चेतावनी

**मंसाछापर :** जटहां बाजार थानाध्यक्ष राजकुमार बरवार के नेतृत्व में मंगलवार को पुलिस टीम की ओर से वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान बाइक और कार के कागजात की जांच की गई। बाइक चालकों को हेलमेट और कार चालकों को सीट बेल्ट लगाए जाने को कहा गया। दोपहर बाद थानाध्यक्ष के नेतृत्व में मंसाछापर-झुमरी सड़क के पांचमोड़वा पर चौकी प्रभारी उमेश यादव व एसआइ रणविजय सिंह ने वाहनों की चेकिंग की। किन्नरपट्टी बाजार, पड़री पिपरपाती, चिरगोड़ा आदि स्थानों पर भी अभियान चलाया गया। (जासं)

# तोड़फोड़ के मामले में चार नामजद

**जासं, पटहेरवा :** चौराखास के गांव सरैया महंथपट्टी निवासी एक व्यक्ति ने पड़ोसियों पर जबरिया भूमि पर कब्जा करने से मना करने पर मारपीट व तोड़फोड़ का आरोप लगाते हुए चार व्यक्तियों के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। घटना बीते 27 फरवरी की है। पीड़ित हरेंद्र कुमार गुप्ता ने पुलिस को दिए तहरीर में लिखा है कि पुश्तैनी भूमि की बाउंड्री हो चुका है, जिस पर दूसरे पक्ष से रामवृक्ष गुप्ता, बनारसी गुप्ता, दुर्गेश गुप्ता व अमित भूमि पर जबरिया निर्माण कराने लगे। वहां मौजूद चाची ने इसका विरोध किया तो मारने-पीटने लगे। शोर सुनकर जब वह भी घटनास्थल पर पहुंचा तो उसे भी मारापीटा। भागकर घर में घुसा तो वहां भी पिटाई की और घर का सामान तोड़फोड़ कर नष्ट कर दिया। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार मिश्र ने बताया कि चारों के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज कर अगली कार्रवाई की जा रही है।

# मध्यप्रदेश में मिला खोटही के युवक का शव

रामकोला। स्थानीय थाना क्षेत्र के खोटही रामबर निवासी पवन (28) का शव मध्य प्रदेश के नर्मदा जिले के जीआरडी थाना क्षेत्र में मिला है। तमिलनाडु में काम करने वाले पवन 10 मार्च को ट्रेन में सवार होकर घर के लिए रवाना हुए थे। शव मिलने की सूचना पुलिस ने दी। इसके बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों ने आशंका जताई है कि पवन जहरखुरानी के शिकार हो गए। खोटही रामबर निवासी पवन आठ साल से तमिलनाडु में रहकर कमाते थे। 10 मार्च को उन्होंने घर पर कॉल करके बताया कि वह ट्रेन पकड़ चुके हैं। मंगलवार को उनका शव मिलने की सूचना परिजनों को मिली तो दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। घर में कोहराम मच गया। संवाद

# अब नदी के रास्ते शराब की तस्करी

**जासं, सिसवा नाहर :** यूपी से बिहार में शराब तस्करी के लिए तस्करों ने पैंतरा बदल लिया है। अब नदी के रास्ते शराब की तस्करी हो रही है। माफिया बेरोजगार युवकों को शराब की खेप पहुंचाने के बदले मजदूरी के रूप में दो से तीन सौ रुपये की अदायगी कर रहे हैं। पुलिस अनजान बनी हुई है। क्षेत्र के युवक पहले देश के विभिन्न हिस्सों में रोजगार के लिए जाते थे, लेकिन जबसे पड़ोसी राज्य बिहार में शराब बंदी लागू हुई है, तब से तरयासुजान क्षेत्र के बेरोजगार युवक माफिया के चंगुल में फंसकर विभिन्न संसाधनों से शराब की खेप बिहार पहुंचाने को रोजगार बना लिए हैं। युवक जल मार्ग से बेरोकटोक शराब बिहार के गोपालगंज जनपद के उत्तरी हिस्सों में पहुंचा रहे हैं। शाम होते ही नारायणी नदी के किनारे एपी बांध के अहिरौलीदान, रामपुर बंगरा, बाघाचौर, नोनिया पट्टी में शराब तस्करों का जमावड़ा हो जाता है। रैकेट में शामिल युवा सुबह होते ही इस कार्य में लग जाते हैं। पहले छिपाई गई शराब नारायणी नदी में लगी नाव में भर दी जाती है, फिर नाव बिहार चली जाती है। बिहार पहुंचते ही इंतजार कर रहे धंधेबाज शराब की खरीदारी कर लेते हैं। शराब बिहार के डुमरिया घाट तक जाती है। पुलिस क्षेत्राधिकारी तमकुहीराज जितेंद्र सिंह कालरा ने कहा कि जल मार्ग से हो रही तस्करी पर हर हाल में अंकुश लगाया जाएगा। जल्द कार्रवाई होगी।

# कार सवार महिला के साथ युवकों ने किया दुर्व्यवहार

**गोबरही :** कसया के भठही बाबू में सोमवार की रात कुछ युवकों ने कार सवार महिला के साथ दुर्व्यवहार किया। कसया के नकहनी निवासी दुर्गेश राय व शैलेश राय अपनी बहन के साथ कार से रामकोला जा रहे थे। आरोप है कि रात 10 बजे भठहीं बाबू गांव में पहुंचे तो कुछ युवक उन्हें रुकने का इशारा किए। वह नहीं रुके तो मोटरसाइकिल से ओवरटेक कर घेर लिए। उनके साथ मारपीट की तो बहन के साथ दुर्व्यवहार भी किया। (जासं)

# खेत से सिंचाई की पाइप ले जाने पर पिटाई, मुकदमा

**पटहेरवा :** चौराखास के गांव आराजी कोटवा में सिंचाई हेतु पाइप खेत के रास्ते ले जाने से नाराज होकर किसान समेत चार को पीटने के मामले में पुलिस गांव के ही चोर लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। घटना बीते आठ मार्च की है। मुनीब द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में कहा गया है कि वह खेत की सिंचाई करने के लिए गांव के ही इब्राहिम की खेत के रास्ते पाइप ले गए थे। इससे नाराज इब्राहिम, मैनुद्दीन, जैनुद्दीन व सलाउद्दीन मारने पीटने लगे। बीच बचाव करने आ पुत्र इनताफ, सद्दाम व सगीर को भी पीट कर लहूलुहान कर दिए। (जासं)

# 10 लाख की चरस के साथ तस्कर गिरफ्तार

**हाटा :** कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को नगर स्थित बंचरा मंदिर के पास चरस के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया। उसके पास से एक चाकू भी बरामद हुआ। उसकी पहचान रामू निवासी अंध्या मल्लूडीह थाना कसया के रूप में हुई। बरामद चरस की कीमत 10 लाख रुपये बताई जा रही है। दारोगा अनुराग यादव टीम संग बैंक चेकिंग कर रहे थे। सूचना मिली कि मादक पदार्थ का तस्कर नगर की तरफ आ रहा है। टीम ने बंचरा देवी स्थान के समीप चेकिंग शुरू कर दी। इस बीच पैदल आए युवक को रोक पुलिस ने तलाशी ली तो उसके पास प्लास्टिक की थैली में चरस मिला। चरस की मात्रा 116 ग्राम पाई गई। पुलिस मामला दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई। टीम में हेकां.रणविजय सिंह, कां.अशोक प्रजापति, अजीत सिंह शामिल रहे। (जासं)

# आश्वासन पर माने स्वजन, पुलिस की मौजूदगी में अंतिम संस्कार

- होली के दिन मारपीट में गंभीर रूप से हुए थे घायल
- गोरखपुर मेडिकल कालेज में उपचार के दौरान हुई मृत्यु

**जासं, कसयाः** केशवनगर गोपालगढ़ में मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तत्काल गिरफ्तारी करने के बाद अंतिम संस्कार करने की जिद पर अड़े स्वजन मंगलवार की दोपहर मान गए। तहसीलदार मांधाता प्रताप सिंह, सीओ कुंदन सिंह व प्रभारी निरीक्षक डा. आशुतोष तिवारी ने स्वजन से कई दौर में वार्ता की। मामले में तत्काल गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर 24 घंटे में गिरफ्तारी का आश्वासन दिया तो वे माने। पुलिस की मौजूदगी अंतिम संस्कार हुआ।

होली के दिन आठ मार्च को 10 बजे सुबह मारपीट की घटना में रामानंद व श्रीप्रकाश जो सगे भाई हैं, गंभीर रूप से घायल हो गए। कसया सीएचसी के चिकित्सकों के रेफर किए जाने के बाद उन्हें गोरखपुर मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। सोमवार की शाम रामानंद की मृत्यु हो गई। पुलिस ने घटना के दिन ही रामानंद की बहू रीता देवी की तहरीर पर कन्हैया, रमेश शर्मा, उमेश, इवाली उर्फ बाली, रामबढ़ई, निकेश उर्फ भोला, अखिलेश शर्मा व गुंजन, निशा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया था। शव लेकर घर पहुंचे स्वजन पुलिस पर निष्क्रियता का आरोप लगाते हुए अंतिम संस्कार रोक दिए। आरोप है कि घटना के चार दिन बाद भी किसी आरोपित को पुलिस गिरफ्तार नहीं की। सुबह सीओ व तहसीलदार मौके पर पहुंचे तो उन्हें स्वजन का आक्रोश झेलना पड़ा। उन्होंने आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए 24 घंटे का समय मांगा तो स्वजन मान गए। सीओ सिंह ने बताया कि मामले में धारा 304 बढ़ा दी गई है। शीघ्र ही आरोपित गिरफ्तार कर लिए जाएंगे।



गोपालगढ़ में रामानंद की बहू रीता देवी से वार्ता करते सीओ कुंदन सिंह बाएं पहले ● जागरण

# एएसपी ने ली परेड की सलामी

## मानसिक व शारीरिक रूप से फिट रहने के लिए नियमित योग जरूरी

जासं, पडरौनाः एएसपी रितेश कुमार सिंह ने मंगलवार को परेड की सलामी ली। मानसिक व शारीरिक रूप से फिट रहने के लिए सिपाहियों की दौड़ कराई। नियमित योग, ध्यान करने तथा बेहतर टर्न आउट के निर्देश दिए। पुलिस लाइन स्थित कार्यालयों का निरीक्षण कर अभिलेखों के बेहतर रख-रखाव को कहा।

- पुलिस लाइन स्थित कार्यालयों का भी किया निरीक्षण
- अनुशासन पुलिस विभाग की रीढ़ बताया, सफाई पर जोर



पुलिस लाइन में परेड की सलामी लेते एसएसपी रितेश कुमार सिंह बाएं पहले • जागरण

परेड के दौरान आरआई रूपेश कुमार व पुलिसकर्मियों ने एएसपी को सलामी दी। पुलिसकर्मी शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहे, इसलिए एएसपी ने उन्हें आवश्यक निर्देश दिए। कहा कि परेड में शामिल होने के पूर्व पुलिसकर्मी आवश्यक बातों का पूरा ख्याल रखें। वर्दी साफ-सुथरी हो। अनुशासन पुलिस विभाग की रीढ़ है। इसे बनाए रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। परेड के दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वाले पुलिसकर्मियों को शाबासी दी। एएसपी ने लाइन स्थित कंट्रोल रूम, आवासीय परिसर कार्यालय का निरीक्षण किया। अभिलेखों के बेहतर रख-रखाव के निर्देश दिए। पुलिस लाइन के अलावा जनपद के सभी थानों में भी परेड का आयोजन किया गया। निरीक्षण के दौरान आरआइ रूपेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

तमकुहीराज। स्थानीय थाना क्षेत्र के डिबनी बाजार से बोलेरा में लदी शराब के साथ एक व्यक्ति को पुलिस ने पकड़ लिया। सीओ जितेंद्र सिंह कालरा ने बताया कि मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर तमकुहीराज पुलिस ने डिबनी बाजार स्थित एक व्यक्ति के मकान के समीप बोलेरो में रखी शराब के साथ एक व्यक्ति को पकड़ा। उसकी पहचान पटहेरवा थाना क्षेत्र के रकबा राजा निवासी लवकुश यादव के रूप में हुई। उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई की जा रही है। संवाद

# किन्नर ने 11 पर छेड़खानी व लूट का केस दर्ज कराया

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** बिहार की एक किन्नर से मारपीट करने के मामले में कोतवाली पुलिस ने 11 लोगों पर छेड़खानी करने, पीटकर सोने की चेन लूटने का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज किया है। सोमवार को रुपये के लेनदेन के लिए हुए विवाद में कुछ लोगों ने किन्नर के साथ मारपीट की। इस मामले में तीन आरोपियों को पकड़कर पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से उनको जेल भेज दिया गया।

बिहार, पश्चिमी चंपारण के बगहा नंबर एक गांव की किन्नर ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। बताया कि 13 मार्च की दोपहर दो बजे वह अपने वाहन चालक के साथ छावनी मोहल्ले में रहने वाले जफर इकबाल के पिता सिराजुद्दीन से अपना पैसा मांगने गई थीं। तभी बातचीत के दौरान रेयाज, इमरान, इरफान पुत्रगण सिराजुद्दीन ने

## तीन आरोपी गिरफ्तार, रुपये के लेनदेन के लिए हुआ था विवाद

उसके साथ छेड़खानी की। विरोध करने पर सेराजुद्दीन, मेंहदी हसन, आफताब आलम, ऐनुल हसन, सरफराज, परवेज, तबरेज, सोनू ने अपशब्द कहते हुए हमला कर दिया। उसकी और उसके ड्राइवर की पिटाई की।

इस दौरान उसके गले से सोने की चेन भी गायब हो गई। तहरीर के आधार पुलिस ने आरोपियों पर मारपीट, जानमाल की धमकी देने, चेन लूटने और छेड़छाड़ के आरोप में मुकदमा दर्ज किया। इस मामले में इमरान, इरफान और सरफराज को गिरफ्तार करके पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। कोतवाल राज प्रकाश सिंह ने बताया कि तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य की तलाश की जा रही है।

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 15-03-2023

# घटना के 22 माह बाद मछली मारते समय पोखरी से निकला कंकाल

**बागापार(महराजगंज)(एसएनबी)।** कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बागापार टोला बरईठवा निवासी सुरेश का 4 वर्षीय बेटा 9 जून 2021 को पट्टीदारों के घर मुंडन संस्कार में रात के समय भोजन करने के बाद वही से गायब हो गया था। पुलिस नेशव को बरामद करने के लिए काफी प्रयास किया लेकिन पुलिस के हाथ पांव 22 महीने खाली रहा । 13 मार्च 2023 को गांव के कुछ लोग पीड़ित के घर से उत्तर स्थित पोखरी में मछली मार रहे थे । इसी दौरान बच्चे का कंकाल पोखरी में मिला जिसे मछली मार रहे एक गूंगे व्यक्ति द्वारा भय से कीचड़ में दबाया जा रहा था । इसी दौरान बगल के रहने वाले कोइल की लड़की ने देख लिया और कंकाल की मिलने की सूचना पीड़ित के घर वालो कोदी ।

पीड़ित के परिजन मौके पर पहुच कर कंकाल को देखा और परिजन रोने लगे और इसकी सूचना बागापार चौकी पर दी । सूचना मिलते ही हे. का. कृष्ण कुमार सिंह,का.विवेक पाण्डेय मौके पर पहुच कर कंकाल मिलने की पुष्टी करते हुए इसकी सूचना कोतवाली प्रभारी को दी । सूचना मिलते ही ईस्पेकर रवि कुमार राय ,नगर चौकी प्रभारी अजीत कुमार सिंह,अपने सहयोगियों के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर मौके से बच्चे का कंकाल पोखरी से बरामद किया।



बागापार बरईठवा स्थित पोखरे में कंकाल खोजते परिजन व मौके पर पुलिस फोर्स।

साथ ही कंकाल को अपने कब्जे में लेकर डी एन ए परीक्षण के लिए भेज दिया। कंकाल मिलने की सूचना पर ग्राम प्रधान विवेक प्रताप सिंह,पीड़ित के नात रिस्तेदारो व शुभ चिंत को सहित भारी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ लगी रही । इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी रवि कुमार राय से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि मंगलवार को पीड़ित के घर के उत्तर तरफ पोखरी से ग्रामीणों द्वारा मछली मारते समय बच्चे का कंकाल मिला है । घटना की पुष्टी करने के लिए पुलिस ने कंकाल को अपने कब्जे में लेकर डी एन ए परीक्षण के लिए भेज दिया। पुष्टी होने पर किसी भी दशा में हत्यारो को बक्सा नही जाएगा। हत्यारो को जेल के सलाखों के पीछे अति शीघ्र भेज दिया जाएगा।

फिलहाल पुलिस कंकाल मिलनेकेबाद तोदावेंकर रही हैलेकिन घटना के22 महिना बीत जानेकेबाद क्या पुलिस इस घटना का खुलासा करनेकेलिए कितना प्रयास की यह पुलिस की निष्क्रियता का परिणाम हैकी अबतक तोपता नहीं कर पाईतोअब हत्यारों को कैसेपकड पायेगी । यह पुलिस की संवेदनहीनता केलिए काफी है। इतना जरुर है की पुलिस इसके पीछे दर्जनों लोंगों को उठायेगी और उनसेधन वसूलेगी लेकिन असली हत्यारेंतक शायद नहीं पहुंच पायेगी और बाद में बच्चे की हत्या को दुसरे तरफ मोड दिया जायेगा ।

# राष्ट्र की सुरक्षा सबका कर्तव्य : आईजी

## आपरेशन त्रीनेत्र व कवच के तहत 40 लोगों को आईजी व एसपी ने किया सम्मानित

**कोल्हुई बाजार (एसएनबी)।** आपरेशन कवच व त्रिनेत्र के तहत आयोजित कार्यक्रम आयोजित के मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक गोरखपुर जे.रविन्द्र गौड़ रहे जबकि विशिष्ट अतिथि एसपी डा.कौस्तुभ रहे। कार्यक्रम में जहां देश की सुरक्षा को लेकर लोगों को जागरुक किया गया। वही 40 सुरक्षा समितियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। आईजी गोरखपुर जे.रविन्द्र गौड़ ने कहा कि राष्ट्र की सुरक्षा सबका कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि आपरेशान कवच व त्रिनेत्र के तहत बार्डर के 196 गांव में ग्राम सुरक्षा समिति बनायी गयी है। आईजी ने एसएसबी के अधिकारियों व जवानों का जमकर प्रशंसा किया। उन्होंने कहा कि भारत नेपाल की खुली सीमा पर ग्राम सुरक्षा समिति को कवच की तरह काम करना है और राष्ट्र के लिए सर्मपित होना है। तभी लोग सुरक्षित रहेंगे। उन्होंने कहा किकोई भी संदेह होता है तो तत्काल सुरक्षा समिति के लोग पुलिस,एसएसबी व अधिकारियों को सूचित करें।



कोल्हुई बाजार में आईजी गोरखपुर को बुद्ध की प्रतिभा भेट करते एसपी महराजगंज व एसएसबी कमांडेंट।

पुलिस अधीक्षक डा.कौस्तुभ ने कहा कि बार्डर की सुरक्षा में ग्राम सुरक्षा समिति की भूमिका प्रमुख है। उन्होंने कहा कि बार्डर के आस-पास व जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगने से सुरक्षा की दृष्टि से बहुत अच्छे कार्य हुए है। भारत-नेपाल की खुली सीमा पर कई सुरक्षा एजेंसिया काम कर रही है। जिसमें ग्राम सुरक्षा समिति को भी जोड़ा गया है। कार्यक्रम के दौरान बार्डर के चौराहों पर 15 लोगों को कैमरा स्थापित कराने तथा 25 गांव के सुरक्षा समिति के लोगों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। आईजी गोरखपुर व एसपी महराजगंज ने एसओ कोल्हुई महेन्द्र यादव को अच्छे कार्य करने के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही चौकीदारो को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आईजी गोरखपुर को एसपी महराजगंज समेत कई अधिकारी ने भगवान बुद्ध की प्रतिमा भेट किया। संचालन एडीशनल एसपी आतिश कुमार सिंह ने किया।

इस दौरान सीओ फरेन्दा, कोमल प्रसाद मिश्र, एसओ कोल्हुई महेन्द्र यादव, सीओ नौतनवां, जितेन्द्र सिंह सोलंकी, मनोज सिंह, अनिल मिश्रा, मधुर सिंह,22वीं वाहिनी कमांडेंट मनीष सिंह मीना, 66वीं वाहिनी कमांडेंट वरुण कुमार, असिस्टेंट कमांडेंट सुबीर घोष, जाकिर अली, रामकेश प्रजापति,श्रीराम जायसवाल, प्रिंस जायसवाल, आशा देवी, एसआई शाकिर सिन्दर अली, संतोष कुमार,संदीप यादव, रामरतन यादव, जयप्रकाश समेत फरेन्दा नौतनवां सर्किल के सभी थानों के एसओ व प्रभारी निरीक्षक मौजूद रहे।

# तांबे का कटोरा व खंडित मूर्तियां मिलीं




लक्ष्मीपुर, हिन्दुस्तान संवाद। क्षेत्र के बनर्सिहा कला गौतम बुद्ध के ननिहाल देवदह के इतिहास को पता करने के लिए पुरातत्व विभाग द्वारा कराए जा रहे उत्खनन में मंगलवार को तांबे का एक कटोरा व कुछ खंडित मुर्तियां मिलीं। तांबे के कटोरा को पुरातत्व विभाग ने संरक्षित करा दिया।

देवदह में 23 फरवरी से राजमहल में संरक्षित भूमि पर पुरातत्व व उत्खनन विभाग खुदाई कार्य करा रहे है। जैसे-जैसे खुदाई गहरी होती जा रही है वैसे-वैसे मिट्टी में दबे इतिहास सामने आ रहे हैं। उन्नीसवें दिन मंगलवार को ताम्र कटोरा, मिट्टी के खंडित वर्तन, मानव व जानवर की मूर्तियां, ईंट, पत्थर, दीवार व सुराही सहित अनेक वस्तुएं मिली हैं। पुरातत्वविदों का कहना है कि उत्खनन में मिले सभी वस्तुएं 2000 वर्ष पुराना कुषाणकालीन युग के होने का अनुमान है।



बनर्सिहा कला के देवदह में मंगलवार को पुरातत्व विभाग ने अपनी देखरेख में उत्खनन कराया।। ● हिन्दुस्तान

संरक्षित भूमि के 16 ब्लाकों में अभी तक 140 सेमी तक उत्खनन हुआ है। जैसे जैसे उत्खनन बढ़ रहा है। उत्खनन में मिल रहे अवशेष को संरक्षित कर टैगिंग किया जा रहा है। राज्य उत्खनन व अन्वेषण अधिकारी रामविनय ने बताया कि मूर्ति, तांबे का कटोरा, खंडित मानव व जानवर आदि टेराकोटा की मूर्ति मिली है। जिन्हें संरक्षित किया गया है। जांच के लिए भेजा जाएगा।

# भारत-नेपाल सीमा से अवैध दवाएं बरामद

सोनौली। भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र की पगडंडियों पर मंगलवार की सुबह एसएसबी और सोनौली पुलिस ने गस्त के दौरान भारत से नेपाल जाने के दौरान एक बाइक सवार युवक के पास अवैध दवाएं बरामद कर उसे सीज कर दिया। कोतवाल अभिषेक सिंह ने बताया कि इंदल चौधरी निवासी मधुबनी थाना चौक महराजगंज के पास बिना बिल विजक के भारी मात्रा में मेडिसिन बरामद हुई है।

आईजी गोरखपुर रेंज ने सात थाना क्षेत्र के 196 ग्राम सुरक्षा समिति के पदाधिकारियों के साथ बैठक की

# सीमा पर अब ऑपरेशन कवच से निगरानी

**नेपाल बॉर्डर**

कोल्हुई, हिन्दुस्तान संवाद। नेपाल सीमा से तस्करी व अन्य अपराधों को रोकथाम के लिए अब पुलिस ऑपरेशन कवच से निगरानी करेगी। इसके माध्यम से दूसरे देश से आवागमन करने वालों पर निगरानी के साथ ही अन्य गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी। ऑपरेशन कवच को लेकर मंगलवार को आईजी गोरखपुर रेंज जे.रविन्दर ने कोल्हुई के एक रिजार्ट में नेपाल सीमा से सटे जिले के सात थाना कोल्हुई, नौतनवा ,बरगदवा, निचलौल परसा मलिक, सोनौली व नौतनवा क्षेत्र के 196 ग्राम सुरक्षा समिति के पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण सुझाव दिया। इस दौरान एसपी डॉ. कौस्तुभ के अलावा प्रशासन व एसएसबी के अधिकारी भी मौजूद रहे।

ग्राम सुरक्षा समिति की बैठक को संबोधित करते हुए आईजी रेंज ने कहा कि राष्ट्रहित सर्वोपरि है। भारत-नेपाल की खुली सीमा सुरक्षा के मामले में संवेदनशील है। खुली सीमा का राष्ट्र विरोधी तत्व फायदा उठा सकते हैं। राष्ट्र विरोधी ताकतों से निपटने के लिए ही ऑपरेशन कवच नाम से नई योजना शुरू की जा रही है। ऐसे में ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्य व पदाधिकारी आपस में समन्वय बनाकर सरहदी क्षेत्र की गतिविधियों पर पैनी निगाह रखें। उन्होंने कहा कि खुला सीमा क्षेत्र पुलिस और एसएसबी जवानों के लिए काफी चुनौतीपूर्ण है। अनैतिक गतिविधि में संलिप्त लोगों की पहचान करने में सुरक्षा व जांच एजेंसियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसी वजह से सन 2022 से ग्राम सुरक्षा समिति के गठन का निर्णय लिया गया। बार्डर क्षेत्र के गांवों में गठित ग्राम सुरक्षा समिति पुलिस और एसएसबी जवानों के लिए बहुत उपयोगी है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा समिति के लोगो को अपराधी प्रवृति के लोगो से कतई डरने की जरूरत नही है। पुलिस सदैव आपके साथ खड़ी है। अवैध गतिविधियों पर निगरानी करते हुए सूचनाओं का आदान-प्रदान करें। जिससे प्रभावी ढंग से कार्रवाई हो सके। महानिरीक्षक ने सभी चौकीदारों में साफा वितरित किया। एसपी डॉ. कौस्तुभ ने कहा कि सीमावर्ती 10 किलोमीटर सभी ग्राम पंचायतों में सुरक्षा समितियों का गठन किया जा चुका है। ऑपरेशन कवच के तहत समिति के पदाधिकारी व ग्रामीणों को आवश्यक सुझाव दिया जा रहा है। सभी लोगों के सामूहिक प्रवास से भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर पूरी तरह लगाया जा सकेगा।



मंगलवार को पुलिस महानिरीक्षक जे. रविन्दर ने मंगलवार को कोल्हुई में ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों के साथ बैठक की। • हिन्दुस्तान



भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र के दस किमी सीमावर्ती गांव में गठित सुरक्षा समिति के सदस्य व ग्राम प्रहरी मौजूद रहे। • हिन्दुस्तान

**ऑपरेशनल कार्य पर आईजी ने थानाध्यक्ष को किया सम्मानित:** ऑपरेशनल कार्य के आधार पर पुलिस महानिरीक्षक जे. रविन्दर ने कोल्हुई थानाध्यक्ष महेन्द्र यादव को प्रशंसा चिन्ह(रजत) देकर सम्मानित किया। इसके अलावा ऑपरेशन कवच के तहत ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों द्वारा अच्छा कार्य के लिए ग्राम प्रधानों ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत संभ्रांत लोगों को आईजी ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। एसपी डॉ. कौस्तुभ ने आईजी को मोमेंटो देकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन एडिशनल एसपी आतिश कुमार सिंहने किया। इस मौके पर सीओ कोमल मिश्रा, सूर्यबली, अनुज सिंह, एसएसबी कमांडेंट वरुण कुमार, सहायक कमांडेंट सुबीर घोष, डिप्टी कमांडेंट मनीष, एसओ कोल्हुई अभिषेक सिंह, एसओ नौतनवा सत्य प्रकाश , एसओ पुरन्दरपुर उमेश कुमार, एसओ परसामलिक दिनेश कुमार व श्रीराम जायसवाल, मनोज सिंह, मधुर सिंह, बिल्लू सिंह, रामकेश प्रजापति, पप्पू खान, प्रदीप पांडेय, इसराइल खान, पप्पू यादव आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# नशीले इंजेक्शन के साथ युवक गिरफ्तार

निचलौल। कस्टम अधीक्षक निचलौल रविन्द्र कुमार तिवारी और एसएसबी ढूठीबारी की टीम ने सोमवार की शाम को छितौना गांव के पास एक युवक को बाइक पर लादकर 1420 एम्पुल नशीला इंजेक्शन ले जाते पकड़ लिया था। पकड़ा गया युवक महेंद्र निवासी छितौना बाइक से नेपाल की तरफ विभिन्न प्रकार का नशीला इंजेक्शन लेकर जा रहा था।

# ग्रामीणों को पोखरे से मिलीं मानव हड्डियां, जांच शुरू



बागापार टोला बरईठवा के पोखरे में मानव हड्डियों के मिलने की सूचना पर सर्च ऑपरेशन चलाती पुलिस व ग्रामीण। ● हिन्दुस्तान

झनझनपुर, हिन्दुस्तान संवाद। कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बागापार टोला बरईठवा के एक पोखरे में मछली पकड़ने पकड़ने के दौरान कुछ हड्डियां मिली। इससे सनसनी मच गई। सूचना पर मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने पोखरे में फिर से सर्च ऑपरेशन चलाया। इस दौरान कुछ हड्डियां मिली। कोतवाल रवि कुमार रॉय ने बताया कि हड्डियों को कब्जे में लेकर डीएनए परीक्षण के लिए भेज दिया गया है। डीएनए परीक्षण के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि हड्डियां किसकी है। जांच के बाद ही स्पष्ट रूप से बताया जा सकता है।

हालांकि पोखरे से कई पार्ट में कंकाल

जता रहे हैं कि जून 2021 में चार वर्षीय एक मासूम बच्चा मुंडन संस्कार में गया था। तभी से वह लापता है। प्रकरण में केस दर्ज होने के बाद पुलिस कई बार जांच की। क्राइम ब्रांच भी लगाई गई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। सोमवार को गांव की पोखरी में कुछ लोग मछली पकड़ रहे थे। उसी दौरान कुछ हड्डियां मिली। दिव्यांग युवक ने उसे भय से किचड़ में दबा दिया। कुछ लोग इस घटना को देख शोर मचाए। सूचना पर मंगलवार को कोतवाली पुलिस पोखरे में सर्च ऑपरेशन शुरू कराई। गोताखोरों ने पोखरे के अंदर से कुछ और हड्डियां निकाला। जिसके बाद चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया। कोतवाल रवि कुमार

# समीक्षा बैठक में डीएम ने कई को लगाई फटकार

महराजगंज, निज संवाददाता। डीएम सत्येन्द्र कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को कलक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक हुई। इसमें कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि 220 लक्ष्य के सापेक्ष कुल 211 पंपों का सामग्री वितरण किया जा चुका है। जबकि इनमें 200 पम्प पूरी तरह इंस्टाल किए जा चुके हैं।

डीएम ने पम्प वितरण का कार्य 15 मार्च तक पूरा करते हुए पुराने लाभार्थियों की सूची बनाकर टेलीफोन कालिंग के द्वारा किसानों से पम्पो की वर्तमान दशा की जानकारी लेकर खराब पम्पों की मरम्मत संबंधित फर्म के माध्यम से कराने का निर्देश दिया। उन्होंने इसके लिए एक हेल्पलाइन नम्बर भी जारी करने का निर्देश दिया। उन्होंने किसान सम्मान निधि के ई-केवाईसी का नियमित रूप से पंचायत सहायकों से प्रगति की सूचना लेने का निर्देश दिया। फसल बीमा के भुगतान को लेकर ट्रांजेक्शन फेल होने की दशा में सूची के अनुसार फिर से किसानों के खाते में मुआवजा राशि भेजने की कार्यवाही करने का निर्देश दिया। गोसदन मधवलिया में डीएम ने गोबर गैस प्लांट को इस माह शुरू करने का निर्देश देते हुए गोबर की लकड़ी, गोबर पेंट व वर्मीकमोस्ट मशीन को भी लगवाने का निर्देश दिया। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में आयुष्मान कार्ड निर्माण में गिरावट पर नाराजगी जताते हुए पंचायत सहायकों के माध्यम से आयुष्मान कार्ड निर्माण में तेजी लाने का निर्देश दिया। इसमें आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का सहयोग लेने का भी निर्देश दिया। उन्होंने एनआरसी में क्षमता से कम कुपोषित बच्चों के भर्ती होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए एनआरसी के शत-प्रतिशत क्षमता से कार्य करने तक एनआरसी प्रभारी का वेतन बाधित करने का निर्देश सीएमएस को दिया। दिव्यांग बच्चों के निवारण के लिए जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी को कार्ययोजना बनाकर कार्यवाही का निर्देश दिया। बैठक में सीडीओ संतोष कुमार, जिला विकास अधिकारी राकेश कुमार पांडेय, डीएसटीओ अजय श्रीवास्तव, एआर कोआपरेटिव शवींद्र सिंह, जिला कृषि अधिकारी वीरेंद्र कुमार, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी शांत प्रकाश, डीसी त्रिपाठी आदि रहे।



समीक्षा बैठक करते डीएम सत्येन्द्र कुमार व मौजूद अधिकारी। • हिन्दुस्तान

## डीएम ने सेरेमनी को लेकर निवेशकों से चर्चा की

महराजगंज। डीएम सत्येंद्र कुमार ने मंगलवार को अगस्त-सितंबर में प्रस्तावित प्रथम ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी को लेकर निवेशकों से चर्चा की। इस दौरान डीएम ने एमओयू होने के उपरांत प्रस्ताव पर कार्य पूर्ण करने वाले उद्यमियों से चर्चा की। डीएम ने कहा कि उद्यमियों को डीपीआर के साथ सब्सिडी को लेकर भी आवेदन करना होगा। ताकि योजना के तहत मिलने वाले लाभ मिल सकें। इस दौरान डीएम ने गुडविल फर्नीचर के जरिए घुघली में बनाये जा रहे पूर्वांचल के सबसे बड़े रिजॉर्ट के लिए बधाई भी दिया। कहा कि उद्यमी किसी राष्ट्र के वेल्थ-क्रियेटर होते हैं। उपायुक्त उद्योग अभिषेक प्रियदर्शी ने बताया कि जनपद में कुल 11 प्रस्तावों पर कार्य पूर्ण किया जा चुका है। जिनकी लागत 31.8 करोड़ रुपये है। इनके माध्यम से 277 रोजगार सृजित होंगे। उपायुक्त ने बताया कि 13 प्रस्ताव 33 करोड़ के बैंक स्तर पर लोन की स्वीकृति को लेकर लंबित हैं।

# अवैध चिरान का सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

नौतनवा। थाना क्षेत्र में जंगल किनारे बसे गांव में जंगल की लकड़ियों का अवैध कटान एव उन लकड़ियों को आरा से चिरान करने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर मंगलवार को वायरल होने लगा। इस मामले में ग्राम पंचायत कजरी निवासी श्रीराम ने पुलिस को तहरीर देकर कुछ नामजद व्यक्तियों पर अवैध कारोबार का आरोप लगाया है।

# दुष्कर्म के मामले में केस दर्ज करने की मांग

भैया फरेंदा। थानाक्षेत्र की एक युवती एक युवक के खिलाफ शादी का झांसा देकर यौन संबंध बनाने का आरोप लगाई है। युवक के शादी पर मुकरने के बाद एसपी को शिकायती पत्र देकर केस दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। युवती के आरोप के मुताबिक उसके गांव का ही एक युवक दो साल से शारीरिक संबंध बनाता रहा।

# बौद्ध भिक्षुओं का दल नेपाल रवाना

**जासं, सोनौली**: विश्व शांति की कामना को लेकर निकले दक्षिण कोरिया के बौद्ध भिक्षुओं का दल मंगलवार की सुबह नेपाल रवाना हो गया। सोनौली सीमा से उन्हें नेपाल पुलिस अपनी अभिरक्षा में लुंबिनी लेकर रवाना हुई। सुबह करीब सात बजे दक्षिण कोरिया के 108 बौद्ध भिक्षुओं का दल सोनौली आव्रजन कार्यालय पहुचा। जहां ईओ सोनौली राजनाथ यादव ने उनका स्वागत किया।

आव्रजन कार्यालय पर सभी के पासपोर्ट वीजा की जांच के बाद स्थानीय पुलिस के साथ उन्हें नेपाल सीमा तक पहुंचाया गया। बौद्ध गुरु छंग हो सुनिम ने बताया कि भारत कोरिया के संबंध के 50 वर्ष पूरे होने, कोरोना महामारी, प्राकृतिक आपदा से लोगों को राहत एवं विश्व शांति की कामना को लेकर पदयात्रा निकाली गई है। जो सारनाथ से बोध गया, राजगीर नालंदा, वैशाली, कुशीनगर, होते हुए महराजगंज पहुंची है। यहां से चलकर यात्रा लुंबिनी में समाप्त होगी। नायब तहसीलदार सौरभ श्रीवास्तव, कोतवाल अभिषेक सिंह,एएचटीयू प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण यादव चौकी प्रभारी अंकित सिंह मौजूद रहे।

# संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष ध्यान रखें

## आईजी ने एसएसबी समेत ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों के साथ की बैठक

संवाद न्यूज एजेंसी

**फरेंदा।** गांव में कोई भी अपरिचित व्यक्ति लगातार किसी जगह पर रह रहा हो तो उसकी गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया जाय। अगर पर देशविरोधी गतिविधि कर रहा हो तो उसकी जानकारी पुलिस व हलका प्रभारी व बीओपी को दें।

ये बातें पुलिस महानिरीक्षक गोरखपुर जे. रविंद्र गौड़ ने फरेंदा सर्किल के कोल्हुई स्थित एक होटल में ऑपरेशन कवच के तहत भारत-नेपाल बार्डर क्षेत्र की ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों और एसएसबी व पुलिस के साथ बैठक के दौरान कहीं।

पुलिस महानिरीक्षक ने शासन की मंशा के अनुसार आपरेशन कवच के तहत भारत नेपाल सीमा क्षेत्र के 10 किलोमीटर के अंदर आने वाले ग्रामीणों को सीमा सुरक्षा से जोड़ने के लिए ग्राम सुरक्षा समिति सदस्यों को उनके कर्तव्यों के बारे में बताया। आपरेशन कवच के तहत सुरक्षा समिति के सदस्यों द्वारा अच्छा कार्य करने वाले ग्राम प्रधानों व आपरेशन त्रिनेत्र के तहत कैमरा लगवाने वाले संभ्रांत व्यक्तियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। ग्राम चौकीदारों को साफा देकर उनका मनोबल बढ़ाया।



**ग्राम चौकीदारों को साफा देते पुलिस महानिरीक्षक जे.रविंद्र गौड़।** संवाद

इस दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ, एसएसबी कमांडेंट, सीओ फरेंदा कोमल प्रसाद मिश्र, नौतनवां सीओ व एसएसबी व पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

**कोल्हुई थानाध्यक्ष को मिला प्रशंसा चिन्ह** : कोल्हुई थानाध्यक्ष को आपरेशन कार्य के आधार पर पुलिस महानिदेशक का प्रशंसा चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने आईजी को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

# तालाब में मिला कंकाल का अवशेष, जांच में जुटी पुलिस

**जासं, बागापार :** सदर कोतवाली थाना क्षेत्र के बागापार टोला बरईठवा में मंगलवार को गांव के उत्तर स्थित तालाब में मछली पकड़ रहे कुछ युवकों के हाथ मानव कंकाल का अवशेष लग गया। मछली पकड़ रहे युवकों ने शोर मचाया तो मौके पर सैकड़ों ग्रामीण इकट्ठा हो गए। किसी ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कंकाल के अवशेष कब्जे में लेकर डीएनए परीक्षण के लिए सुरक्षित कर लिया।

सदर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक रवि राय ने बताया कि गांव के कुछ युवक मछली पकड़ रहे थे। इसी दौरान कंकाल का कुछ अवशेष उनके हाथ लग गया। इसकी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच कर मामले की जांच की गई। कंकाल का नमूना डीएनए परीक्षण के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला हैदराबाद भेजा जाएगा। डीएनए रिपोर्ट मिलने के बाद यह स्पष्ट हो जाएगा कि कंकाल किसका है। उसके बाद कार्रवाई की जाएगी।

## 21 माह पूर्व गायब बच्चे का कंकाल तो नहीं

जासं, बागापार : बागापार के टोला बरईठवा में नौ जून 2021 की रात अपने पिता के साथ गांव में आयोजित एक कार्यक्रम में खाना खा कर घर आते समय चार वर्षीय बच्चा रहस्यमय परिस्थितियों में गायब हो गया था। घटना के 21 माह बाद भी पुलिस बच्चे को बरामद नहीं कर पाई। लड़के के पिता सुरेश ने कोतवाली में तहरीर दी थी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मुकदमा तो दर्ज कर लिया, लेकिन बच्चा बरामद नहीं हो सका। कंकाल के अवशेष मिलने की जानकारी होते ही पीड़ित परिवार भी मौके पर पहुंचा था।

# बनरसिहाकला में उत्खनन के दौरान मिला तांबे का कटोरा



बनरसिहा कला में उत्खनन करते श्रमिक ●जागरण

**जासं, लक्ष्मीपुर**: लक्ष्मीपुर के ग्राम पंचायत बनरसिहाकला में राज्य पुरातत्व विभाग की ओर से कराए जा रहे उत्खनन में मंगलवार को तांबे का कटोरा व खंडित मूर्तियां मिलीं। कटोरा व सभी मूर्तिया कुषाण काल की बताई जा रहीं हैं।

उत्खनन के दौरान कुषाणकालीन दीवार भी स्पष्ट रूप से दिखने लगी है। पुरातत्वविद इस स्थल पर भगवान गौतम बुद्ध की ननिहाल होने की संभावना जता रहे हैं।

अब तक 140 सेमी उत्खनन हुआ है। राज्य उत्खनन एवं अन्वेषण अधिकारी राम विनय ने बताया कि खंडित पात्र, खंडित मानव व जानवरों की मूर्तिया व पात्र मिले हैं। सभी कुषाणकालीन हैं। इन्हें संरक्षित किया गया है। जांच के बाद उनका काल निर्धारण होगा।

# सुरक्षा समितियों की भूमिका अहम

## ग्राम समितियों के सदस्यों के साथ पुलिस महानिरीक्षक ने की बैठक

**जासं, महराजगंज :** पुलिस महानिरीक्षक गोरखपुर जे रविन्दर गौड ने कहा है कि देश के सीमा की सुरक्षा में ग्राम सुरक्षा समितियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। किसी प्रकार के अवैध कार्य हो रहे हों या कोई व्यक्ति संदिग्ध दिख रहा हो तो पुलिस और एसएसबी को इसकी सूचना तत्काल दें ।

वह आपरेशन कवच के तहत भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र के गांवों में गठित ग्राम सुरक्षा समिति के अध्यक्षों, सचिवों व सदस्यों के साथ कोल्हुई में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान सीमा सुरक्षा के मुद्दे पर चर्चा करते हुए निरंतर सतर्क रहने की रणनीति बनाई गई। पुलिस महानिरीक्षक ने कहा कि सीमा की सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी है। तस्करी की रोकथाम के लिए पुलिस तत्परता से लगी हुई है। किसी प्रकार की सूचना पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों व त्रिनेत्र (सीसीटीवी) लगाने वाले लोगों को प्रशस्ति पत्र व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सहायक कमांडेंट सुबीर घोस, सीओ कोमल प्रसाद मिश्र के नेतृत्व में सीओ अनुज सिंह, सीओ सुर्जबली, थानाध्यक्ष अभिषेक सिंह, थानाध्यक्ष महेंद्र यादव , उपनिरीक्षक जाकिर अली, उपनिरीक्षक जयप्रकाश, उपनिरीक्षक रामरतन यादव, उपनिरीक्षक शाकिर सिकंदर, उपनिरीक्षक उमाकांत सरोज, उपनिरीक्षक संदीप यादव मौजूद रहे।




कोल्हुई में कार्यक्रम को संबोधित आइजी जे रविन्दर गौड ●जागरण

### कोल्हुई थानाध्यक्ष को दिया प्रशंसा चिह्न

पुलिस महानिरीक्षक ने थानाध्यक्ष कोल्हुई को कार्य के आधार पर पुलिस महानिदेशक का प्रशंसा चिह्न (रजत) प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान कोल्हुई थाना क्षेत्र के सभी चौकीदारों को साफा वितरित कर दायित्वों के निर्वहन के लिए प्रोत्साहित किया गया।

# पोषण पुनर्वास केंद्र के प्रभारी का वेतन रोकने का निर्देश

- लापरवाह ग्राम पंचायत अधिकारियों का रोका जाएगा इन्क्रीमेंट
- शिथिलता बरतने वाले बीडीओ से मांगा गया स्पष्टीकरण

जागरण संवाददाता, महराजगंजः जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार की अध्यक्षता में विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। उन्होंने पोषण पुनर्वास केंद्र की क्षमता से कम कुपोषित बच्चों के भर्ती होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए केंद्र के प्रभारी का वेतन रोकने का निर्देश दिया। पंचायत भवनों के निर्माण में लापरवाही पर संबंधित ग्राम पंचायत अधिकारियों को स्पष्टीकरण जारी करते हुए उनका एक इन्क्रीमेंट रोकने तथा प्रधानमंत्री आवास में शिथिलता बरतने वाले बीडीओ से स्पष्टीकरण लेने का निर्देश दिया।

कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने विभिन्न योजनाओं के संदर्भ में प्रगति की जानकारी ली। कहा कि सोलर पंप वितरण का कार्य 15 मार्च तक पूरा करते हुए पुराने लाभार्थियों की सूची बनाकर टेलीफोन से किसानों से पंपों की वर्तमान दशा की जानकारी लें। खराब पंपों की मरम्मत संबंधित फर्म के माध्यम से कराएं। इसके लिए एक हेल्पलाइन नंबर भी जारी करने का निर्देश दिया। फसल बीमा के भुगतान के संदर्भ में ट्रांजेक्शन फेल होने की दशा में उन्होंने सूची के अनुसार पुनः कृषक के खाते में मुआवजा राशि भेजने के लिए निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने गोसदन मधवलिया में गोबर गैस प्लांट इस माह शुरू करने का निर्देश देते हुए, गोबर की लकड़ी, गोबर पेंट व वर्मीकमोस्ट मशीन को भी लगवाने का निर्देश दिया। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में आयुष्मान कार्ड निर्माण में गिरावट पर नाराजगी व्यक्त करते हुए पंचायत सहायकों के माध्यम से आयुष्मान कार्ड निर्माण में तेजी लाने का निर्देश दिया। इसमें आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सहयोग लेने को कहा। दिव्यांग बच्चों के दिव्यांगता निवारण के लिए जिलाधिकारी ने जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी को कार्ययोजना बनाकर कार्य शुरू करने के लिए निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि सामुदायिक शौचालयों की वर्तमान स्थिति के संदर्भ में चेकलिस्ट के अनुसार जांच आख्या 15 दिन के भीतर प्रस्तुत करें। उन्होंने निर्माणधीन पंचायत भवनों की धीमी प्रगति को लेकर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि जिन 13 पंचायत भवनों में कार्य प्लास्टर स्तर से आगे नहीं पहुंचे हैं, उनमें संबंधित ग्राम पंचायत अधिकारियों को स्पष्टीकरण नोटिस जारी करते हुए उनका एक इन्क्रीमेंट रोक दें।



कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक को संबोधित करते डीएम सत्येन्द्र कुमार (बाएं) ●जागरण

प्रधानमंत्री आवास के संदर्भ में जिलाधिकारी ने कहा कि जिन विकास खंडों में 10 से अधिक आवेदन स्वीकृति के उपरांत भी प्रथम किस्त के लिए लंबित हैं, उनमें संबंधित बीडीओ को स्पष्टीकरण जारी करें। मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार, जिला विकास अधिकारी राकेश कुमार पांडेय, डीएसटीओ अजय श्रीवास्तव, एआर कोऑपरेटिव सविंद्र सिंह, जिला कृषि अधिकारी वीरेंद्र कुमार, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी शांत प्रकाश, जिला प्रोबेशन अधिकारी डीसी त्रिपाठी सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# छापेमारी के दौरान 546 बोरी मटर बरामद

**जासं, झुलनीपुर** : भारत-नेपाल के सीमावर्ती ग्रामसभा मटरा धमऊर में सोमवार को रात दस बजे सीओ एसएसबी व मंडी सचिव की टीम ने एक घर में छापेमारी कर 436 बोरी मटर बरामद किया है। नगर के चमनगंज नहर पुल के समीप एक पिकअप से 110 बोरी मटर बरामद किया गया है।

एसडीएम ने रामसजीवन मौर्य ने बताया कि सूचना मिली थी कि सीमावर्ती क्षेत्र में तस्करी के लिए मटर एकत्र की जा रही है। निचलौल के चमनगंज नहर पुल के समीप पिकप से मटर बरामद की गई, इसे बिना मंडी शुल्क अदा किए ले जाया जा रहा था। पुलिस क्षेत्राधिकारी सूर्यबली मौर्य, एसएसबी झुलनीपुर व मंडी सचिव के साथ छापेमारी कर ग्राम सभा मटरा धमऊर के एक घर में रखी गई 436 बोरी मटर बरामद की गई।

# दुष्कर्म के अभियुक्त को 20 साल का सश्रम कारावास

**महराजगंज।** विशेष न्यायाधीश अनन्य न्यायालय विनय कुमार सिंह द्वितीय ने दुष्कर्म के अभियुक्त को दोषी पाए जाने पर 20 साल सश्रम की सजा से दंडित किया है। मामला 23 मार्च 2019 का है।

पीड़िता की मां ने थाने तहरीर देकर बताया था कि स्कूल की जा रही बेटी को गांव का एक व्यक्ति दुष्कर्म कर फरार हो गया। मामले में पुलिस ने केस दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया। मामले में विशेष लोक अभियोजक विजय नारायन सिंह ने गवाही कराने के बाद सजा की मांग की। संवाद

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 15-03-2023

# दो दुष्कर्मी हुए गिरफ्तार

**बस्ती (एसएनबी)।** सोनहा पुलिस द्वारा सामूहिक दुष्कर्म केदोअभियुक्तों को 24 घण्टे के अंदर गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी के निर्देशन में थाना सोनहा पुलिस टीम द्वारा मुकदमा अपराध संख्या 63/2023 धारा 376क, 506 भादवि व 5/6 पाक्सो एक्ट व 67 भादवि के तहत वाछिंत अभियुक्तगण अंकित चौधरी पुत्र प्रकाश चौधरी निवासी बडौंगी थाना सोनहा जनपद बस्ती,राहुल चौधरी उर्फ मनोज चौधरी पुत्र रामसूरत चौधरी निवासी बसडिलिया थाना सोनहा जनपद बस्ती को मुखबिर की सूचना के आधार पर उकड़ा मोड़ सेगिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में, प्रभारी निरीक्षक सोनहा रवीन्द्र सिंह ,निरीक्षक दयानन्द यादव थाना सोनहा,हे.का.शिवधनी,का. राकेश सिंह थाना सोनहा शामिल रहे। एक अन्य समाचार के अनुसार पुलिस अधीक्षक बस्ती गोपाल कृष्ण चौधरी के निर्देशन में थाना पुरानी बस्ती पुलिस टीम द्वारा ग्राम पापी करही थाना करमा जनपद सोनभद्र मे अभियुक्त के घर से थाना पुरानी बस्ती पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 15/2023 धारा 376/504/506 भादवि के तहत व 67 के 1 नामजद अभियुक्त जो काफी दिनों से फरार चल रहा था जिसके विरूद्ध न्यायालय सेवारन्ट जारी किया गया था को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण सूर्य प्रताप सिंह पुत्र स्व. संतोष कुमार सिंह निवासी पापी करही थाना करमा जनपद सोनभद्र है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण में थानाध्यक्ष पुरानी बस्ती योगेश कुमार सिंह , उपनिरीक्षक विन्ध्याचल प्रसाद थाना पुरानी बस्ती ,का. सत्येंद्र कुमार, का.सतीश कुमार थाना पुरानी बस्ती शामिल रहे।

# तारकोल चुराने वाले अंतरजनपदीय गैंग के पांच गिरफ्तार

**बस्ती (एसएनबी)।** सड़क बनाने केलिए निर्मित प्लान्ट में रखे तारकोल की चोरी कर बेचने वाले अन्तरजनपदीय गैंग के पांच शातिर चोरों को जिले की स्वाट व वाल्टरगंज पुलिस नेमनौरी चौराहे सेमंगलवार की भोरकरीब पौने दो बजे धर दबोचा। इनके कब्जे सेसाढ़े तीन लाख रुपये के 26 ड्रम तारकोल व पिकप गाड़ी भी बरामद की गयी है।

पुलिस लाइन्स सभागारमें अखबार नवीसों से रूबरू नवागत पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने बताया कि बीते16 फरवरी की रात वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के पुरैना में स्थित मिट्टी प्लान्ट से 16 ड्रम तारकोल की चोरी की गयी थी। इसके अलावा 21/22 फरवरी 2023 की रात्रि में भी इसी थाना क्षेत्र केगाऊखोरमेंप्लान्ट में रखे 22 ड्रम तारकोल कोचुराकर चोर फरार हो गये थे। इन दोनों ही मामलो में मु कदमे थाने में धारा 379,411,413 आईपीसी के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया।

चोरों की गिरफ्तारी केलिए वाल्टरगंज थाने के अलावा स्वाट टीम प्रभारी उमाशंकर त्रिपाठी व अपर पुलिस अधीक्षक दीपेन्द्र नाथ चौधरी के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी सदरआलोक सिंह के देखरेख में सक्रिय किया गया। जिसकेसार्थक परिणाम आये और मामले के खु लासे में लगी टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि चोर मनौरी क्षेत्र में फिर घटना कोअंजाम देनेकेलिए सक्रिय हैं। टीम ने नाकाबंदी कर मंगलवार की भोर करीब 1.50 बजेमनौरी चौराहे से पांच चोरों को धर दबोचा। जिनकी पहचान अयोध्या पुत्र गंगादीन निवासी मंगौली थाना जगदीशपुरजनपद अमेठी,रवि पुत्र अजमल,करन पुत्र जैनी तथा लल्ला पुत्र छिद्दा निवासीगण गांधीनगरथाना जगदीशपुर जनपद अमेठी तथा बृजेश कुमारउर्फ वर्मापुत्र चौहान निवासी पूरे फकीर शाह मौजा डेलिया थाना कमरौली जनपद अमेठी के रूप में की गयी। इनके निशानदेही पर 26 ड्रम तारकोल व एक पिकप गाड़ी को बरामद किया।

**साढ़े तीन लाख रुपये कीमत के 26 ड्रम तारकोल हुआ बरामद**

**जिले की स्वाट व वाल्टरगंज पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी**

**पुलिस लाइन्स में नवागत एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने किया खुलासा**

### वर्कआउट करने वाली टीम को एसपी ने दिया दस हजार

**बस्ती (एसएनबी)।** लम्बे समय सेशातिर व सड़क किनारे तारकोल की चोरी कर पुलिस केलिए सिरदर्द बने अन्तरजनपदीय चोरों के गिरोह कोधर दबोचने वाली पुलिस टीम नवागत पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने शाबासी दी हैऔर उनके बेहतर काम को देखते हुए प्रोत्साहित करनेकेलिए वर्क आउट करनेवाली पूरी टीम को दस हजार रुपये पुरस्कार देने की घोषणा की है।

### चोरी का खुलासा करने वाली पुलिस टीम में शामिल लोग

**बस्ती (एसएनबी)।** वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के गाऊखोर व पुरैना में रखे तीन लाख रुपये के तारकोल की चोरी की वारदात कोअंजाम देने वाले चोरों को गिरफ्तार करनेवाली टीम में थानाध्यक्ष वाल्टरगंज नारायण लाल श्रीवास्तव,प्रभारी स्वाट टीम उपनिरीक्षक उमाशंकर त्रिपाठी, उपनिरीक्षक अनिल कुमार यादव, उपनिरीक्षक सुभाष मौर्य, उपनिरीक्षक [illegible] सिंह थाना वाल्टरगंज, हेड का.राकेश यादव, हेड का.विनोद यादव, का.कल्याण यादव, का.जितेन्द्र शाह, का.शिवानन्द सिंह, का.राकेश चौहान,का.प्रमोद यादव, का.प्रमोद भारती,का.मुकेश भारती थाना वाल्टरगंज , हेड का.सुधीर कुमार शर्मा,का.अरविन्द यादव, का.नीरज कुमार यादव, का.विजय सिंह ,का.रमेश कुमार,स्वाट टीम तथा सर्विलान्स सेल के हेड का.जनार्दन प्रजापति व हेड का.हिन्द आजाद शामिल रहे।

### रेकी कर चोरी करता है गिरोह

**बस्ती।** पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने बताया कि पकड़े गये बदमाशों ने पूछताछ में कबूला है कि उनका अपना एक गिरोह हैजोअलग-अलग जनपदों में सड़क किनारेप्लान्टोंसे तारकोल चोरी करता हैऔर उसे अमेठी में लेजाकर बेंच देता है। चोरी करने वेरवि पुत्र अजमल, करनपुत्र जैनी ,लल्ला पुत्र छिद्दा बंद पड़े प्लान्टों पर कचरे की सफाई का काम करते समय रेकी करते हैं। मौका देखकर अयोध्या पुत्र गंगादीन के साथ तारकोल चोरी करपिकप में फरार हो जाते हैं। चोरी के तारकोल की खरीद केजीएम ट्रेडर्स पर मुनीम का काम करने वाले बृजेश कुमार उर्फ वर्मा पुत्र चौहान द्वारा किया जाता है। पकड़े गये चोरों मेंकरन पुत्र जैनी पर वाल्टरगंज थाने के अलावा अमेठी के जगदीशपुर थाने में मारपीट,धमकी व गाली के साथ-साथ चोरी का मुकदमा भी पंजीकृत है।

# ज्वॉइन करते ही थानों की हकीकत जानने पहुंचे एसपी

**बस्ती (एसएनबी)।** नवागत पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी नेकार्यभार ग्रहण करते ही सोनहा व वाल्टरगंज थानेका आकस्मिक निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये

नवागत पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी द्वारा जनपद बस्ती का कार्यभार ग्रहण किया गया तथा आते ही थाना सोनहा व थाना वाल्टरगंज का आकस्मिक निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, कार्यालय आदि का भ्रमण किया गया । थाने पर अपराध रजिस्टर, निरोधात्मक कार्यवाही रजिस्टर, हिस्ट्रीशीट रजिस्टर, सक्रिय अपराधी रजिस्टर व अन्य अभिलेखों का अवलोकन किया गया तथा हाल में हुए घटनाओं के संबंध में संबंधित अधिकारी/ कर्मचारीगण को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। थाना परिसर में उपस्थित सभी पुलिस अधिकारी/ कर्मचारीगण को सख्त हिदायत दिया कि उनसे अपेक्षित समस्त कार्यवाहियों का निर्वहन पूर्ण व सही तरीके सेकरें। बीट आरक्षी/ मुख्य आरक्षी गण को अपने अपने क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा भ्रमणशील रहकर वहां के संभ्रांत लोगों से नियमित संपर्क में रहे क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों तथा आम जन के शिकायतों का विधि के अनुसार समय से निस्तारण करें।



बस्ती : वाल्टरगंज थाने की हकीकत जानने पहुंचे एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी। फोटो : एसएनबी

# कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों की खैर नहीं : एसपी

**बस्ती (एसएनबी)।** केमिकल साइंस में आईटी 2016 बैच के आईपीसी गोपाल कृष्ण चौधरी नेजनपद में तैनाती मिलने के बाद कार्यभार ग्रहण किया और रिजर्व पुलिस लाइन्स मे पहली बार जिले के अखबार नबीसोसे रूबरू होते हुए ला-एण्ड आर्डर को मेनटेन रखने का भरोसा दिलाते हुए कहा कि माहौल बिगाड़ने वालों की खैर नहीं । उनके निशाने पर भूमाफिया व मोस्ट वांटेड गैंगेस्टररहेंगे।

**निशाने पर रहेंगे भूमाफिया व मोस्ट वान्टेड गैंगेस्टर**

**पत्रकार वार्ता में बोले नवागत एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी**



2016 बैच के आईपीसी गोपाल कृष्ण चौधरी नेअखबार नबीसों से बताया कि वह केमिकल साइंस मेंमास्टर डिग्री होल्डर हैंऔर उन्होंने सिविल सेवा में आनेपहले कुछ वर्षो तक यूएस में यूस्टर्न में आईटी सेक्टर में नौकरी भी किया। जब उनका चयन सिविल सेवा में हुआ तो सबसे पहले वह बुलन्द शहर जनपद के अपर पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनात किये गये आगरा में भी उनकी तैनाती रही। इसके अलावा लखनऊ कमिश्नरेट मेंउपायुक्त रहने के साथ-साथ वह पिछले सात महीनों से ललितपुर जनपद के पुलिस अधीक्षक भी रहे । बस्ती उनका दूसरा जनपद है जहां उनकी तैनाती एसपी के रूप में की गयी है। कानून व्यवस्था के सवाल पर उन्होंने कहा कि सरकार के जीरो टारलेन्स नीति केअनुसार कानून व्यवस्था कोसरकार की प्राथमिकता के अनुरूप ही मेनटेन रखा जाएगा। कानून बिगाड़ने की इजाजत किसी को नहीं होगी। साथ ही उन्होंने कहा कि चिन्हित भूमाफिया व गैंगेस्टर एक्ट की कार्यवाही केलिए अभियान चलाकरतेजी से कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। फरियादियों को थाने पर तुरन्त न्याय मिलेऔरदोषियों पर मुकदमा लिखकर कार्यवाही करना उनकी प्राथमिकता में शामिल होगा। यहां की स्थिति को देखते हुए ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करना भी उनकी प्राथमिकता में शामिल रहेगा। इसके अलावा थानों पर बीट पुलिसिंग कोऔर स्मार्ट बनाने की दिशा में भी वह प्रयास करेंगे। पत्रकारवार्ता के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक दीपेन्द्र नाथ चौधरी व क्षेत्राधिकारी सदर आलोक प्रसाद मौजूद रहे।

# बंटवारे के विवाद को लेकर दो बहनों में मारपीट, केस

**बस्ती ।** पैतृक सम्पत्ति के बंटवारे को लेकर दो बहनों में विवाद हो गया। जिसके बाद एक पक्ष की बहन द्वारा अपने दूसरी बहन को गालियां देते हुए मारा पीटा व जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। कलवारी थाना क्षेत्र के गायघाट गांव के रहने वाले आशिक हुसैन की दो बेटियां कैशर जहां व फिरदौस जहां थी। आशिक हुसेन को कोई बेटा नही था। जिससे आशिक अली के इन्तकाल के बाद पैतृक सम्पत्ति के बंटवारे को लेकर दोनो बहनों में विवाद हो गया। जिसपर फिरदौस जहां व उसके पति यार मोहम्मद ने मिलकर कैशर जहां को गालियां देते हुए मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़िता कैशर जहां पुत्री आशिक हुसेन निवासी गायघाट थाना कलवारी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी फिरदौस जहाँ पत्नी यार मोहम्मद निवासी गायघाट थाना कलवारी व पीर अली पुत्र शाबिर अली निवासी भदावल थाना हर्रैया के विरूद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# मोबाइल टावर की बैट्री चोरी, मुकदमा

**बस्ती ।** मोबाइल टावर पर लगे बैट्री को अज्ञात चोर चोरी कर ले गये। मामले टेक्निशियन की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर पर मुकदमा दर्ज किया है। नगर थाना क्षेत्र के गोटवा स्थित इण्डस मोबाइल टावर में गुझरी नुमा बने शेल्टर से 24 बैट्री अमर राजा कम्पनी का अज्ञात चोरो द्वारा चोरी कर लिया गया। मामले में टेक्निशियन विरेन्द्र कुमार सिंह पुत्र बलराम सिंह ग्राम मधवापुर थाना हर्रैया की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोर के विरूद्ध धारा 461 आईपीसी एवं 25 भारतीय तार अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# पति पर मारपीट करनेका आरोप, मुकदमा दर्ज

**बस्ती ।** एक महिला ने अपने ही पति पर मार पीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर सोनहां पुलिस ने आरोपी पति पर मुकदमा दर्ज किया है। सोनहा थाने पर लिखित तहरीर देकर पटखौली गांव की रहने वाली सुनीता सिंह ने अपने पति राकेश सिंह पर आरोप लगाया कि उसे तथा उसके बेटे को पति राकेश सिंह द्वारा गालियां व धमकी देते हुए धारदार हथियार से मारा गया। मामले में पुलिस ने आरोपी पति राकेश सिंह पुत्र नैना सिंह निवासी पटखौली पूरब थाना सोनहा के विरूद्ध धारा 498ए, 323, 506, 324 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# शांति भंग में एक गिरफ्तार

**छावनी।** थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में उपनिरीक्षक राजनाथ प्रसाद एवं कांसटेबल राम कृपाल यादव ने मंगलवार को सेवरालाला लोहरीपुरवा निवासी राजकुमार यादव एवं विजय कुमार पुत्रगण राम चन्द्र को आपसी विवाद के चलते गिरफ्तार कर लिया। दोनो का शांति भंग की धारा 151, 107, 116 सीआरपीसी के तहत चालान कर उपजिलाधिकारी न्यायालय के समक्ष पेश किया।

# बाइक चोरी, मुकदमा दर्ज

**बस्ती ।** घर के सामने खड़ी बाइक पर अज्ञात चोरो की नजर पड़ी और वह उसे चोरी कर फरार हो गये। मामले में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर पर मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत आवास विकास कालोनी स्थित अपने दोस्त के मकान के सामने अभिनव पाण्डेय अपनी बाइक संख्या यूपी 51 बीसी/ 0534 हीरो स्पेलेण्डर प्लस को खड़ी कर कहीं गये हुए थे। जिसे अज्ञात चोर चोरी कर फरार हो गये। मामले में वाहन स्वामी अभिनव पाण्डेय पुत्र अशोक पाण्डेय निवासी आवास विकास कालोनी थाना कोतवाली की शिकायत पर अज्ञात चोर के विरूद्ध धारा 379 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

# डीआईजी से लगायी न्याय की गुहार, दोषी के गिरफ्तारी की मांग

**बस्ती ।** लालगंज थाना क्षेत्र के जिभियांव निवासिनी अनुसूचित जाति की दलित युवती साक्षी गौतम आर्या पुत्री रामनयन ने डीआईजी को प्रार्थना पत्र देकर अपने जान माल की रक्षा और दोषी के विरूद्ध कार्रवाई की मांग किया है। डीआईजी को दिये पत्र में साक्षी गौतम ने कहा है कि वह पब्लिक हास्पिटल भानपुर में स्वास्थ्य सहायिका का कार्य करती हैं, गत 8 मार्च को दिन में लगभग 12 बजे वह हास्पिटल पर थी, उसी समय कुछ दंबग लोग हास्पिटल पर पहुंचते ही अस्पताल के मालिक से मिलने की बात कहा। इतने में अस्पताल में कार्यरत विकलांग विनोद ने कार्य पूछा तो लोगों नेबुरा भला कहा। पत्र में साक्षी गौतम ने कहा है कि उसने घटना की सूचना अस्पताल के मालिक राकेश को दिया जो जनपद सिद्धार्थनगर में निवास करते हैं। उसके बाद सोनहा थाने पर घटना की सूचना दिया। सुन्दरम शुक्ला के विरूद्ध सोनहा पुलिस ने साक्षी गौतम के लिखित तहरीर के आधार पर भादवि की धारा 323, 504, 506, 385 427 एवं दलित उत्पीड़न की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना पुलिस क्षेत्राधिकारी द्वारा की जा रही है। साक्षी गौतम ने कहा है कि उसे निरन्तर जान माल की धमकी देने के साथ ही मुकदमें में सुलह करने का दबाव बनाया जा रहा है। मांग किया है कि सुन्दरम शुक्ला को गिरफ्तार कर उसकी एवं उसके परिवार के जान माल की रक्षा करायी जाय।

# शान्ति व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस ने की गश्त

**बस्ती ।** जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष/ चौकी प्रभारी मय पुलिस बल द्वारा कानून/शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना/चौकी क्षेत्रों में पैदल गश्त किया गया । पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी के आदेश के क्रम में शांति/कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु जनपद बस्ती के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष/चौकी प्रभारी मय पुलिस बल द्वारा अपने-अपने थाना/चौकी क्षेत्रों में सतर्क दृष्टि बनाए रखते हुए पैदल गश्त/फ्लैग मार्च करते हुए आमजन से संवाद स्थापित कर सुरक्षा के दृष्टिगत प्रमुख सर्राफा दुकानों के मालिकों से वार्ता किया गया एवं पैदल गश्त के दौरान चौराहों, मार्केट, भीड़-भाड़ वाली जगहों आदि पर संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों/ वस्तुओं की गहनता से चेकिंग की गई तथा मिशन शक्ति अभियान, यातायात नियमों का पालन करने के सम्बन्ध में लोगों को जागरूक किया गया एवं आमजन से संवाद स्थापित कर सुरक्षा का एहसास कराया गया ।

# पुरानी रंजिश में मां बेटी की पिटाई, केस

**बस्ती ।** पुरानी रंजिश को लेकर आरोपियों ने मिलकर एक महिला व उसकी बेटी की पिटाई कर दिया। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। कलवारी थाना क्षेत्र के सुवरहा गांव में पुरानी रंजिश की बात को लेकर नीलम व उसकी बेटी को कुछ लोगो ने एकराय होकर गालियां देते हुए मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में पीड़िता नीलम पत्नी विजय कुमार ग्राम सुवरहा थाना कलवारी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी जैसराम की औरत, विद्या पत्नी दयाराम, वुझावन पुत्र अगर्दी, दयाराम पुत्र लौटू निवासीगण सुवरहा थाना कलवारी के विरूद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# बैट्री चोरी में एफआईआर

नगर। नगर पुलिस ने मोबाइल टॉवर से बैट्री चोरी में केस दर्ज किया है। हर्रैया थाने के मधवापुर निवासी टेक्नीशियन विरेन्द्र कुमार सिंह ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि गोटवा में लगे मोबाइल टॉवर में बने शेल्टर में लगी 24 बैट्री एक मार्च को चोरी कर ली गई। पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है।

# पत्नी ने पति पर दर्ज कराया मुकदमा

बस्ती। सोनहा पुलिस ने पत्नी की तहरीर पर पति के खिलाफ केस दर्ज किया है। इसी थाने की रहने वाली पटखौली पूरब निवासी सुनीता सिंह पत्नी राकेश सिंह ने आरोप लगाया है कि 12 मार्चको उन्हें व उनके बेटे को पति ने धारदार हथियार से मारा। जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने राकेश सिंह के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# कचरे की सफाई के बहाने करते थे रेकी

बस्ती। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उनका गिरोह सड़कों के किनारे लगाए गए गिट्टी प्लांट में रखे तारकोल ड्रमों की चोरी करके पिकअप में लाद लेते हैं। इसे गाड़ी पर लादने के लिए पटरा, बल्ली व सीढ़ीनुमा लकड़ी का प्रयोग करते हैं। गिरफ्तार आरोपित रवि, करन व लल्ला बंद पड़े प्लांटों पर कचरे की सफाई का काम करते हैं। इसी दौरान वह चोरी के लिए रेकी कर यह पता लगा लेते थे कि कहां पर बचा हुआ तारकोल का ड्रम रखा हुआ है। आरोपी बृजेश उर्फ वर्मा एक प्लांट पर मुनीम का काम करता है। वही चोरी किए गए तारकोल को खरीदता है। गिरोह के बाकी लोग विभिन्न जगहों से तारकोल ड्रमों की चोरी करके एक जगह इकट्ठा करते हैं।

# युवती से दुष्कर्म का आरोपी सोनभद्र से गिरफ्तार

बस्ती, निज संवाददाता। पुरानी बस्ती पुलिस ने युवती के साथ दुष्कर्म के आरोपी युवक को सोनभ्रद से गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष योगेश सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज करने के बाद से फरार चल रहे आरोपी सूर्य प्रताप सिंह निवासी पापी करही थाना करमा जिला सोनभद्र को पुरानी बस्ती थाने की टीम ने उसके घर से सोमवार की शाम गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ न्यायालय से गैरजमानती वारंट भी जारी हुआ था। गिरफ्तारी कर न्यायालय भेज दिया गया है।

पुरानी बस्ती थाने पर तहरीर देकर एक युवती ने आरोप लगाया था कि इसी थाना क्षेत्र में स्थित एक कंपनी में आरोपी सूर्य प्रताप उसके साथ काम करता था। दोनों के बीच संपर्क बढ़ा। इसके बाद शादी का झांसा देकर उसने शारीरिक शोषण किया। बाद में शादी करने से इंकार कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया था। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानेदार के साथ एसआई विन्ध्याचल प्रसाद, कांस्टेबल सत्येंद्र कुमार, सतीश कुमार शामिल रहे।

# जिले का चार्ज संभालते ही एक्शन में आए एसपी

- मंगलवार भोर में किया सोनहा, वाल्टरगंज थाने का निरीक्षण
- सोनहा में गैंगरेप की घटना के बारे में की पूछताछ, मौके पर गए

बस्ती, हिन्दुस्तान टीम। जिले का कार्यभार संभालते ही नवागत एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी एक्शन में नजर आए। मंगलवार को भोर में ही सोनहा व वाल्टरगंज थानों का औचक निरीक्षण करने पहुंच गए। उन्होंने सोनहा थाना क्षेत्र में सामूहिक दुष्कर्म की घटना के बारे में पूछताछ करने के साथ ही घटनास्थल का भी निरीक्षण किया।



चार्ज संभालने के बाद नवागत एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने मंगलवार की सुबह वाल्टरगंज थाने का औचक निरीक्षण किया। • हिन्दुस्तान

ललितपुर जनपद से स्थानांतरित होकर बस्ती आए गोपाल कृष्ण 2016 बैच के आईपीएस अफसर हैं। मूलरूप से पाली राजस्थान के रहने वाले हैं। आईटी कानपुर से केमिकल इंजीनियरिंग करने के बाद यूनाइटेड स्टेट ऑफ अमेरिका (यूएस) से केमिकल साइंस में मास्टर की डिग्री हासिल की। उन्होंने ह्यूस्टन टेक्सॉस में एक कम्पनी में नौकरी भी की थी। बुलंदशहर, आगरा में एडिशनल एसपी और लखनऊ दक्षिण जोन के डीएसपी पद पर रह चुके हैं। चार्ज संभालने के बाद मंगलवार को पुलिस लाइन के प्रेक्षागृह में प्रेसवार्ता करते हुए बताया कि उनकी पहली प्राथमिकता कानून व्यवस्था को बेहतर बनाए रखना है। मुकदमें लिखे जाएंगे और वर्कआउट भी तेज होगा। साथ ही ऐसे लोगों को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि अगर झूठा मुकदमा लिखाया जाता है तो इसकी जांच होगी। ऐसा करने वाले पर भी मुकदमा कायम कराया जाएगा।

उन्होंने कहा कि भू-मफियाओं पर प्राथमिकता के आधार पर शिकंजा कसा जाएगा। फरियादियों से बेहतर व्यवहार करने के साथ ही शिकायतों के निस्तारण में हीलाहवाली करने वाले पुलिस कर्मियों की जवाबदेही तय कर कार्रवाई होगी। इस दौरान एएसपी दीपेन्द्र नाथ चौधरी व सीओ सिटी आलोक प्रसाद मौजूद रहे।

# चीनी मिल चलाने के लिए निकाली पदयात्रा

बस्ती। बस्ती चीनी मिल बचाओ संयुक्त संघर्ष समिति ने बस्ती से लखनऊ तक की पदयात्रा शुरू किया। पदयात्रा का शुभारंभ रोडवेज स्थित भगत सिंह तिराहे से हुआ, जिसका समापन श्रम आयुक्त लखनऊ के न्यायालय के समक्ष होगा। पदयात्रा निकालते हुए संयुक्त संघर्ष समिति सदस्यों ने बताया कि जिला प्रशासन चीनी मिल चलाने के लिए लिखित आश्वासन दिया था, लेकिन वादा पूरा नहीं किया।

# आज गोरखपुर रवाना होंगे सेवानिवृत्तकर्मी

बस्ती। ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति के बैनर तले गोरखपुर में बुधवार को होने वाले रास्ता रोको आंदोलन को लेकर रोडवेज समेत विभिन्न निगमों के सेवानिवृत्त कर्मियों ने बुधवार को रोडवेज परिसर में बैठक की। गोरखपुर समय से पहुंचने के लिए अपील किया गया। मंडल अध्यक्ष आरपी सिंह ने कहा कि आंदोलन में शामिल होने के लिए सुबह सात बजे कर्मी गोरखपुर के लिए रवाना होंगे।

# अमेठी के गैंग ने बस्ती से चुराया था तारकोल, पांच गिरफ्तार

- करीब साढ़े तीन लाख कीमत के 26 ड्रम तारकोल व पिकअप बरामद
- वाल्टरगंज व स्वॉट की टीम ने की धरपकड़, एसपी ने किया खुलासा

**खुलासा**



पुलिस लाइन के प्रेक्षागृह में चोरी की घटना का खुलासा करते एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी।

बस्ती, निज संवाददाता। वाल्टरगंज क्षेत्र के पुरैना स्थित गिट्टी के प्लांट से तारकोल की चोरी की घटना को अमेठी के गैंग ने अंजाम दिया था। मंगलवार को वाल्टरगंज थाना व स्वॉट की संयुक्त टीम ने तारकोल चोरी करके बेचने वाले गिरोह का खुलासा किया। पांचों आरोपी अमेठी के रहने वाले हैं। आरोपियों के कब्जे से 26 ड्रम तारकोल व चोरी करने में इस्तेमाल की गई पिकअप बरामद की गई है। बरामद तारकोल की कीमत करीब साढ़े तीन लाख रुपये है।

पुलिस लाइन के प्रेक्षागृह में नवागत एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने मंगलवार को धरपकड़ की जानकारी देते हुए बताया कि 16 और 21 फरवरी की रात 38 ड्रम तारकोल चोरी होने की घटना सामने आई थी। इस मामले में जटाशंकर सिंह निवासी पुरैना थाना वाल्टरगंज ने तहरीर देकर बताया था कि 16 फरवरी की रात गांव में स्थित उनके गिट्टी प्लांट से 16 ड्रम तारकोल चोरी कर लिया गया है। पांच दिन बाद 22 फरवरी को गोविन्दनाथ पाण्डेय निवासी गाऊखोर ने भी थाने में तहरीर दी कि 21 फरवरी की रात गाऊखोर से 22 ड्रम तारकोल अज्ञात लोगों ने चोरी कर लिया। दोनों मामलों में पुलिस ने केस दर्ज किया था। एसपी के अनुसार जांच में जुटी पुलिस को पता चला कि अमेठी जिले के रहने वाले गैंग ने ही चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। मुखबिर की सूचना पर इस गिरोह के पांच सदस्यों को मनौरी चौराहे के पास से मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पकड़े गए आरोपितों की पहचान अयोध्या, लल्ला निवासी मंगौली थाना जगदीशपुर अमेठी, रवि, करन निवासी गांधीनगर थाना जगदीशपुर अमेठी और बृजेश कुमार उर्फ वर्मा निवासी ग्राम पूरे फकीर शाह मौजा उतेलवा थाना कमरौली जनपद अमेठी के रूप में की गई।

## इस टीम ने की धरपकड़

चोरी की घटना का खुलासा करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष वाल्टरगंज नरायन लाल श्रीवास्तव, प्रभारी स्वॉट टीम उमा शंकर त्रिपाठी, एसआई अनिल कुमार यादव, सुभाष मौर्या, नरेन्द्र सिंह थाना वाल्टरगंज, हेकां. राकेश यादव, विनोद यादव, बलवंत यादव, जितेन्द्र शाह, शिवानन्द सिंह, राकेश चौहान, प्रमोद यादव, प्रमोद भारती, मुकेश साहनी, सुधीर कुमार शर्मा, अरविन्द यादव, धीरज कुमार यादव, किशन सिंह, रमेश कुमार, जनार्दन प्रजापति, हिन्दे आजाद शामिल रहे।

# किशोरी से गैंगरेप मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

सल्टौआ, हिसं। सोनहा पुलिस ने किशोरी के साथ गैंगरेप की घटना में नामजद दो आरोपितों को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। उकड़ा मोड़ से पुलिस ने आरोपी अंकित चौधरी निवासी बड़ौंगी थाना सोनहा और राहुल चौधरी उर्फ मनोज निवासी बसिडिलिया थाना सोनहा को पकड़ लिया। मुकदमे में एक आरोपी की कुछ दिन पहले सड़क हादसे में मौत हो चुकी है। मंगलवार की भोर में नवागत एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने भी घटना स्थल का निरीक्षण कर थाना प्रभारी रवीन्द्र सिंह को फरार आरोपितों की जल्द से जल्द गिरफ्तार का निर्देश दिया।

सत्रह वर्षीया पीड़िता ने तहरीर में बताया है कि करीब तीन-चार महीने पहले वह बाग में लकड़ी बीनने गई थी। उसी समय बनवधिया गांव का प्रेम पांडेय और पीड़िता के गांव का आकाश तिवारी पहुंच गया। दोनों ने तमंचा दिखाकर उसके साथ दुष्कर्म किया और वीडियो बना लिया। आरोप है कि 26 फरवरी की रात प्रेम पांडेय ने उसे गांव के बाहर बुलाया। उन दोनों ने उसे जबरदस्ती बाइक पर बैठाकर एक खाली मकान में ले गए। यहां प्रेम पांडेय, अंकित चौधरी, प्रिंस और राहुल चौधरी ने दुष्कर्म किया। एसएचओ ने बताया कि आरोपी अंकित व राहुल को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# मां से मिलने आई बेटी से मारपीट, दो पर मुकदमा

**जासं, बस्ती:** कलवारी पुलिस ने थाना क्षेत्र के गायघाट बाजार में मां से मिलने आई बेटी के साथ मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। कैसर जहां निवासी गायघाट ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि वह दो बहन हैं। पिता की मृत्यु पहले ही हो चुकी है।उसकी दूसरी बहन फिरदौस जहां गायघाट में मकान बनवाकर रहती है। उसी के साथ उसकी मां जन्नतुन्निशा भी रहती है। कैसरजहां के अनुसार वह रविवार को मां से मिलने गई तो बहन फिरदौस जहां व बहन के जेठ पीर अली निवासी भदावल थाना हर्रैया ने उसे मारा पीटा।पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।

# नवागत एसपी ने कार्यभार संभाला, थाने का किया निरीक्षण



सोनहा थाने का औचक निरीक्षण करते नवागत एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी •जागरण

**जागरण संवाददाता,भानपुर, बस्ती:** नवागत पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी कार्यभार ग्रहण करते ही एक्शन में आ गए हैं। मंगलवार की अल सुबह थाने में पुलिसिया वर्किंग की जांच करने निकल गए। दो थानों में अभिलेखों की जांच की साथ ही मातहतों को सख्त हिदायत भी दी।

सोनहा प्रतिनिधि के अनुसार पुलिस कप्तान ने थाना परिसर, कार्यालय आदि का भ्रमण किया। थाने पर अपराध रजिस्टर, निरोधात्मक कार्यवाही रजिस्टर, हिस्ट्रीशीट रजिस्टर, सक्रिय अपराधी रजिस्टर व अन्य अभिलेखों को चेक किया। हाल में हुई घटनाओं के बारे में जानकारी ली।

वाल्टरगंज प्रतिनिधि के अनुसार एसपी ने थाना प्रभारी व अन्य कर्मचारियों को निर्देश दिया कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी से करें। कहा कि बीट आरक्षी/प्रधान आरक्षी अपने अपने क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा भ्रमणशील रहकर वहां के संभ्रांत लोगों से नियमित संपर्क में रहें और उनसे समन्वय बनाए रखें। साथ ही क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व आम जन की शिकायतों का विधि पूर्वक समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। इस कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रभारी निरीक्षक सोनहा रवींद्र सिंह, वाल्टरगंज थानाध्यक्ष नारायण लाल श्रीवास्तव, निरीक्षक दयानंद यादव, निरीक्षक भगवान सिंह, सुभाष, रवि प्रकाश तिवारी, इंद्रजीत पांडेय,शैलेंद्र राय, अनिल कुमार यादव, दिनेश गौतम, करुणेश सिंह, शिवधनी, संजय यादव आदि मौजूद रहे।

- अल सुबह थाने पर पहुंच गए एसपी चेक किए अभिलेख
- बीट आरक्षी क्षेत्र में रहें भ्रमणशील लोगों से बनाएं समन्वय

## कानून व्यवस्था बेहतर बनाना होगी प्राथमिकता : एसपी

**बस्ती :** नवागत एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने बताया कि जिले में कानून व्यवस्था की स्थिति बेहतर करना उनकी प्राथमिकता होगी। कहा कि थाने पर पीड़ित का मुकदमा लिखा जाएगा। समय से वर्कआउट करने पर जोर होगा। कोई झूठा मुकदमा लिखाएगा तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। वे मंगलवार को पुलिस लाइन स्थित सभागार में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। कहा कि भू-माफियाओं पर प्राथमिकता के आधार पर शिकंजा कसा जाएगा। भूमि विवाद के मामलों को चिन्हित कर राजस्व विभाग की मदद से विवाद का निस्तारण किया जाएगा। पैरवी सेल को सक्रिय किया जाएगा। फरियादियों से बेहतर व्यवहार करने के साथ ही शिकायतों के निस्तारण में हीलाहवाली करने वाले पुलिस कर्मियों की जवाबदेही तय करते हुए आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। ललितपुर जनपद से स्थानांतरित होकर बस्ती आए नवागत एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी 2016 बैच के आइपीएस अफसर हैं। वे मूलरूप से पाली राजस्थान के रहने वाले हैं। आइआइटी कानपुर से केमिकल इंजीनियरिंग में स्नातक करने के बाद उन्होंने यूएसए से केमिकल इंजीनियरिंग में मास्टर डिग्री हासिल की। वे बुलंदशहर और आगरा में एडिशनल एसपी तो लखनऊ दक्षिण जोन के डीएसपी रह चुके हैं। एएसपी दीपेंद्र नाथ चौधरी, सीओ सिटी आलोक प्रसाद, आरआइ पुलिस लाइन संदीप राय मौजूद रहे।

# तारकोल चोरी गिरोह का पर्दाफाश, पांच गिरफ्तार

## अमेठी जिले के रहने वाले हैं गिरफ्तार सभी आरोपित, चोरी का 26 ड्रम तारकोल व पिकअप बरामद

**जागरण संवाददाता, बस्ती:** वाल्टरगंज पुलिस और स्वाट टीम के साथ संयुक्त अभियान में पुलिस ने तारकोल चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। ये सभी अमेठी जिले के रहने वाले हैं। इन्हें मनौरी चौराहे से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से पिछले दिनों चोरी हुआ लगभग साढ़े तीन लाख रुपये कीमत का 26 ड्रम तारकोल व चोरी करने में इस्तेमाल की गई पिकअप को बरामद किया गया है।

यह जानकारी एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने पुलिस लाइन सभागार में पत्रकारों से बातचीत के दौरान दी। बताया कि वाल्टरगंज थाने में 17 फरवरी को जटाशंकर सिंह निवासी पुरैना थाना वाल्टरगंज ने तहरीर देकर पुलिस को बताया था कि 16 फरवरी की रात गांव में स्थित उनके गिट्टी प्लांट से 16 ड्रम तारकोल चोरी कर लिया गया। इसका मुकदमा पुलिस ने दर्ज किया। इसके पांच दिन बाद फिर 22 फरवरी को गोविंदनाथ पाण्डेय निवासी गउखौर ने भी वाल्टरगंज पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 21 फरवरी की रात गउखौर से 22 ड्रम तारकोल अज्ञात लोगों ने चोरी कर लिया, जिसका मुकदमा दर्ज कर पुलिस घटना की छानबीन कर रही थी। इसी बीच पता चला कि अमेठी जिले के एक गिरोह ने इस घटना को अंजाम दिया है। एक सूचना के आधार पर इस गिरोह के पांच सदस्यों को मनौरी चौराहे के पास से सोमवार की देर रात 1.50 बजे गिरफ्तार कर लिया गया। पकड़े गए आरोपितों में अमेठी जिले के जगदीशपुर थाने के मंगौली निवासी अयोध्या, इसी थाना क्षेत्र के गंधीनगर निवासी रवि, करन व लल्ला तथा कमरौली थाने के पूरे फकीर शाह निवासी बृजेश कुमार उर्फ वर्मा शामिल हैं। गिरफ्तार आरोपितों में करन के विरुद्ध अमेठी के जगदीशपुर और बस्ती के वाल्टरगंज थाने में दो-दो आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।



वाल्टरगंज थाना में जानकारी देते नवागत पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी, साथ में आरोपित व पुलिस टीम •जागरण

**अमेठी के एक प्लांट का मुनीम है बृजेश:** एसपी ने बताया कि पुलिस की पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि वे सड़कों के किनारे लगाए गए गिट्टी प्लांट में रखे तारकोल के ड्रमों की चोरी करके पिकअप में लाद लेते हैं। रवि, करन व लल्ला बंद पड़े प्लांटों पर कचरे की सफाई का काम करते हैं। इसी दौरान वे आसपास की रेकी भी करते रहते हैं। बृजेश कुमार उर्फ वर्मा अमेठी के एक प्लांट पर मुनीम का काम करता है। वहीं चोरी किए गए तारकोल को खरीदता है। गिरोह के बाकी लोग विभिन्न जगहों से तारकोल ड्रमों की चोरी करके एक जगह इकट्ठा करते हैं। इसके बाद मुनीम के जरिये सस्ते दाम पर उसे बेच देते हैं।

आरोपितों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष वाल्टरगंज नारायन लाल श्रीवास्तव, स्वाट टीम प्रभारी उमाशंकर त्रिपाठी, एसआइ अनिल कुमार यादव, सुभाष मौर्या, नरेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल राकेश यादव, विनोद यादव, बलवंत यादव, जितेंद्र शाह, शिवानन्द सिंह, राकेश चौहान, प्रमोद यादव, प्रमोद भारती, मुकेश साहनी, सुधीर कुमार शर्मा, अरविन्द यादव, धीरज कुमार यादव, किशन सिंह, रमेश कुमार, जनार्दन प्रजापति, हिन्दे आजाद शामिल रहे।

# पुरानी रंजिश को लेकर मारा पीटा, मुकदमा

**बस्ती:** कलवारी थाने के सुवरहा निवासी नीलम ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षी ने उन्हें व उनकी बेटी को अपशब्द कहा। विरोध करने पर जानमाल की धमकी देते हुए मारापीटा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गांव निवासी जैसराम की पत्नी नाम अज्ञात, विद्या, बुझावन व दयाराम के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म के दो आरोपित गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, भानपुर, बस्ती:** थानाक्षेत्र के एक गांव की 17 वर्षीय किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने मंगलवार को उकड़ा मोड़ के पास से दो आरोपितों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपितों में सोनहा थाना क्षेत्र के बड़ौंगी निवासी अंकित चौधरी व बसडिलिया निवासी राहुल चौधरी उर्फ मनोज शामिल है। इस मुकदमे में पांच आरोपितों के विरुद्घ सोमवार को मुकदमा दर्ज किया गया था। जिनमें से एक आरोपित प्रेम पांडेय की सात मार्च की देर रात सड़क हादसे में मौत हो चुकी है। सोमवार को पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि लगभग तीन-चार माह पहले वह बाग में सूखी लकड़ी बीनने गई थी। इसी दौरान बनवधिया गांव निवासी प्रेम पांडेय और पीड़िता के गांव का आकाश तिवारी पहुंच गया। दोनों ने तमंचा दिखाकर उसके साथ दुष्कर्म किया और वीडियो बना लिया। आकाश ने उसे एक मोबाइल भी दिया जिससे फोन करके वह अक्सर धमकी देता रहता था। आरोप है कि 26 फरवरी की देर रात प्रेम पांडेय ने उसे गांव के बाहर बुलाया। जहां बड़ौंगी निवासी अंकित चौधरी भी मौजूद था। उन दोनों ने उसे जबरदस्ती बाइक पर बैठाकर एक खाली मकान में ले गए। आरोप है कि वहा पूरी रात प्रेम पांडेय, अंकित चौधरी, असनहरा निवासी प्रिंस और बसडीला निवासी राहुल चौधरी ने दुष्कर्म किया। सुबह कार में बैठाकर शहर में ले गए, जहां एक खाली मकान में रखकर दिन भर दुष्कर्म किए। रात को 10 बजे उसे उसके गांव के पास छोड़कर भाग गए। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि शेष आरोपितों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

# चोरी की मोबाइलों के साथ आरोपित धराया

**जागरण संवाददाता, बस्ती:** ट्रेनों में यात्रियों को बहला फुसला कर नशीला पदार्थ खिलाने और उनके सामान चोरी करने के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपित के पास से नशे के लिए प्रयोग किया जाने पाउडर व टेबलेट के अलावा चोरी की मोबाइलें भी बरामद की गई हैं।

- बस्ती रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक से हुई गिरफ्तारी
- नशीला पाउडर व 48 गोली अल्प्रासेफ के अलावा पांच मोबाइल बरामद

जीआरपी थाने के प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार शर्मा ने बताया कि मंगलवार को बस्ती रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर वह अपनी टीम के साथ चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच एक संदिग्ध युवक दिखाई दिया। उसे उनकी टीम ने पकड़ लिया। उसके कब्जे 79 ग्राम नशीला पाउडर व 48 टेबलेट अल्प्रासेफ के अलावा चोरी की पांच मोबाइल भी बरामद की गई। बरामद मोबाइलों की कीमत 60 हजार के करीब है। आरोपित की पहचान सियासत हुसैन उर्फ गुड्डू निवासी मेहनिया रामदत्त थाना गौर जनपद बस्ती, हाल मुकाम वार्ड नंबर-7 नगर पंचायत बभनान थाना पैकोलिया के रूप में हुई। पूछताछ के दौरान पता चला कि आरोपित अपने पास नशीला पाउडर व टेबलेट रखता है। उसे स्टेशन और ट्रेनो में बैठे सीधे-साधे यात्रियों को बहला -फुसलाकर खाने पीने की चीजों में मिलाकर उनका सामान चोरी कर लेता है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना जीआरपी बस्ती में आरोपित के विरुद्ध चोरी के माल बरामदगी और एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक अवधेश कुमार त्रिपाठी, हेड कांस्टेबल राजेश वर्मा, दिनेश यादव, देवेंद्र प्रताप सिंह, सूर्यनाथ यादव व विनोद सिंह शामिल रहे।



नशीला पदार्थ रखने के आरोप में पकड़े गए आरोपित के बारे में जानकारी देते जीआरपी थाना के प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार शर्मा ●जागरण

# मारपीट में चार के खिलाफ केस

संवाद न्यूज एजेंसी

**कलवारी।** पुलिस ने थाना क्षेत्र के सुवरहा गांव में मारपीट के मामले में चार लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है। पुलिस को दी गई तहरीर में नीलम निवासी सुवरहा थाना कलवारी ने बताया कि उसकी छह वर्षीय बेटी मीनाक्षी शनिवार शाम पांच बजे खेल रही थी।

उसकी गेंद जैसराम के खेत में चली गई। इसके कारण उनकी पत्नी अपशब्द कहने लगी। जब उसने मना किया तो जैसराम की औरत, विद्या , बुझावन तथा दयाराम ने मिलकर मारकर घायल कर दिया। उसे बचाने आई मोनी कुमारी को भी मारपीट की।

थानाध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच उपनिरीक्षक राहुल गुप्ता को दी गई है।

# रेलवे स्टेशन से नशीले पदार्थ व दवा के साथ युवक गिरफ्तार

**बस्ती।** रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म-एक पर खड़े गौर थाने के मेहनिया रामदत्त, हाल मुकाम वार्ड नंबर- 7 नगर पंचायत बभनान के निवासी सियासत हुसैन उर्फ गुड्डू को जीआरपी की टीम ने गिरफ्तार किया है। जीआरपी थाना प्रभारी अरविंद कुमार शर्मा ने बताया कि वह अपने पास नशीला पाउडर व टेबलेट रखता है। स्टेशन और ट्रेनों में सीधे-साधे यात्रियों को बहला-फुसलाकर खाने पीने की चीजों में नशीला पदार्थ मिलाकर सामान चोरी कर लेता है। अभियुक्त के कब्जे से 79 ग्राम नशीला पाउडर व 48 नशीली गोली, चोरी की पांच मोबाइल व 600 रुपये नगद बरामद किए गए हैं। संवाद

# माफिया, फर्जी मुकदमा लिखवाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** जिले के नए एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने सोमवार देर शाम कार्यभार ग्रहण कर लिया। 2016 बैच के आईपीएस गोपाल कृष्ण ललितपुर से बस्ती भेजे गए हैं। उनका कहना है कि माफिया, फर्जी मुकदमा लिखवाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस लाइंस में प्रेसवार्ता के दौरान एसपी ने बताया कि वह मूलरूप से राजस्थान के पाली जिले के रहने वाले हैं। आईआईटी कानपुर से केमिकल इंजीनियरिंग करने के बाद यूनाइटेड स्टेट ऑफ अमेरिका (यूएस) से केमिकल साइंस में मास्टर डिग्री हासिल की। इसके बाद करीब दो वर्ष तक ह्यूस्टन टेक्सॉस में एक कंपनी में नौकरी भी की। इस दौरान तैयारी करके सिविल सेवा के लिए चयनित हुए। बुलंदशहर, आगरा में सीओ और लखनऊ दक्षिण जोन के डीसीपी पद पर रह चुके हैं।

एसपी ने बताया कि उनकी पहली प्राथमिकता कानून व्यवस्था को बेहतर बनाए रखना है। मुकदमे लिखे जाएंगे और वर्कआउट भी तेज होगा। ऐसे लोगों को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि अगर झूठा मुकदमा लिखाया जाता है, तो इसकी जांच होगी।

ऐसा करने वाले पर भी मुकदमा कायम कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि भू-मफिया पर प्राथमिकता के आधार पर शिकंजा कसा जाएगा। पुलिस जनता की सेवा के लिए और इसी तरह से काम हो, इसे सुनिश्चित किया जाएगा। फरियादियों से बेहतर व्यवहार करने के साथ ही शिकायतों के निस्तारण में हीलाहवाली करने वाले पुलिस कर्मियों की जवाबदेही तय कर कार्रवाई होगी।



नवागत एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने सोनहा थाने का निरीक्षण। संवाद

## एसपी ने सोनहा, वाल्टरगंज थाने का किया निरीक्षण

**बस्ती।** पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने सोमवार देर शाम कार्यभार ग्रहण कर लिया। इसके बाद थाना सोनहा व थाना वाल्टरगंज का आकस्मिक निरीक्षण भी किया। इस दौरान थाना परिसर, कार्यालय आदि का भ्रमण किया गया। थाने पर अपराध रजिस्टर, निरोधात्मक कार्रवाई रजिस्टर, हिस्ट्रीशीट रजिस्टर, सक्रिय अपराधी रजिस्टर व अन्य अभिलेखों का अवलोकन किया। हाल में हुई घटनाओं के संबंध में संबंधित विवेचक/अधिकारी से जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। बीट आरक्षी/मुख्य आरक्षी को अपने-अपने क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा भ्रमणशील रहने व वहां के संभ्रांत लोगों से नियमित संपर्क में रहने को कहा। निर्देश दिए कि क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों तथा आम जन की शिकायतों का विधि के अनुसार समय से निस्तारण करें। संवाद

# युवती से दुष्कर्म का आरोपी सोनभद्र से किया गया गिरफ्तार

**बस्ती।** पुरानी बस्ती पुलिस ने युवती के साथ दुष्कर्म के आरोपी युवक को सोनभ्रद से गिरफ्तार कर लिया है।

थानाध्यक्ष योगेश सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज करने के बाद से फरार चल रहे आरोपी सूर्य प्रताप सिंह निवासी पापी करही थाना करमा जिला सोनभद्र को पुरानी बस्ती थाने की टीम ने उसके घर से सोमवार की शाम गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ न्यायालय से गैरजमानती वारंट भी जारी हुआ था। गिरफ्तारी कर न्यायालय भेज दिया गया है।

पुरानी बस्ती थाने में तहरीर देकर एक युवती ने आरोप लगाया कि थाना क्षेत्र में स्थित एक कंपनी में आरोपी सूर्य प्रताप उसके साथ काम करता था। दोनों के बीच संपर्क बढ़ा। इसके बाद शादी का झांसा देकर उसने शारीरिक शोषण किया। बाद में शादी करने से इंकार कर दिया।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आईपीसी व आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानेदार के साथ एसआई विन्ध्याचल प्रसाद, कांस्टेबल सत्येंद्र कुमार, सतीश कुमार शामिल रहे। संवाद

# किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में दो पकड़े

संवाद न्यूज एजेंसी

**सोनहा।** थानाक्षेत्र के एक गांव की 16 वर्षीय किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को मंगलवार को उकड़ा मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। जिनमें अंकित चौधरी निवासी बडौंगी थाना सोनहा और राहुल चौधरी उर्फ मनोज निवासी बसिडिलिया थाना सोनहा शामिल हैं।

इस मामले में पांच आरोपियों के खिलाफ सोमवार को रिपोर्ट दर्ज की गई थी। जिनमें एक आरोपी की कुछ दिन पहले मार्ग दुर्घटना में मौत हो चुकी है। एसएचओ रवींद्र सिंह ने कहा कि बाकी दो आरोपियों की तलाश की जा रही है।

सोमवार को 17 वर्षीय पीड़िता ने तहरीर देकर बताया कि लगभग चार माह पहले वह बाग में लकड़ी बीनने गई थी। उसी समय बनवधिया गांव का प्रेम पांडेय और पीड़िता के गांव का आकाश तिवारी पहुंच गए। दोनों ने तमंचा दिखाकर उसके साथ दुष्कर्म किया और वीडियो बना लिया। आकाश ने उसे एक मोबाइल भी दिया, जिससे फोन करके वह अक्सर धमकी देता रहता था कि किसी से कहोगी तो वीडियो वायरल कर देगा।

## 26 फरवरी को अपहृत कर वारदात को दिया था अंजाम

आरोप है कि 26 फरवरी की रात प्रेम पांडेय ने उसे गांव के बाहर बुलाया। जहां बड़ौनी निवासी अंकित चौधरी भी मौजूद था। वे दोनों ने उसे जबरदस्ती मोटरसाइकिल पर बैठाकर एक खाली मकान में ले गए। जहां पूरी रात प्रेम पांडेय, अंकित चौधरी, असनहरा निवासी प्रिंस और बसडीला निवासी राहुल चौधरी ने दुष्कर्म किया।

सुबह कार में बैठाकर शहर ले गए, जहां एक खाली मकान में रखकर दिन भर दुष्कर्म किया। रात को 10 बजे उसे उसके गांव के पास छोड़कर भाग गए। डर के मारे उसकी मां ने किसी को नहीं बताया। पीड़िता का कहना है कि उसके पिता पूना में रहते हैं। उन्हें पूरी जानकारी देने पर वह घर आए और बेटी को लेकर थाने पहुंचे।

# अमेठी के गिरोह ने चुराया था तारकोल, पांच गिरफ्तार

## चोरी का 26 ड्रम तारकोल बरामद, पिकअप भी ली कब्जे में

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** वाल्टरगंज थाने की पुलिस ने स्वाट टीम के साथ तारकोल चोरी करके बेचने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। अमेठी के रहने वाले गिरोह के पांच सदस्यों को मनौरी चौराहे से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से पिछले दिनों चोरी हुआ साढ़े तीन लाख रुपये की कीमत का 26 ड्रम तारकोल व चोरी की वारदात में इस्तेमाल की गई पिकअप को बरामद किया।



तारकोल चोरी करने वालों के बारे में जानकारी देते पुलिस अधिकारी। संवाद

नवागत एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने पुलिस लाइंस सभागार में प्रेसवार्ता में बताया कि 16 और 21 फरवरी की रात 38 ड्रम तारकोल चोरी होने की वारदात सामने आई थी। वाल्टरगंज थाने में 17 फरवरी को जटाशंकर सिंह निवासी पुरैना थाना वाल्टरगंज ने तहरीर दी कि 16 फरवरी की रात गांव में स्थित उनके गिट्टी प्लांट से 16 ड्रम तारकोल चोरी कर लिया गया है। इसकी रिपोर्ट पुलिस ने दर्ज की। इसके पांच दिन बाद 22 फरवरी को गोविन्दनाथ पाण्डेय निवासी गाऊखोर ने भी थाने में तहरीर दी कि 21 फरवरी की रात गाऊखोर से 22 ड्रम तारकोल चोरी कर लिया। इसकी रिपोर्ट दर्ज कर तफ्तीश की जा रही थी।

सुरागकशी के दौरान पता चला कि अमेठी के रहने वाले गिरोह ने इस वारदात को अंजाम दिया है। मुखबिर की सूचना पर इस गिरोह के पांच सदस्यों को मनौरी चौराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों में अयोध्या निवासी मंगौली थाना जगदीशपुर, रवि, करन व लल्ला निवासी ग्राम गांधीनगर थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी और बृजेश कुमार उर्फ वर्मा निवासी पूरे फकीर शाह मौजा उतेलवा थाना कमरौली जनपद अमेठी शामिल हैं।

गिरफ्तार आरोपियों में करन के खिलाफ चोरी और मारपीट समेत चार मुकदमे दर्ज हैं।

SIDDHARTH NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 15-03-2023

# चोरी के पम्पसेट के साथ गिरफ्तार

डिड़ई (एसएनबी)। थाना शिव नगर डिड़ई क्षेत्र के ग्राम कड़सरा से खेत में खड़ा पम्पसेट सोमवार की रात में चोंरी हो गया था। चोरी के पंपिंग सेट सहित पुलिस ने चौबीस घंटे के अंदर चोर को भी गिरफ्तार कर लिया। कड़सरा निवासी दशरथ का पम्पसेट गाँव से दूर खेत में खडा था, जिसकी सोमवार की रात चोरी हो गई। जानकारी होने पर दशरथ ने इस बावत स्थानीय थाने पर तहरीर देकर कार्यवाही की मांग किया। तहरीर मिलते ही मामले के खुलासे के लिए थानाध्यक्ष राजेश शुक्ला के दिशा निर्देशन व एसआई विश्व मोहन राय के नेतृत्व में पुलिस की टीम मुखबिरों का जाल बिछाकर चोर की तलाश में जुट गई। मुखबिर की सुरागरसी व सूचना के आधार पर मंगलवार करीब दस बजे पुलिस टीम ने गस्त के दौरान बस्ती जनपद सीमा पर स्थित आमी नदी के पास से पम्पसेट सहित एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। पूंछताछ के दौरान गिरफ्तार व्यक्ति ने अपना नाम संतोष कुमार पुत्र घमालू व थाना क्षेत्र के रामनगर गांव का निवासी बताया। गिरफ्तार करने में हे का. मधुसूदन, कां सुशील कुमार, कां अवनीश कुमार तथा विश्वजीत कुमार भी मौजूद रहे। इस बावत थानाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि पंपिंग सेट के साथ गिरफ्तार व्यक्ति के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय भेज दिया गया।



# खाते से उड़ाई रकम वापस मिली

सिद्धार्थनगर। एक व्यक्ति के बैंक खाता से ट्रेडिंग एप के जरिए 61 हजार रुपये का फ्राड कर रकम निकाल ली गई थी। शिकायत के बाद साइबर सेल ने पूरी धनराशि पीड़ित के खाता में वापस करा दिया है। प्रभारी साइबर सेल सुभाष यादव ने बताया कि राज कुमार निवासी डहरा थाना खेसरहा ने शिकायत की थी कि उसके खाता से एक ट्रेडिंग एप के माध्यम से 61 हजार रुपये फ्राड कर निकाल लिए गए है। शिकायत के बाद ट्रेस कर पीड़ित के खाता में पूरी धनराशि वापस करा दी गई है।

# साइबर सेल ने वापस कराया 61 हजार रुपये

सिद्धार्थनगर(एसएनबी)। ट्रेडिंग एप के जरिये ठगे गए 61 हजार रुपये साइबर सेल ने वापस कराने में सफलता हासिल किया है। खेसरहा थाना क्षेत्र के डहरा गांव निवासी राजकुमार ने साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराया कि उनके मोबाइल पर एक व्यक्ति ने फोन करके व्यवसाय के माध्यम से जल्द धन को दोगुना करने का लालच दिया। बातचीत के दौरान वह उसके झांसे में आ गए। इसी बीच उन्होंने बैंक से जुड़ी जानकारी काल करने वाले व्यक्ति को दे दिया। इसी बीच उनके मोबाइल पर एक मेसेज आया। उन्होंने ज्यों ही मेसेज को खोला उनके बैंक खाते से 61हजार रुपये निकाल लिए गए। ठगी का अहसास होने पर तत्काल पीड़ित ने तत्काल इसकी शिकायत पुलिस से की। बरामी टीम में प्रभारी निरीक्षक सुबाष यादव,उप निरीक्षक हरीओम कुशवाहा,अतुल चौबे,अजय यादव आदि शामिल हैं।



# बच्चों को आग बुझाने के तरीके बताए

डुमरियागंज, हिन्दुस्तान संवाद। प्रभारी अग्निशमन अधिकारी विजय पाल सिंह के नेतृत्व में अग्निशमन टीम ने डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम मेमोरियल इंटर कॉलेज बढ़नी में गैस सिलेंडर से लगी आग को बुझाने का तरीका बताया। उन्होंने आग से बचाव के विभिन्न उपायों का प्रदर्शन भी किया।




डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम मेमोरियल इंटर कॉलेज में आग बुझाने के तरीके बताये।

अग्निशमन दस्ता के सदस्यों ने सबसे पहले सिलेंडर में आग लगाकर कार्बन डाइआक्साइड से बुझा कर दिखाया। इसके बाद सिलेंडर से निकले गैस में लगी आग पर नियंत्रण पाने के लिए पानी से भीगे हुए कपड़े को गैस सिलेंडर पर लगा आग बुझाई। अग्निशामन अधिकारी ने बताया कि आपदा से निपटने के लिए जागरूकता आवश्यक है। इस दौरान अरुण श्रीवास्तव, कर्मवीर वर्मा, अरुण कुमार, सैफुद्दीन मलिक आदि रहे।

# बताये आग बुझाने के तरीके

डुमरियागंज (एसएनबी)। मंगलवार को प्रभारी अग्निशमन अधिकारी डुमरियागंज विजय पाल सिंह के नेतृत्व में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम मेमोरियल इंटर कलेज वढ़नी में गैस सिलेंडर से लगी आग को बुझाने के तरीके बताये गये। स्कूली बच्चों को आग से बचाव के विभिन्न उपायों का प्रदर्शन माक ड्रिल के माध्यम से किया गया। अग्निशमन दस्ता के सदस्यों ने सबसे पहले सिलेंडर में आग लगाकर कार्बन डाइआक्साइड से बुझा कर



दिखाया। इसके बाद सिलेंडर से निकले गैस में लगी आग पर नियंत्रण पाने के लिए पानी से भीगे हुए कपड़े को गैस सिलेंडर पर लगाकर आग को बुझाकर दिखाया। यह प्रदर्शन इसलिए किया गया, ताकि आम लोग और स्कूली बच्चे आग लगने पर खुद का बचाव करने के साथ आग पर काबू पा सकें। इस मौके पर टीम के अरुण श्रीवास्तव, कर्मवीर वर्मा, अरुण कुमार, प्रधानाचार्य सैफुद्दीन मलिक सहित पूरा स्टाफ और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# एटीएम बदलकर रुपये निकालने वाला युवक गिरफ्तार

**जासं, डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर:** विभिन्न जिलों में एटीएम बदलकर रुपये निकालने के आरोपित को डुमरियागंज थाना पुलिस ने मंगलवार को बैदौला से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उसकी पहचान राजकुमार उर्फ राजू शर्मा पुत्र सुभाष चन्द्र शर्मा निवासी व थाना पैकोलिया जनपद बस्ती है। उसके खिलाफ गोंडा, अयोध्या, बस्ती आदि जनपद के विभिन्न थानों में 11 मुकदमा दर्ज है।

सीओ राणा महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि बांसी निवासी सोमई ने सोमवार को थाने पर दी गयी तहरीर में बताया कि वह क्षेत्र के बेंवा चौराहे पर एटीएम से पैसा निकालने गए थे, जहां पर एक युवक खड़ा था। उसने चकमा देकर एटीएम कार्ड बदल लिया, जिससे वहां रुपये नहीं निकाल पाया। जब वह हल्लौर एसबीआइ के एटीएम पर पहुंचा, जहां पर वही युवक पहले से खड़ा था और 34500 रुपया निकाल लिए थे। संदेह होने पर उससे पूछताछ करने की कोशिश की तो वह मौके से फरार हो गया। मंगलवार को सूचना मिली कि एक संदिग्ध युवक बैदौला चौराहे के पास खड़ा हुआ है, जिसे पुलिस ने पकड़ लिया। पकड़े गए बदमाश की तलाशी के दौरान उसके पास 34 एटीएम कार्ड, बाइक व 34500 रुपया नकद बरामद हुआ। गिरफ्तारी टीम में प्रभारी निरीक्षक डुमरियागंज बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी, उप निरीक्षक सतेन्द्र कुमार, रणजंय सिंह, विकास सिंह, अवधेश कुमार वर्मा आदि शामिल रहे।

## चोरी के पंपिंग सेट सहित आरोपित धराया, भेजा गया जेल

**जासं, घोसियारी, सिद्धार्थनगर :** थाना शिवनगर डिड़ई क्षेत्र के ग्राम कड़सरा में एक दिन पूर्व गायब हुए पंपसेट को पुलिस ने बरामद कर लिया। इसमें संलिप्त आरोपित थाना क्षेत्र के ग्राम राम नगर निवासी संतोष कुमार पुत्र घमालू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कड़सरा निवासी दशरथ अपना पंपसेट खेत में लगाए हुए थे। बीते सोमवार की रात को चोरों ने उसपर हाथ साफ कर दिया। पंपसेट चोरी जाने की सूचना उन्होंने तत्काल शिवनगर पुलिस को दिया। थानाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने तत्काल पुलिस टीम को बरामदगी के लिए लगा दिया।



गिरफ्तार आरोपित के साथ शिवनगर डिड़ई थाने की पुलिस ● जागरण

मंगलवार की सुबह गश्त के दौरान बस्ती जनपद सीमा पर स्थित आमी नदी के पास से पंपसेट सहित आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान अभियुक्त अपना नाम संतोष कुमार पुत्र घमालू निवासी राम नगर बताया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक विश्वमोहन राय, मुख्य आरक्षी मधुसूदन, आरक्षी सुशील, अवनीश व विश्वजीत मौजूद रहे।

# अभिलेख फर्जी मिलने पर शिक्षिका को दिया नोटिस

- एसटीएफ की जांच में फर्जी पाए गए अभिलेख
- सप्ताह पूर्व अमिता शुक्ला को दिया गया था नोटिस

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। एसटीएफ की जांच में एक शिक्षिका की बीएड के अंक पत्र में किसी और का नाम अंकित होने का मामला सामने आया है। प्राथमिक विद्यालय परसा बुजुर्ग में तैनात शिक्षिका अंजू जायसवाल से जुड़ा हुआ है। बीएसए देवेंद्र कुमार पांडेय ने नोटिस देते हुए मूल अभिलेख के साथ कार्यालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया है।

एसटीएफ की जांच में उस्का बाजार विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय परसा बुजुर्ग में कार्यरत शिक्षिका अंजू जायसवाल के अभिलेख फर्जी मिले हैं। इसके बाद बीएसए ने संबंधित शिक्षिका को नोटिस देकर अपने मूल अभिलेखों के साथ कार्यालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया है। अंजू की नियुक्ति जुलाई 2010 में विशिष्ट बीटीसी के जरिए हुई थी। वह गैर जनपद की निवासी बताई जा रही हैं। एक सप्ताह पूर्व एसटीएफ की जांच में एसटीएफ की जांच में नौगढ़ विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय बसडिलिया में कार्यरत शिक्षिका अमिता शुक्ला के अभिलेख फर्जी मिले थे। एसटीएफ को अमिता नाम की शिक्षिका एक ही अंकपत्र पर फतेहपुर के अलावा बुलंदशहर, बलरामपुर व सिद्धार्थनगर में कार्यरत मिली हैं।

# आज पहुंचेगी कोरियाई तीर्थयात्रियों की टीम

सिद्धार्थनगर। दक्षिण कोरिया के 108 तीर्थयात्री भारत और दक्षिण कोरिया के बीच राजनयिक संबंधों की 50वीं वर्षगांठ के मद्देनजर सारनाथ से श्रावस्ती तक पदयात्रा करने की कड़ी में टीम बुधवार को जिले में पहुंचेगी। दो दिन रहने के बाद 17 मार्च को सुबह श्रावस्ती जिले के लिए रवाना हो जाएगी। मंगलवार देरशाम प्रशासिनक और पुलिस अफसरों ने उनके भ्रमण वाले रूट की चेकिंग की।

दक्षिण कोरिया के 108 तीर्थयात्री गौतम बुद्ध से जुड़े हुए स्थलों का पैदल भ्रमण पर निकले हैं। नौ फरवरी से शुरू कोरियाई बौद्ध धर्म के जोगे आर्डर से संबंधित तीर्थयात्रियों का जत्था 43 दिनों की अवधि में 1167 किलोमीटर की दूरी तय करने का लक्ष्य है।

# एटीएम बदल निकाले रुपये, पुलिस ने दबोचा

डुमरियागंज। एटीएम बदलकर पैसे निकालने के आरोपित को डुमरियागंज पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया है। सीओ ने खुलासा करते हुए बताया कि आरोपित के पास से 34 एटीएम बरामद हुए हैं।

सीओ राणा महेंद्र प्रताप सिंह ने डुमरियागंज थाना परिसर में बताया कि बेंवा स्थित एटीएम बूथ से एक व्यक्ति का पैसा निकाल कर चकमा देकर आरोपित फरार हो गया था। पीड़ित की तहरीर पर डुमरियागंज पुलिस आरोपी के विरुद्ध केस दर्ज कर तलाश कर रही थी। उसे मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि बांसी निवासी सोमई ने सोमवार को थाने पर दी तहरीर में लिखा है कि बेंवा चौराहे पर एटीएम से पैसा निकालने गया था। वहां एक युवक खड़ा था जो चकमा देकर मेरा एटीएम बदल लिया।

# पंपिंग सेट के साथ आरोपित गिरफ्तार

बांसी। शिवनगर डिड़ई पुलिस ने चोरी के पंपिंग सेट के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ल ने बताया कि आरोपित संतोष कुमार निवासी रामनगर के विरुद्ध पंपिंग सेट चोरी का केस दर्ज था। उसकी तलाश में पुलिस टीम लगी हुई थी। मंगलवार की सुबह उसे आमी नदी कड़सरा पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से चोरी का पंपिंग सेट बरामद हुआ है।

# एमवी एक्ट में 36 वाहनों का चालान

सिद्धार्थनगर। यातायात नियमों का उलंघन करने के आरोप में यायात पुलिस ने मंगलवार को अभियान चलाकर 36 वाहनों का एमवी एक्ट में चालान कर दिया। प्रभारी यातायात अमरेश कुमार ने बताया सनई चौराहा, सिद्धार्थ तिराहा, पेट्रोल पंप तिराहा, साड़ी तिराहा पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान हेलमेट, बगैर सीट बेल्ट लगाए वाहन चलाने वालों का चालान किया गया। वाहन स्वामियों से 35500 रुपये शमन शुल्क भी वसूल किया गया।

# सिद्धार्थनगर में बनेगा प्रदेश का पहला पुलिस ई-आफिस

**जासं, सिद्धार्थनगर :** सिद्धार्थनगर प्रदेश का पहला ऐसा जिला बनने जा रहा है, जहां का पुलिस कार्यालय पूरी तरह आनलाइन होगा। ई-आफिस व्यवस्था के तहत माह भीतर यहां विभागीय कार्य शुरू हो जाएगा। इसके लिए छह पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसके संचालित होने के बाद पुलिसकर्मियों की फाइलें आनलाइन हो जाएंगी। उन्हें विभागीय कार्य के लिए मुख्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। थाने से आनलाइन आवेदन कर सकेंगे। अधिकारी भी उनकी फाइलें कहीं से बैठकर देख सकेंगे और निस्तारण कर सकेंगे।

पेंशन, वेतन विसंगति, चरित्र पंजिका सहित अन्य विभागीय कार्यों को लेकर थाने में तैनात पुलिसकर्मी को प्रतिदिन कार्यालय आना होता है। इससे थानों का काम प्रभावित होता है। नई व्यवस्था में पुलिसकर्मी थाने में ही रहकर सीधे आवेदन

## तैयारी

कर सकेंगे। उनकी समस्या पुलिस अधीक्षक से लेकर अन्य संबंधित अधिकारियों के संज्ञान में आ जाएगी। जिस पटल से फाइल संबंधित अधिकारी-कर्मचारी को ट्रांसफर की जाएगी, उसका विवरण दर्ज हो जाएगा। आवेदन निस्तारण की प्रगति की जानकारी मिलती रहेगी। कार्यालय का डेटा आनलाइन होने से सुरक्षित भी रहेगा। आग लगने जैसी घटना में भी रिकार्ड प्रभावित नहीं होगा। एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि सिद्धार्थनगर का पुलिस कार्यालय प्रदेश का पहला ई-आफिस होगा। यह कार्यालय पूरी तरह पेपरलेस होगा। कार्य संचालन के लिए 20 पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मार्च के अंत तक यह ई-कार्यालय कार्य करना शुरू कर देगा।

# जांच में फर्जी मिला शिक्षक का शैक्षणिक प्रमाण पत्र

- **बीएसए ने नोटिस जारी कर मांगा जवाब**
- **उसका ब्लाक के परसा बुजुर्ग में है तैनाती**

**जासं, सिद्धार्थनगर:** परिषदीय स्कूलों में शिक्षक भर्ती फर्जीवाड़ा रुकने का नाम नहीं ले रहा है। मामले की जांच



एसटीएफ गोरखपुर इकाई कर रही है। एसटीएफ की जांच में उसका ब्लाक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय परसा बुजुर्ग में तैनात महिला शिक्षक अनु जायसवाल का शैक्षणिक प्रमाण पत्र फर्जी पाया है। विभाग ने इसकी जानकारी बीएसए को दी है। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने नोटिस जारी कर महिला शिक्षक से जवाब मांगा है।

बेसिक शिक्षा विभाग में शिक्षक भर्ती में फर्जी तैनाती की शिकायत आम है। अब तक 121 फर्जी शिक्षकों की बर्खास्तगी हो चुकी है। जबकि दो महिला शिक्षकों के दस्तावेज फर्जी पाए जाने पर विभाग ने नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। फतेहपुर जनपद के बिजईपुर में कार्यरत अमिता शुक्ला के शैक्षणिक दस्तावेज पर इटवा ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय सुखरामपुर में एक महिला शिक्षक वर्ष 2009 से नौकरी कर रही है। इसी प्रकार नौगढ़ ब्लाक के बसडिलिया में तैनात महिला शिक्षक भी दूसरे के शैक्षणिक दस्तावेज पर नौकरी करती पायी गईं हैं। विभाग ने दोनों महिला शिक्षकों को पत्र देकर जवाब मांगा गया है।

> एसटीएफ ने परसा खुर्द में तैनात महिला शिक्षक के शैक्षणिक दस्तावेज को फर्जी बताया है। शिक्षक को नोटिस देकर जवाब मांगा गया है। जवाब न मिलने पर बर्खास्तगी की कार्रवाई की जाएगी।
>
> **देवेंद्र कुमार पांडेय, बीएसए**

# आत्महत्या करने जा रही महिला को बचाया

जासं, जोगिया: कोतवाली क्षेत्र के ककरही स्थित बूढ़ी राप्ती नदी में आत्महत्या करने जा रही महिला को स्थानीय लोगों ने बचा लिया है। घटना की जानकारी होने पर थाना प्रभारी अभिमन्यु सिंह मय पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। उक्त महिला को सनई स्थित उसके घर पहुंचाया गया।

# ककरहवां सीमा पर कोरियाई तीर्थयात्रियों का होगा स्वागत



कपिलवस्तु में तैयारी का जायजा लेते एसडीएम डा.ललित कुमार मिश्र ( दाएं से दूसरे ) ● जागरण

**जासं,कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर**: भगवान गौतम बुद्ध की क्रीड़ा स्थली कपिलवस्तु आ रहे कोरियाई तीर्थयात्रियों का दल बुधवार की सुबह जिले में प्रवेश करेगा। तीर्थ यात्रियों के ठहराव, प्रार्थना कार्यक्रम आदि को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। वैसे तो बुद्धा टूर की ओर से कोरियाई दल के लिए दिल्ली से ही दो टीम पूरी व्यवस्था के साथ चल रही है। ताकि तीर्थ यात्रियों को कोई समस्या न होने पाए। फिर भी जिला प्रशासन पूरे तैयारी को लेकर पूरे दिन कपिलवस्तु में ही डटा रहा।

भारत-नेपाल को जोड़ने वाला ककरहवां सीमा पर तीर्थ यात्रियों का स्वागत किया जाएगा। यहां पर उनके स्वागत के लिए खंड विकास अधिकारी द्वारा विशेष तैयारी की जा रही है। यहां पर भारतीय सीमा क्षेत्र में फूलों से स्वागतम लिखा जाएगा तथा फूलों की वर्षा तक तीर्थ यात्रियों का स्वागत किया जाएगा। उपजिलाधिकारी डा. ललित कुमार मिश्र ने मंगलवार को कपिवलस्तु के साथ-साथ ककरहवां में भी की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। कपिलवस्तु में तीर्थयात्रियों के लिए बने स्थल पर सेफ हास्पिटल भी बनाया गया है। जहां पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बर्डपुर अधीक्षक द्वारा सेफ हास्पिटल से संबंधित सभी तैयारी पूरी कर ली गई है, इसका भी जायजा एसडीएम ने लिया। इस दौरान खंड विकास अधिकारी सुरेश कुमार, डा सुबोध चन्द्र, सदर क्षेत्राधिकारी अखिलेश कुमार वर्मा, कोतवाली प्रभारी ज्ञानेन्द्र राय आदि उपस्थित रहे।

# फरार आरोपितों के घर कुर्की की नोटिस हुई चस्पा

**जासं, डिड़ई:** थाना शिव नगर डिड़ई के ग्राम असनहरी में भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट के आरोपितों पर कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने डुग्गी मुनादी कराकर उनके घर पर नोटिस चस्पा किया। तीन अप्रैल को न्यायालय में हाजिर न होने पर कुर्की की कार्रवाई की चेतावनी दी गई। असनहरी निवासी राजेन्द्र सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, उपेंद्र सिंह व बगल के



असनहरा में आरोपितों के घर परकार्रवाई करती शिवनगर थाना की पुलिस ● जागरण

गांव अयार के कुछ लोगों के बीच वर्षो से भूमित विवाद चली आ रही है। इसको लेकर कई बार दोनों पक्षों में मारपीट भी हुई। जिसका मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है। कई बार कोर्ट से राजेंद्र सिंह, धर्मेन्द्र सिंह व उपेंद्र सिंह को हाजिर होने की नोटिस जारी हुआ पर हाजिर नहीं हुए। कोर्ट ने एक सप्ताह पूर्व गैर जमानती वारंट जारी कर दिया। उपनिरीक्षक विश्व मोहन रायगांव में पहुंचे डुग्गी-मुनादी कराई।

# आग से बचाव की होनी चाहिए सही जानकारी

## अब्दुल कलाम मेमोरियल इंटर कालेज में आयोजित हुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम

**जासं, भारतभारी:** अग्निशमन विभाग की टीम ने मंगलवार को डा.एपीजे अब्दुल कलाम मेमोरियल इंटर कालेज बढ़नी में छात्र-छात्राओं को आग से बचाव के उपाय बताये। फायर स्टेशन डुमरियागंज के प्रभारी विजय पाल सिंह ने छात्रों को जागरूक करते हुए कहा कि किसी भी भवन में आग लगने पर तत्काल आग को धधकने से रोकना चाहिए। सही जानकारी से हम बड़ी अनहोनी से बच सकते हैं। उन्होंने सिलेंडर से लगे आग को बुझाने के भी कई तरीके बताए और छात्रों को

**नए-नए तरीके दिखाकर छात्र छात्राओं को किया जागरुक**
**अनहोनी होने पर तत्काल उपचार की बताई गई आवश्यकता**

भी इसका अभ्यास कराया। बताया कि यदि किसी के साथ अनहोनी हो जाती है तो उसे तत्काल उपचार के लिए ले जाएं, देरी करने पर जान पर आफत भी आ सकती है। अरुण श्रीवास्तव, कर्मवीर वर्मा, अरुण कुमार, प्रधानाचार्य सैफुद्दीन मलिक सहित पूरा विद्यालय स्टाफ और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



बोरे से सिलेंडर में लगी आग बुझाता अग्निशमनकर्मी ● जागरण

# साइबर सेल ने वापस कराए ठगी के 61 हजार रुपये

**जासं, सिद्धार्थनगर:** ट्रेडिंग एप के जरिये ठगे गए 61 हजार रुपये साइबर सेल ने वापस कराने में सफलता हासिल किया है। खेसरहा थाना क्षेत्र के डहरा गांव निवासी राजकुमार ने साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराया कि उनके मोबाइल पर एक व्यक्ति ने फोन करके व्यवसाय के माध्यम से जल्द धन को दोगुना करने का लालच दिया। इसी बीच उन्होंने बैंक से जुड़ी जानकारी काल करने वाले व्यक्ति को दे दिया। तभी उनके मोबाइल पर एक मेसैज आया। उन्होंने ज्यों ही मेसैज को खोला, उनके बैंक खाते से 61 हजार रुपये निकाल लिए गए। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने तत्काल इसकी शिकायत पुलिस से की।

# एटीएम से पैसा निकालने का आरोपी गिरफ्तार

**डुमरियागंज।** पुलिस ने मंगलवार को एटीएम बदलकर दूसरों के बैंक खातों से पैसे उड़ाने वाले वाले एक शातिर जालसाज को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से विभिन्न बैंकों के 34 एटीएम कार्ड और 34500 रुपये के अलावा बाइक भी बरामद हुई है। डुमरियागंज सीओ राणा महेंद्र प्रताप सिंह ने यह जानकारी दी।

डुमरियागंज थाना क्षेत्र निवासी सोमई बेंवा चौराहा स्थित एटीएम से पैसे निकाल रहा था लेकिन किन्ही कारणों से पैसा नहीं निकला। उसके बाद वह हल्लौर स्थित एसबीआई के एटीएम से पैसा निकालने लगा तो एक व्यक्ति उसका एटीएम कार्ड बदलकर 12 हजार रुपया धोखे से निकाल लिया। सोमई के शोर मचाने पर मौके पर मौजूद सिपाही पहुंचे लेकिन आरोपी फरार हो गया। डुमरियागंज थानाध्यक्ष बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी के नेतृत्व में कांस्टेबल विकास सिंह ने एक संदिग्ध व्यक्ति को बैदौला चौराहा से गिरफ्तार कर पूछताछ कर तलाशी ली।

पूछताछ में उसने अपना नाम राजकुमार उर्फ राजू शर्मा पुत्र सुभाष चंद शर्मा निवासी ग्राम व थाना पैकोलिया, जनपद बस्ती बताया। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए एटीएम जालसाज पर बस्ती, गोंडा, अयोध्या तथा डुमरियागंज सहित कई थानों में गैंगस्टर, जालसाजी, चोरी के 11 मुकदमे पंजीकृत है। संवाद

# चोरी के पंपिंग सेट के साथ शख्स गिरफ्तार

**बांसी।** थाना शिवनगर डिड़ई पुलिस ने मंगलवार को अभियुक्त को गिरफ्तार कर पंपिंग सेट चोरी की घटना का खुलासा किया। थाना क्षेत्र के ग्राम कड़सरा के सीवान से एक दिन पहले पंपिंग सेट चोरी हुआ था। एसओ राजेश कुमार शुक्ला ने बताया कि मंगलवार की सुबह को चोरी के पंपिंग सेट के साथ अभियुक्त संतोष कुमार निवासी रामनगर को पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में एसआई विश्व मोहन राय, मधुसूदन, सुशील कुमार, अवनीश कुमार, विश्वजीत कुमार शामिल रहे। संवाद

# बुद्ध को करीब से जानेगा कोरियाई दल

## जन्मस्थली से क्रीड़ास्थली तक 20 किमी पैदल चलकर आएगा 200 सदस्यीय दल

संवाद न्यूज एजेंसी

सिद्धार्थनगर/कपिलवस्तु। कपिलवस्तु में जहां महात्मा बुद्ध ने अपने जीवन के 29 साल बिताए थे, वहीं दक्षिण कोरिया का 200 सदस्यीय दल शांति का अनुभव करेगा। नेपाल स्थित भगवान बुद्ध की जन्मस्थली लुंबिनी से 20 किमी पैदल चलकर वे कपिलवस्तु पहुंचेंगे। भोर में वे ककरहवा बॉर्डर से जिले में प्रवेश करेंगे और भारत-कोरिया की साझी संस्कृति को भी जानेंगे।

दक्षिण कोरिया से धार्मिक यात्रा पर आए कोरियाई दल को अच्छी व्यवस्था देने के लिए पुलिस प्रशासन ने हरसंभव प्रयास किए हैं। जिस मार्ग से यह दल आएगा, उसपर सफाई के साथ जगह-जगह रोशनी की व्यवस्था भी की गई है। उनके साथ पुलिस के जवान चलेंगे तो कैटल और स्नेक कैचर भी। वैसे इस दल के साथ करीब 60 लोग आगे-आगे चल रहे हैं, जो टेंट व अन्य व्यवस्था बना रहे हैं। इनके साथ प्रशासन की टीम भी है।

सिद्धार्थ विश्वविद्यालय परिसर के सामने स्नानघर चलित शौचालय और सेफ हाउस भी बनाया गया है। सेफ हाउस में दो दिन तक डॉक्टर, स्वास्थ्य कर्मी व इलाज के संसाधन भी उपलब्ध रहेंगे।

एसडीएम डॉ. ललित कुमार मिश्र ने बताया कि कोरियाई दल के लिए पूरी व्यवस्था की गई है।



कपिलवस्तु क्षेत्र में कोरियाई दल के आने से पहले तैयारियों की समीक्षा करते हुए एसडीएम डॉ. ललित मिश्र व अन्य लोग। संवाद

# आग से बचाव के लिए किया जागरूक



डुमरियागंज के बढ़नी स्थित डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम मेमोरियल इंटर कॉलेज में आग बुझाने का तरीका बताती फायर ब्रिगेड की टीम। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

## अग्निशमन विभाग की टीम ने दी जानकारी

**डुमरियागंज।** अग्निशमन विभाग की टीम ने मंगलवार को क्षेत्र के बढ़नी स्थित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम मेमोरियल इंटर कॉलेज में छात्र-छात्राओं को आग से बचाव के उपाय बताए। अग्निशमन अधिकारियों ने विद्यार्थियों के साथ अध्यापकों को भी अग्नि आपदा के प्रति जागरूक किया।

फायर स्टेशन डुमरियागंज के प्रभारी विजय पाल सिंह ने कहा कि किसी भी भवन में आग लगने पर आग को धधकने से रोकना चाहिए। टीम ने आग बुझाने के उपाय के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके अलावा धुंआ रहित गैस वाले रूम में बचने के बारे में भी बताया गया।

गैस सिलिंडर से लगी आग को बुझाने के भी तरीके बताए और छात्रों को भी इसका अभ्यास कराया। इस दौरान अरुण श्रीवास्तव, कर्मवीर वर्मा, अरुण कुमार, प्रधानाचार्य सैफुद्दीन मलिक, शहजाद आलम, सुरेंद्र आदि मौजूद रहे।

# SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 15-03-2023

# एससी-एसटी एक्ट के तहत दो नामज

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा पुलिस ने मंगलवार को थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी दलित महिला की तहरीर पर दो लोगों के खिलाफ छेड़खानी, जाति सूचक गाली और जानमाल की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी दलित महिला ने बताया कि गांव निवासी इमरान खान पुत्र अब्दुल अजीज बेहद दबंग किस्म के व्यक्ति है। बीते 5 नवम्बर 2022 की देर शाम वह बाजार से जरूरी सामानों की खरीदारी करके घर वापस जा रही थी तो उसी दौरान गांव के बाहर सड़क पर सूनसान पाकर उक्त इमरान खान अपने सहयोगी बेलाल अहमद पुत्र रमजान के साथ मिलकर उसे घेरकर छेड़खानी करने लगे। पीड़िता ने बताया कि आरोपी के कृत्य का जब उसने विरोध किया तो दोनों आरोपी उसे जातिसूचक गाली दिए साथ ही गांव से खदेड़ देने तक की धमकी दिए। जिसके सम्बन्ध में उसने स्थानीय धनघटा थाने पर उक्त दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस को लिखित प्रार्थनापत्र दिया लेकिन पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई तो उसने पुलिस उच्चाधिकारियों को भी प्रार्थनापत्र भेजकर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की लेकिन उसके बाद भी कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई तो वह अंत में न्यायालय की शरण में पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई तो सुनवाई के बाद न्यायालय ने उक्त दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश धनघटा पुलिस को पूर्व में दिया था जिसके अनुपालन में पुलिस ने मंगलवार को उक्त दोनों आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 354,504,506 तथा 3 (1) (द), 3 (1) (ध) व 3(1) डबलू (1) एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है। सीओ धनघटा दीपांशी राठौर ने कहा कि जांच में आरोप सत्य पाए जाने पर नामजद आरोपियों को गिरफ्त में लेकर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# एसपी ने की अपराध शाखा की समीक्षा

संतकबीरनगर (एसएनबी)। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने अपने कार्यालय पर अपराध शाखा का अर्दली रूम करते हुए अपराध एवं विवेचनाओं की समीक्षा की। उन्होंने अपराधों की रोकथाम के साथ ही लंबित विवेचनाओं की जानकारी लेते हुए गुणवत्तापूर्ण विवेचना का निर्देश दिया। बैठक में अपराध शाखा में लम्बित विवेचनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए गुण-दोष एवं साक्ष्यों के आधार पर लंबित प्रकरणो का शीघ्र निस्तारण करने हेतु निर्देश दिया गया। साथ ही यह भी निर्देश दिया गया कि शासन के निर्देशानुसार महिला संबन्धित अपराधों एवं साइबर अपराधों में यथाशीघ्र अभिलेखीय एवं अन्य ठोस साक्ष्यों का संकलन कर विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण करना सुनिश्चित करें। इस दौरान वाचक पुलिस अधीक्षक निरीक्षक राकेश कुमार मिश्रा, अपराध शाखा प्रभारी निरीक्षक ष्यदेव सिंह, निरीक्षक विजय नारायण प्रसाद, निरीक्षक अनिल कुमार सिंह, निरीक्षक अशोक कुमार सिह, पीआरओ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र यादव, उप निरीक्षक शशिकान्त तिवारी उपस्थित रहे।



# पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

संतकबीरनगर (एसएनबी)। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी यातायात अम्बरीष सिंह भदौरिया के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात परमहंस ने मय टीम डीघा बाईपास स्थित सरकारी स्कूल प्राथमिक विद्यालय डीघा के अध्यापकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर बच्चों को पढ़ाई के दौरान यातायात नियमों के बारे में जागरूक करने हेतु बताया गया तथा स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को हाईवे पार कराया गया व हाईवे पार करते समय बरतने वाली सावधानियों के बारे में जागरूक कर यातायात नियमों का हमेशा पालन करने हेतु बताया गया। इसी क्रम में यातायात पुलिस द्वारा मेंहदावल बाईपास पर सड़क की पटरियों पर किये गये अतिक्रमण को हटवाया गया तथा भविष्य में सड़क की पटरियों पर अतिक्रमण न करने की सख्त हिदायत दी गयी। वाहन चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति जो अपने मोटरसाइकिल पर ड्रम बांधकर ढो रहा था, जिसे दुर्घटना की संभावना को देखते हुए रोककर नियमानुसार चालान किया गया तथा उसका ड्रम पिकअप पर रखवा कर गंतव्य पर भेजा गया।

# 50 हजार रिश्वत लेते लेखपाल को किया गिरफ्तार

मेंहदावल (एसएनबी)। मेंहदावल तहसील में तैनात एक लेखपाल को एंटी करप्शन की गोरखपुर की टीम ने पचास हजार ₹ रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। जमीन की वंटवारे की फाइल पर रिपोर्ट लगाने के नाम पर लेखपाल ने रिश्वत की मांग की थी। इस मामले की शिकायत के बाद कार्रवाई की गई है। फिलहाल टीम ने आरोपी लेखपाल को बखिरा थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। शिकायतकर्ता शैलेश कुमार पुत्र यदुवंश चौबे निवासी तिरवान पोस्ट डुमरी थाना सहजनवां जनपद गोरखपुर की सांथा ब्लाक के राजेडीहा में भूमि है। मेंहदावल तहसील में उनका वंटवारे का मामला चल रहा है।

**सुबह तहसील गेट के चाय की दुकान से एंटी करप्शन टीम ने आरोपी लेखपाल को दो हजार के पच्चीस नोटों के साथ पकड़ा**

शिकायतकर्ता का आरोप है कि वंटवारे की फाइल में रिपोर्ट लगाने के नाम पर लेखपाल अश्वनी मिश्र ने पीड़ित से 50 हजार ₹ की मांग की थी। इसकी शिकायत उन्होंने एंटी करप्शन टीम गोरखपुर से की। एण्टी करप्शन टीम ने पहले पूरे मामले की जांच कराई। जांच में मामला सही पाए जाने पर मंगलवार को टीम सुबह 9 बजे ही सिविल ड्रेस में बिजली विभाग के अफिस से तहसील गेट तक कुल 13 कर्मचारियों ने जाल बिछाया। जैसे ही सुबह 11 बजे लेखपाल अश्वनी मिश्र गेट पर पहुंचे और गेट के बगल में रामनारायण के चाय की दुकान पर शैलेश से पैसा ले रहे थे तुरंत तैयार संतोष कुमार दीक्षित के नेतृत्व में तैयार टीम में शामिल निरीक्षक शिव मोहन यादव, उदय प्रताप सिंह, सुबोध कुमार, उप निरीक्षक विजय नारायण प्रधान, नीरज कुमार सिंह, मुख्य आरक्षी चंद्रभान मिश्रा, शैलेंद्र कुमार सिंह, चंद्रभान वर्मा, कौशल कुमार राय, आरक्षी पंकज मौर्य, दिलीप कुमार और भक्तिदर्शन सिंह की टीम ने लेखपाल को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में उपजिलाधिकारी मेंहदावल योगेश्वर सिंह ने बताया कि पता चला है कि लेखपाल अश्वनी मिश्र को एंटी करप्शन टीम द्वारा 50 हजार ₹ घूस लेने के मामले में गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने अभी कोई जानकारी नहीं है। इस संबंध में सीओ राजीव यादव ने कहा कि मुझे इस मामले की कोई जानकारी नहीं है। फिलहाल एंटी करप्शन टीम ने आरोपी लेखपाल को बखिरा थाने ले जाकर कानूनी कार्रवाई में जुटी हुई है। इस संबंध में आरोपी लेखपाल अश्वनी मिश्र ने कहा है कि उन्हें गलत तरीके से साजिश के तहत रंजिशन जबरिया फंसाया जा रहा है। जिस रूपये को बतौर घूस देने की बात कही जा रही है उससे उनका कोई लेना-देना नहीं है।

# सीओ कार्यालय के सामने दो पक्ष भिड़े

**धनघटा (एसएनबी)।** पुलिस क्षेत्राधिकारी धनघटा कार्यालय के सामने मंगलवार की शाम दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों में हाथापाई हुई जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने दोनों को धनघटा थाने पर पुलिस अभिरक्षा में भेज दिया। धनघटा पुलिस दोनों [illegible] पर कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया में जुट गई। जानकारी के अनुसार धनघटा थाना क्षेत्र के [illegible] निवासी भवानी यादव के बेटे सुरेन्द्र यादव की शादी गोरखपुर के खजनी थाना क्षेत्र [illegible] गाव निवासी सुबाष की वेटी से हुई है। इस बीच पति-पत्नी के बीच विवाद चल रहा है [illegible] लेकर लड़की पक्ष के लोगों ने धनघटा थाना परिसर स्थित महिला पुलिस परामर्श केन्द्र पर [illegible] देकर न्याय की गुहार लगाई थी। मंगलवार को दोनों पक्षों को पुलिस ने थाने पर वुलाया और मामले को सुलझाने के प्रयास में पुलिस जुट गई। इसी क्रम में दोनों पक्ष को पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय पर सीओ धनघटा दीपांशी राठौर के सामने पेश किया गया जहां पति-पत्नी के वीच अभी आपस में सुलह-समझौते की वात आगे बढ रही थी कि अचानक दोनों पक्षों में विवाद हो गया। देखते ही देखते सीओ आफिस के सामने ही दोनों ओर से लोगों ने हाथापाई शुरू कर दी। इस हाथापाई में लड़की के पिता सुवाष की नाक पर चोट आई और वह घायल हो गए। मामला बढ़ता देख पुलिस क्षेत्राधिकारी धनघटा ने दोनों पक्षों को पुलिस अभिरक्षा में थाने पर भेज [illegible] और कानूनी प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश धनघटा पुलिस को दिया। धनघटा पुलिस दोनों पक्षों के उपर कानूनी प्रक्रिया पूरी करनें के कार्य में जुट गई। प्रभारी निरीक्षक धनघटा जयवर्धन सिंह ने कहा कि परिवारिक विवाद से संबंधित मामला है। दोनों पक्षों से पूछताछ कर पूरे मामले की जानकारी की जा रही है उसके वाद जरूरी विधिक कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# मारपीट, छेड़खानी में नौ नामजद

घनघटा (एसएनबी)। महुली थानान्तर्गत एक गांव में घर में घुसकर छेड़खानी करने का विरोध करने पर मनबढ़ों द्वारा बीते रविवार की रात करीब 11 बजे की गई मारपीट की घटना में महुली पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर नौ नामजद समेत दस अज्ञात के विरूद्ध छेड़खानी और मारपीट का मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस को पीड़िता ने बताया कि रविवार की रात करीब साढ़ें दस बजे संजय पुत्र साधूसरन नामक युवक उसके घर में घुसकर उसके साथ अश्लील हरकत करने लगा जिसका विरोध करने पर आरोपी संजय ने चाकू के बट से वार कर दिया जिससे उसका दांत टूट गया। शोर मचाने पर आरोपी भाग गया लेकिन आधे घंटे के बाद आरोपी संजय गांव निवासी साधूसरन पुत्र रामनाथ, तुलसीराम उर्फ भूसी पुत्र रामनाथ, शम्भू सरन पुत्र रामनाथ, उत्तम पुत्र तुलसीराम, शिवम उर्फ पिल्लू पुत्र तुलसीराम, लालबचन पुत्र जगनरायन, जितेन्द्र पुत्र जगनरायन, टीटी उर्फ दीपक पुत्र जनार्दन सहित 10 अज्ञात व्यक्ति उसके दरवाजे पर रात 11 बजे चढ़ गए। इस दौरान आरोपी संजय फायरिंग करते हुए उसे जबरिया घर से उठाकर ले जाने की धमकी देने लगा तो परिवार के लोगों ने विरोध जताया. जिसपर आक्रोशित उक्त सभी उसके भाई आशुतोष को लोहे की सरिया से दौड़ा-दौड़ा कर मारने लगे जिससे भाई का जहां हाथ टूट गया तो उसके शरीर में भी काफी चोटे आई है। इसके साथ ही उक्त हमलावर उसकी मां और पिता को भी मारपीट कर घायल कर दिए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने उक्त सभी 9 हमलावरों समेत उसके 10 अज्ञात साथियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 147, 323, 324, 354, 452, 504, 506 के तहत मंगलवार को मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है।

# जमीनी विवाद में जानलेवा हमला

बखिरा (एसएनबी)। बखिरा थाना क्षेत्र के ग्राम नौरों में जमीनी विवाद को लेकर चाकू से जानलेवा हमला करने का मामला प्रकाश में आया।पुलिस ने जानलेवा हमला के दो आरोपियों को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय द जेल भेज दिया। दिये गये तहरीर में शद्दाम उर्फ जमाल अहमद पुत्र शैय्यद अली निवासी नौरो थाना बखिरा ने कहा है कि मंगलवार को सुबह लगभग 09रू30 बजे उसके पिता सैय्यद अली मकान का निर्माण करवा रहे थे। मकान बनाने की रंजिश को लेकर उसके पिता शैय्यद अली को गांव के ही सफात मोहम्मद पुत्र शाह मोहम्मद व मो अहमद पुत्र सफात मोहम्मद ने जान से मारने की नीयत से चाकू से हमला कर दिया।जिससे उसके पिता गम्भीर रुप से घायल हो गये ।घायल सैय्यद अली को परिजन ईलाज हेतु संयुक्त जिला चिकित्सालय खलीलबाद ले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 307, 323,504,506 आईपीसी के तहत केस दर्ज कर लिया । थानाध्यक्ष श्याम मोहन ने बताया कि जानलेवा हमला करने के आरोपी सफात मोहम्मद व मो अहमद पुत्र शफात मोहम्मद निवासीगण नौरो को घटना में प्रयुक्त अवैध चाकू के साथ एसआई संजय यादव व रामदरश यादव,कां चन्दन यादव,कां कपिलदेव गौड़ व कां मनीष कुमार खरवार ने गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय/जेल भेज दिया गया।

# नौ नामजद व 10 अज्ञात के खिलाफ छेड़छाड़ का मुकदमा

**कार्रवाई**

- विरोध करने पर चाकू से वार करने के साथ दांत तोड़ने का आरोप
- तहरीर में कट्टे से हवाई फायरिंग करने का भी महिला ने लगाया है आरोप

**नाथनगर, हिन्दुस्तान संवाद।** महुली थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने थाने में तहरीर देकर नौ नामजद और दस अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

महुली थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने पुलिस को दिए गए तहरीर में बताया कि दो दिन पूर्व रविवार की रात में वह घर के कमरे में थी। इसी दौरान कोल्हुआ गांव का रहने वाला संजय पहुंचा तथा उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर चाकू से वारकर दिया। शोर मचाने पर भाग गया।

महिला के अनुसार थोड़ी देर बाद संजय के साथ डेढ़ दर्जन लोग हाथों में लाठी डंडा सरिया लेकर पहुंचे। महिला की पिटाई करने लगे। बीच-बचाव करने पहुंचे परिजनों को भी मारपीट कर घायल कर दिया। महिला के अनुसार हवाई फायरिंग भी की गई। इंस्पेक्टर सन्तोष मिश्र ने बताया कि महिला की तहरीर पर कोल्हुआ गांव के रहने वाले संजय पुत्र साधु सरन, साधु सरन पुत्र राम नाथ, तुलसीराम उर्फ भूसी पुत्र रामनाथ, शम्भूसरन पुत्र रामनाथ, उत्तम पुत्र तुलसीराम उर्फ भूसी, शिवम उर्फ पिल्लू पुत्र तुलसीराम उर्फ भूसी, लालबचन उर्फ लल्ला पुत्र जगनारायन, जितेंद्र पुत्र जगनारायन एवं टीटी उर्फ दीपक पुत्र जनार्दन के अलावा दस अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# दुर्घटना में घायल को इलाज के लिए भेजवाया

संतकबीरनगर। पीआरवी 1485 को थाना धनघटा क्षेत्र के हड़िया माफी गांव से कालर ने मार्ग दुर्घटना में घनश्याम पुत्र अंगद व रामचन्दर पुत्र सहदेव जनपद गोरखपुर के घायल होने के सम्बन्ध में सूचना दिया। पीआरवी कर्मियों ने तत्काल घायलों को अस्पताल भेजवाया।

# 84 वाहन चालकों से वसूला शमन शुल्क

संतकबीरनगर। जनपद पुलिस ने वाहन जांच के दौरान ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले 84 वाहन के चालकों से शमन शुल्क वसूल किया। चेकिंग के दौरान समस्त एसओ एवं प्रभारी यातायात संयुक्त पुलिस टीम ने मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कार्रवाई करते हुए 84 वाहन चालकों से यातायात नियम का उल्लंघन करने के मामले में 85 हजार रूपए शमन शुल्क वसूल किया।

# पुलिस ने 17 आरोपितों पर की कार्रवाई

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने कई मामले में 17 आरोपितों को पकड़कर उनके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की। जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध धर पकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने चार, दुधारा दो, धनघटा पांच, बखिरा पांच और बेलहरकला पुलिस ने एक आरोपित को दबोचकर शांति भंग की आशंका में चालान किया।

# चार वारंटी गिरफ्तार

मेंहदावल। मेंहदावल पुलिस ने चार गैर जमानती वारंटी को गिरफ्तार किया है। न्यायालय में हाजिर न होने पर जारी गैर जमानती वारंट पर पुलिस ने यह कार्रवाई किया है। प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि थानाक्षेत्र के नगपुर निवासी दुर्बल, नेवास, रामसरन तथा रामकुमार को चौकी प्रभारी नौलखा राजेश दूबे ने गिरफ्तार किया है। चारों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

# आधी रात के बाद बज रहा डीजे जब्त

संतकबीरनगर। खलीलाबाद थाना क्षेत्र में आधी रात के बाद बज रहे डीजे को पकड़कर पुलिस ने जब्त करते हुए संचालक व अन्य के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाल सर्वेश कुमार राय ने बताया कि कलेक्ट्रेट चौकी इंचार्ज राकेश कुमार कुमार क्षेंत्र में शान्ति व्यवस्था व रात्रि गस्त पर थे। करीब एक बजे रात्रि को बड़गों चौराहे के पास स्थित मैरेज हाल में डीजे तेज ध्वनि में बज रहा था। मौके पर जाकर देखा तो रवि पुत्र हरिकेश साहनी निवासी जंगलकला कोतवाली खलीलाबाद ने उक्त मैरेज हाल में डीजे लगाया था।

पुलिस वालों को देखकर डीजे स्वामी व उसके साथी मौके से भाग गए। इसके बाद डीजे को बन्द कराया गया तथा मौके से एक एम्पलीफायर मशीन आहुजा को कब्जे में लिया गया। इनका कार्य ध्वनि प्रदूषण (विनिपयन एवं नियन्त्रण) नियमावली के तहत प्रतिबन्धित है। इनकें द्वारा प्रतिबन्धित अवधि रात्रि 10 बजे से 6 बजे के मध्य तेज ध्वनि में डीजे बजाया जा रहा था।

# यातायात नियमों की दी जानकारी

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने मंगलवार को शिक्षकों व छात्रों को यातायात नियम की जानकारी दिया।

प्रभारी यातायात परमहंश यादव की टीम ने डीघा बाईपास स्थित सरकारी स्कूल प्राथमिक विद्यालय डीघा के अध्यापकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर बच्चों को पढ़ाई के दौरान यातायात नियमों के बारे में जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को हाईवे पार कराया। उन्हें हाईवे पार करते समय बरतने वाली सावधानियों के बारे में जानकारी दी। यातायात पुलिस ने मेंहदावल बाईपास पर सड़क की पटरियों पर अतिक्रमण हटवाकर सख्त हिदायत दी।

# जानलेवा हमले में दो आरोपित गिरफ्तार

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने जानलेवा हमले मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार कर उन पर अग्रिम विधिक कार्रवाई किया। थाना बखिरा पुलिस ने मामले के वांछित आरोपित अभियुक्त सफात मोहम्मद पुत्र शाहमोहम्मद व मोहम्मद अहमद पुत्र शफात मोहम्मद निवासीगण नौरो को हरदी नहर पुलिया के पास से कार्रवाई करते दबोचा।

पुलिस के अनुसार 14 मार्च को वादी शद्दाम उर्फ जमाल अहमद निवासी नौरो ने थाना स्थानीय पर सूचना दिया कि उक्त विपक्षीगणों ने मकान बनाने की रंजिश को लेकर उसके पिता सैय्यद अली को जान से मारने की नीयत से चाकू से हमला कर घायल कर दिया।

# दुष्कर्म के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। घर में घुसकर दुष्कर्म के आरोपी का जमानत प्रार्थना पत्र एडीजे एवं विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट दिनेश प्रताप सिंह की कोर्ट ने खारिज कर दिया। आरोपी चन्द्र प्रकाश उर्फ भनभान पर मायके में रहने वाली महिला ने जबरिया दुष्कर्म करने का आरोप लगाया गया है।

मामला महुली थानाक्षेत्र का है। विशेष लोक अभियोजक आशीष प्रसाद पांडेय ने बताया कि प्रकरण में पीड़िता ने सीजेएम कोर्ट में आवेदन किया था। कोर्ट के आदेश पर आरोपी के विरुद्ध घर में घुसकर जान से मारने की धमकी देकर दुष्कर्म करने का अभियोग पंजीकृत हुआ था। कोर्ट में दिए आवेदन में पीड़िता ने आरोप लगाया था कि गर्मी के कारण 7 सितम्बर 2022 को घर का आधा दरवाजा खोलकर बच्चे के साथ सोई थी। रात लगभग एक बजे आरोपी घर में घुसकर अश्लील हरकत करने लगा।

विरोध किया तो बच्चे का गला दबाकर मार डालने की धमकी दिया। पीड़िता सहम गई। इस दौरान उसने मेरे साथ दुष्कर्म किया। पति से मेरा विवाद के कारण मायके में रहती हूं। आरोपी चन्द्र प्रकाश उर्फ भनभान पुत्र सघन नगर पंचायत हरिहरपुर थाना महुली के जमानत प्रार्थना पत्र का विशेष लोक अभियोजक आशीष प्रसाद पांडेय ने विरोध किया।

# वाहन चालक पर मुकदमा दर्ज

जासं, संतकबीर नगर : खलीलाबाद कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को सहजनवां थाना के ग्राम टड़वा कला के एक व्यक्ति की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। तहरीर में प्रयाग प्रसाद ने लिखा है कि वह चार पहिया गाड़ी से कुछ दिन दिन पूर्व मगहर आए थे। वह अभी राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित दुर्गा मंदिर के पास पहुंचे ही थे कि एक ट्रक चालक ने उनकी गाड़ी को ठोकर मार दिया था।

## दंपती समेत चार पर मारपीट का मुकदमा दर्ज

संतकबीर नगर : कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने मंगलवार को दंपती समेत चार पर मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम कोनी की शुभावती ने तहरीर में कहा कि सुबह सात बजे उनके पट्टीदार परमहंस मौर्य और उनकी पत्नी कन्यावती, रामआसरे व उनकी पत्नी निर्मला ने मारपीट करके घायल कर दिया था। (जासं)

## भूमि पर कब्जा करने का केस

संतकबीर नगर : खलीलाबाद क्षेत्र के बनकटवा की रहने वाली इंदू ने तहरीर देकर गांव के राजाराम चौरसिया पर भूमि पर जबरन कब्जा करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। (जासं)

# फरार दारोगा के खिलाफ गैर जमानती वारंट, होगी कुर्की

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : फर्जी तरीके से पासपोर्ट का सत्यापन करके 101 पासपोर्ट जारी करने वाले गिरोह के सरगना व एलआइयू (स्थानीय अभिसूचना इकाई) के फरार दारोगा कामेश्वर मिश्रा के खिलाफ पुलिस ने गैरजमानती वारंट जारी कर दिया है। इस मामले में हेड कांस्टेबल और बिचौलिया सात मार्च को ही गिरफ्तार कर जेल भेजे जा चुके हैं। घटना के बाद से ही दारोगा फरार चल रहा है। एसपी के कड़े रुख के बाद पुलिस ने दारोगा की तलाश तेज कर दी है।

**कैसे हुआ था रैकेट का पर्दाफाश** : 29 जनवरी को कुशीनगर जनपद के रामकोला थाना क्षेत्र के मोरवन गांव के ओम प्रकाश शुक्ल ने गांव के विजय शुक्ल के ऊपर आरोप लगाया कि उनके विरुद्ध कुशीनगर जिले में मुकदमा दर्ज है। मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है। गुंडा एक्ट की भी कार्रवाई हो चुकी है। विजय ने संतकबीर नगर जिले के इमलीडीहा गांव के पते पर पासपोर्ट बनवाया और दुबई चला गया। इस मामले में मुकदमा दर्ज करने के बाद जांच शुरू हुई तो पता चला कि संतकबीर नगर में 101 पासपोर्ट में इस तरह की हेराफेरी की गयी है। फर्जीवाड़े के इस काम में एलआइयू का दारोगा कामेश्वर मिश्र के साथ हेड कांस्टेबल मनोज पटेल व खलीलाबाद के घोरखल का रहने वाला बिचौलिया वीरेंद्र यादव शामिल हैं। एसपी के निर्देश पर तत्काल तीनों पर मुकदमा दर्ज किया गया। हेड कांस्टेबल और बिचौलिया गिरफ्तार कर लिए गए। हालांकि घटना की जानकारी होने के बाद से ही दारोगा कामेश्वर मिश्र फरार हो गए। एसपी के कड़े रुख के बाद पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी कर दिया। एक सप्ताह में यदि वह पकड़ा नहीं गया तो उसके विरुद्ध कुर्की का आदेश होने के बाद उस पर इनाम घोषित कर दिया जाएगा।



" आरोपित दारोगा की तलाश में पुलिस की दो टीम लगाई गयी है। दारोगा के विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी कर दिया गया है। अगर वह सप्ताह भर के अंदर नहीं पकड़ा जाता है तो उसके घर की कुर्की की जाएगी और उसे भगोड़ा मानकर इनाम घोषित कर दिया जाएगा।

**सत्यजीत गुप्ता**, पुलिस अधीक्षक

## दारोगा पर पूर्व में भी लगते रहे हैं आरोप

आरोपित दारोगा पूर्व में भी उल्टे सीधे काम करने के लिए बदनाम रहा है। हालांकि उच्चाधिकारियों से अच्छे संबंधों के चलते वह बचता रहा। इस बार भी जैसे ही उसे कार्रवाई की भनक लगी, वह फरार हो गया। बताया जाता है कि उसके फरार होने में विभाग के ही कुछ लोगों का हाथ है।

# बेटी को बेचना चाहता है, बचा लीजिए साहब

- पुलिस अधीक्षक के जनता दर्शन में पहुंचे पिता ने की फरियाद
- बेटी ने भी सुनाई पीड़ा, एसपी ने दिया मदद का भरोसा

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : महुली थाना क्षेत्र के एक पिता ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक के जनता दर्शन में पहुंचकर कहा कि साहब उसकी बेटी को बचा लीजिए। एक आरोपित उनकी नाबालिग बेटी को बेचना चाहता है। पिछले कुछ दिनों से बेटी के पीछे पड़ा है। कई बार छेड़खानी भी कर चुका है। स्थानीय पुलिस मदद नहीं कर रही है। आपकी शरण में आया हूं। एसपी ने पिता को मदद का भरोसा दिया और तत्काल पुलिस को कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

सोमवार को पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता जनपद के विभिन्न स्थानों से आए फरियादियों की पीड़ा सुन रहे थे। इसी बीच महुली थाना क्षेत्र के एक गांव का पीड़ित पत्नी और बेटी के साथ उनके सम्मुख प्रस्तुत हुआ। उसने कहा कि गांव के पड़ोस का एक व्यक्ति उनकी बेटी के पीछे पड़ा है। वह बेटी को बेचना चाहता है। पिछले दो माह से वह अलग-अलग मोबाइल नंबरों से बेटी को परेशान कर रहा है। पुलिस को सूचना दी लेकिन वह कुछ सुनने को तैयार नहीं है। थकहार कर आपकी शरण में आया हूं। मदद कीजिए नहीं तो सब कुछ बर्बाद हो जाएगा। किशोरी ने भी एसपी को पीड़ा सुनाई।

पीड़ित की बातों को सुनने के बाद एसपी ने उसे ढांढस बधाया। महुली के थानेदार को फोन किया और तत्काल गांव में पहुंचकर मामले की जांच का निर्देश दिया। उन्होंने पिता से कहा कि आप परेशान मत होइए। कुछ नहीं होगा। आपकी बेटी सुरक्षित रहेगी, आरोपित जेल जाएगा।

### पति ने घर से निकाल दिया है, उसे समझाइए

जनता दर्शन में एक महिला सात वर्ष के बच्चे के साथ एसपी के सम्मुख प्रस्तुत हुई। रोते हुए कहा कि उसके पति ने घर से निकाल दिया है। बेटे के साथ वह दर-दर भटक रही है। पति को समझा दीजिए कि वह हमें घर वापस बुला दे। बेटा का स्कूल भी छूट गया है। बहुत परेशान हूं। एसपी ने महिला को भरोसा दिया कि आप चिंता मत कीजिए। आपके पति को बुलाकर समझाया जाएगा। यदि वह गलत करेगा तो उससे सख्ती से निपटा जाएगा।

# वालीबाल में संतकबीर नगर की टीम विजयी

## 71वीं गोरखपुर जोन की अंतरजनपदीय खेल प्रतियोगिता, खिलाड़ियों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

जागरण संवाददाता, देवरिया: पुलिस लाइन मैदान में मंगलवार को 71वीं गोरखपुर जोन की अन्तरजनपदीय पुलिस वालीबाल, बास्केटबाल, हैंडबाल, सेपक टकरा, योगा एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिता शुरू हुई। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने गोरखपुर जोन के सभी जनपदों से आई टीमों के परेड की सलामी ली। उन्होंने वालीबाल को नेट पार कराकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उधर वालीबाल प्रतियोगिता में देवरिया की टीम ने महराजगंज को हराया।

वालीबाल प्रतियोगिता में कुल पांच मैच खेले गए। जिसमें दूसरा मैच श्रावस्ती व सिद्धार्थनगर के बीच खेला गया, जिसमें सिद्धार्थनगर की टीम विजयी रही। तीसरा मैच कुशीनगर व बलरामपुर के बीच खेला गया। जिसमें कुशीनगर की टीम ने मैच जीता। चौथा मैच गोरखपुर व गोण्डा के बीच खेला गया। जिसमें गोरखपुर की टीम विजयी रही। पांचवां मैच बहराइच व बस्ती के बीच हुआ जिसमें बहराइच की टीम विजयी रही।



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते एसपी संकल्प शर्मा • जागरण

बास्केटबाल प्रतियोगिता में कुल चार मैच खेले गए, जिसमें प्रथम मैच गोरखपुर व कुशीनगर के मध्य खेला गया। गोरखपुर की टीम विजयी रही, दूसरा मैच संतकबीरनगर व श्रावस्ती के मध्य खेला गया। जिसमें संतकबीर नगर की टीम विजयी रही। तीसरा मैच महराजगंज व सिद्धार्थनगर के बीच हुआ जिसमें सिद्धार्थनगर विजयी रहा। चौथा मैच बस्ती व बलरामपुर के बीच खेला गया। जिसमें बस्ती की टीम ने मैच जीता।

हैंडबाल प्रतियोगिता में भी कुल चार मैच हुए। जिसमें प्रथम मैच बस्ती व संतकबीर नगर के बीच खेला गया, जिसमें बस्ती की टीम विजयी रही। दूसरा मैच सिद्धार्थनगर व गोंडा के बीच मैच खेला गया। जिसमें सिद्धार्थनगर की टीम विजयी रही। तीसरा मैच श्रावस्ती व बलरामपुर के बीच खेला गया। जिसमें श्रावस्ती की टीम विजयी रही। चौथा मैच देवरिया व गोरखपुर के बीच हुआ। जिसमें देवरिया की टीम विजयी रही।

टेबल टेनिस प्रतियोगिता में कुल पांच मैच खेले गए। जिसमें प्रथम मैच गोंडा व कुशीनगर के बीच खेला गया। कुशीनगर की टीम विजयी रही, दूसरा मैच जनपद बहराइच व देवरिया के मध्य खेला गया जिसमें देवरिया की टीम विजयी रही। तीसरा मैच जनपद गोरखपुर व सिद्धार्थनगर के मध्य खेला गया जिसमें सिद्धार्थनगर की टीम विजयी रही। चौथा मैच जनपद संतकबीर नगर व श्रावस्ती के मध्य खेला गया। जिसमें जनपद संतकबीरनगर विजयी रहा। पांचवां मैच बलरामपुर व महराजगंज के मध्य खेला गया जिसमें महराजगंज की टीम विजयी रही।

सेपक टकरा में कुल चार मैच खेले गए जिसमें प्रथम मैच देवरिया व महराजगंज के बीच खेला गया, जिसमें देवरिया की टीम विजयी रही। दूसरा मैच बस्ती व बहराइच के बीच हुआ, जिसमें बहराइच की टीम विजयी रही। तीसरा मैच गोंडा व बलरामपुर के मध्य खेला गया जिसमें बलरामपुर विजयी रहा। चौथा मैच जनपद संतकबीरनगर व सिद्धार्थनगर के मध्य खेला गया जिसमें सन्तकबीरनगर की टीम विजयी रही।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी लाइन्स जिलाजीत, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन विजय राज सिंह, उनि रामानन्द यादव आदि उपस्थित रहे।

# लेखपाल 50 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार

## जमीन के बंटवारे की फाइल पर रिपोर्ट लगाने के एवज में घूस लेने का आरोप, पीड़ित ने भ्रष्टाचार निवारण शाखा गोरखपुर में की थी शिकायत

संवाद न्यूज एजेंसी

मेंहदावल/बखिरा । गोरखपुर की भ्रष्टाचार निवारण शाखा ने मंगलवार को मेंहदावल तहसील गेट के पास लेखपाल को 50,000 रुपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। लेखपाल पर जमीन के बंटवारे की फाइल पर रिपोर्ट लगाने के लिए रिश्वत लेने का आरोप है। आरोपी लेखपाल के खिलाफ बखिरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। उसे निलंबित कर दिया गया है।

गोरखपुर के सहजनवां क्षेत्र के तिवरान गांव निवासी शैलेष कुमार ने बताया कि उन्होंने मेंहदावल तहसील क्षेत्र के राजेडीहा के चौखड़ी गांव में जमीन का बैनामा कराया था। इसमें कुछ लोग अपना दावा कर रहे थे। दिसंबर 2022 में एसडीएम मेंहदावल से मिलकर वार्ता की थी।

एसडीएम ने लेखपाल अश्वनी मिश्रा को रिपोर्ट लगाने के निर्देश दिए थे। आरोप है कि लेखपाल ने एक लाख रुपये मांग की। बाद में 50,000 रुपये में तैयार हो गया था।

एंटी करप्शन गोरखपुर कार्यालय के प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार दीक्षित ने बताया कि शैलेष ने चार दिन पहले लेखपाल की शिकायत की थी। मंगलवार को उनकी अगुवाई में टीम ने मेंहदावल तहसील गेट के पास राम नरायन की चाय की दुकान से आरोपी लेखपाल अश्वनी मिश्रा को शिकायतकर्ता से 50,000 रुपये रिश्वत लेते पकड़ हुए लिया।

बरामद हुए रुपयों में 2000 के 25 नोट हैं। बखिरा थाने के एसओ श्याम मोहन ने बताया कि आरोपी लेखपाल अश्वनी मिश्रा के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

### एक वर्ष पहले भी हुआ था निलंबित



आरोपी लेखपाल अश्वनी कुमार

एसडीएम योगेश्वर सिंह ने बताया कि मेंहदावल तहसील में कार्यरत लेखपाल अश्वनी मिश्र को एक वर्ष पहले भी रिश्वत लेने के एक मामले में निलंबित किया गया था। आरोपी लेखपाल पर इससे पूर्व भी कई प्रकार के आरोप लग चुके हैं। इस मामले में भी आरोपी लेखपाल को निलंबित कर दिया गया है।

# छह साल में पूर्व बीएसए समेत पांच पकड़े गए

संतकबीरनगर। जमीन के बंटवारे की फाइल में रिपोर्ट लगाने के लिए 50,000 रुपये घूस लेते पकड़े गए लेखपाल अश्वनी मिश्रा की कार्यप्रणाली पहले से ही चर्चा में रही है। एक साल के भीतर यह रिश्वत लेने का दूसरा मामला पकड़ा गया।

छह वर्षों में कई अधिकारी, कर्मचारी रिश्वतखोरी में जेल जा चुके हैं, लेकिन न तो सरकारी विभागों के लोग सबक ले रहे हैं और न ही भयभीत हो रहे हैं।

19 जनवरी 2022 को ट्रेजरी के सहायक लेखाकार अवधेश मिश्रा को रिश्वत लेते एंटी करप्शन की टीम ने पकड़ा था।

इसके पूर्व 25 जुलाई 2017 को ट्रेजरी के ही सहायक लेखाकार बृजेश चंद्र को एंटी करप्शन टीम ने पकड़ा था।

चार साल पहले तत्कालीन बीएसए और बीएसए कार्यालय के लिपिक विजय कुमार रिश्वत लेते पकड़े गए थे। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग का भी एक कर्मी पकड़ा गया था। कोतवाली में तैनात एक दरोगा को भी एंटी करप्शन टीम ने पकड़ा था।

मेंहदावल संवाद के अनुसार पूर्व में मेंहदावल विकास खंड के ग्राम पंचायत दीयाबाती में एक व्यक्ति की पट्टा शुदा जमीन की पैमाइश के नाम पर धन उगाही करने वाले हल्का लेखपाल राजेश चौधरी को विजिलेंस टीम गोरखपुर ने 10,000 रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा था।

टीम ने घूस लेने के आरोपी लेखपाल को हिरासत में लेने के बाद मेंहदावल थाने लाई थी, जहां पर उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए पुलिस ने जेल भेजा था। उस समय यह मामला काफी चर्चित रहा।

वहीं किसान यूनियन के लोगों ने रोडवेज परिसर में कार्यक्रम के दौरान एक लेखपाल को पकड़कर अपने मंच पर बंधक बना लिया था, जिसने माइक से सरेआम यह कहा था कि मैं घूस लेता हूं, लेकिन अब नहीं लूंगा। यह मामला भी काफी चर्चित रहा। इसके बाद भी रिशतवतखोरी नहीं रुक रही है।

### छह साल के भीतर पूर्व बीएसए, सहायक लेखाकार समेत कई जा चुके हैं जेल



बखिरा थाने में लेखपाल पर कार्रवाई करती भ्रष्टाचार निवारण की टीम।

### धनघटा में भी पकड़े जा चुके हैं रिश्वतखोर

धनघटा। सरकारी कर्मचारी रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ भले ही पकड़े जा रहे हों, लेकिन रिश्वतखोरी रुकने का नाम नहीं ले रही है। धनघटा में बैंक मैनेजर दरोगा और लेखपाल रिश्वतखोरी के मामले में जेल की हवा खा चुके हैं। वर्ष 2015 में पंजाब नेशनल बैंक की धनघटा शाखा के तत्कालीन प्रबंधक आरडी प्रसाद को सीबीआई की टीम ने बैंक में 50 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए पकड़ा था। उन्हें जेल की हवा खानी पड़ी। उसके बाद पौली पुलिस चौकी के प्रभारी विनोद कुमार को एंटी करप्शन टीम ने एक महिला से दस हजार रिश्वत लेते हुए पकड़ा था, लेकिन देर शाम आरोपी दरोगा नाटकीय ढंग से थाने से भाग निकला था। धनघटा तहसील में कार्यरत कानूनगो भानु प्रताप सिंह को एंटी करप्शन टीम ने तहसील गेट पर रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया था। धनघटा थाने में कार्यरत दरोगा राममिलन यादव रिश्वत लेते पकड़े गए थे। धनघटा तहसील में कार्यरत रहे लेखपाल स्वर्गीय राजदेव गुप्ता को भी रिश्वत लेते हुए एंटी करप्शन टीम ने पकड़ा था। संवाद

# लंबित प्रकरणों के निस्तारण के निर्देश

संतकबीरनगर। एसपी सत्यजीत गुप्ता ने पुलिस कार्यालय में मंगलवार को मातहतों के साथ बैठक की। इस दौरान अपराध शाखा में लंबित विवेचनाओं की जानकारी ली। संबंधित विवेचकों को गुण दोष एवं साक्ष्यों के आधार पर लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशानुसार महिला संबंधित अपराध एवं साइबर अपराधों में यथाशीघ्र अभिलेखीय एवं अन्य ठोस साक्ष्यों का संकलन कर विवेचनाओं का निस्तारण करें। इस दौरान वाचक पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार मिश्रा, अपराध शाखा प्रभारी निरीक्षक कृष्णदेव सिंह, निरीक्षक विजय नारायण प्रसाद, निरीक्षक अनिल कुमार सिंह आदि मौजूद रहे। संवाद

# यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक किया

**संतकबीरनगर।** बच्चों और अध्यापकों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से यातायात पुलिस ने मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय डीघा बाईपास में कार्याशाला लगाई।

पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देश पर यातायात प्रभारी परमहंस ने डीघा बाईपास स्थित प्राथमिक विद्यालय में पहुंच कर वहां मौजूद बच्चों और अध्यापकों को यातायात के नियमों के बारे में बताया। इस दौरान यातायात प्रभारी ने स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को हाईवे पार कराया और सड़क पार करने के दौरान बरती जाने वाली सावधानी के बारे में समझाया।

यातायात कर्मियों ने कहा कि नियमों का पालन कर दुर्घटना से बचा जा सकता है। बाइक चलाते समय हेलमेट जरूर पहनें। इसमें लापवाही से जान भी जा सकती है।

इसी क्रम में यातायात पुलिस ने मेंहदावल बाईपास पर सड़क की पटरियों को अतिक्रमण से मुक्त करवाया और अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी। नियम के विपरित वाहन खड़ा करने वालों का चालान किया गया। संवाद

GONDA POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 15-03-2023

# भूमि विवाद में दो पक्ष भिड़े, तीन पर केस दर्ज

मनकापुर। भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट के मामले में पीड़ित के तहरीर पर पुलिस ने दो महिला समेत तीन लोगों के खिलाफ मारपीट व जान मारने की धमकी के आरोप में एफआईआर दर्ज की है। ग्राम दुलहिया तिवारी निवासी शिवम त्रिपाठी ने मंगलवार को कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि रास्ते के विवाद को लेकर 13 मार्च की रात लगभग नौ बजे विपक्षी गण विकास तिवारी, रामा देवी, मीना ने आकर उसे मारा-पीटा।

# मादक पदार्थ के साथ आरोपी गिरफ्तार

गोण्डा। नगर कोतवाली पुलिस की टीम ने मंगलवार को मादक पदार्थ के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गश्त के दौरान पुलिस ने आरोपी अनीस बेग को पकड़ा। तलाशी में उसके पास से 650 ग्राम गांजा और चोरी के 1710 रूपये बरामद किये है। नगर कोतवाल राकेश कुमार सिंह ने बताया आरोपी के विरूद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेजा गया है।

# धोखाधड़ी में सात पर केस

गोण्डा, संवाददाता। कूटरचित तरीके से जमीन का बैनामा करा लेने के मामले में सात लोगों पर केस दर्ज हुआ।

देहात कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तुर्काडीहा निवासी अनिल कुमार मिश्रा पुत्र रामबदल मिश्रा तहरीर में कहा कि नगर कोतवाली क्षेत्र के परेड सरकार स्थित एक जमीन का एग्रीमेंट करवाया था। इस पर विपक्षियों की नजर गड़ गई। आरोप है कि विपक्षियों की ओर से इस भूमि को भूल जाने और पैसा वापस न मांगने को कहकर डराया धमकाने जाने लगा। जिसकी भूमि थी, उसे भी साजिशन अपने साथ मिला लिया। इसके बाद कूटरचना कर विपक्षियों ने भूमि बैनामा करा लिया। कूटरचना के आधार पर उसी जमीन को कई को बैनामा करवा दिया।

# वरदान अस्पताल में युवक की मौत पर हंगामा, सीज

**संसू, कर्नलगंज (गोंडा) :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप स्थित वरदान हास्पिटल में इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई। मौत के बाद मृतक के स्वजनों ने जमकर हंगामा किया । अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही से इलाज करने का आरोप लगाया। मामला बढ़ता देख अस्पताल के डाक्टर व स्टाफ मौके से भाग निकले। पुलिस ने मामले की जानकारी ली। वहीं शाम को अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अगुवाई में हास्पिटल को सीज करने की कार्रवाई भी की गई। फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

सोमवार को कटरा बाजार बनगांव निर्मल पुरवा निवासी गोकुल प्रसाद पांडेय अपने पुत्र पवन कुमार पांडेय को पेट में दर्द होने पर इलाज के लिए लखनऊ-गोंडा हाईवे स्थित वरदान हास्पिटल में भर्ती कराया था। वहां उसके पुत्र को उपचार के लिए भर्ती लेने के बाद कई जांच कराई गई। मृतक के पिता ने कहा कि डाक्टर संदीप कुमार गोस्वामी जो उपचार कर रहे थे उन्होंने जांच रिपोर्ट देख कर सब कुछ सामान्य



वरदान हास्पिटल मे युवक की मौत के बाद लगी भीड़ ● जागरण

**पुलिस को है पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अगुवाई में हास्पिटल को किया गया सीज**

बताया था। इसके साथ ही उसके इलाज के लिए दो लाख रुपये का प्रबंध करने को कहा। रुपये लेने वह अपने गांव चले गए। दूसरे दिन मंगलवार को दिन में 11 बजे डाक्टर संदीप कुमार गोस्वामी ने उसके पुत्र पवन को एक इंजेक्शन लगाया। इसके 15 मिनट बाद ही उसके पुत्र की मौत हो गई। इस मामले की शिकायत सीएमओ से की गई है। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी


वरदान हास्पिटल को सीज करवाते अपर सीएमओ डा.जय गोविन्द ● जागरण

डा.जय गोविंद व सीएचसी अधीक्षक डा.मुद्दसिर की अगुवाई में वरदान हास्पिटल को सीज कराया गया।

**कई मर्ज से ग्रसित था मरीज**

वरदान हास्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर भितिहा निवासी संदीप कुमार का कहना है कि मरीज हार्ट कार्डियक, लिवर में सूजन, किड्नी में समस्या से ग्रसित था। उन्होंने कहीं अन्य इलाज कराने के लिए कहा था। स्वजन वाहन का इंतजाम करने गए थे। तभी उसकी मौत हो गई। बीस जनवरी को हास्पिटल आनलाइन पंजीकरण कराया था। अभी कोई लाइसेंस नही है। बनारस के चिकित्सक विष्णु गुप्त हास्पिटल मे नियुक्त है। वही इलाज करते हैं। वहीं कोतवाल सुधीर कुमार सिंह ने कहा कि मामले की शिकायत हुई है। जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अगली विधिक कार्रवाई की।


**जिले की महत्वपूर्ण खबरें www.jagran.com/state/uttar-pradesh पर**


# इंजेक्शन लगाते ही मरीज की मौत, हंगामा

## करनैलगंज के वरदान हॉस्पिटल की घटना, सीएमओ के निर्देश पर सील किया गया अस्पताल

संवाद न्यूज एजेंसी

**करनैलगंज (गोंडा)।** एक निजी अस्पताल में भर्ती मरीज को इंजेक्शन लगाते ही मौत हो जाने का मामला सामने आया है। मरीज की मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया। सीएमओ के निर्देश पर अस्पताल को सील कर दिया गया है। पीड़ित परिजनों ने चिकित्सक के विरुद्ध कोतवाली में तहरीर दी है। पिता ने चिकित्सक पर उदासीनता बरतने का आरोप लगाया है।

थाना कटरा बाजार अंतर्गत ग्राम बनगांव निर्मल पुरवा निवासी गोकुल प्रसाद ने दी तहरीर में कहा कि सोमवार को वह अपने पुत्र पवन कुमार पांडेय को नगर में संचालित वरदान हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। जांच के बाद


करनैलगंज स्थित वरदान हॉस्पिटल में युवक की मौत के बाद जांच करती पुलिस। संवाद

चिकित्सक ने पेट में कुछ तकलीफ के अलावा सब सामान्य बताते हुए इलाज शुरू कर दिया।

मंगलवार करीब 11 बजे चिकित्सक ने इंजेक्शन लगाया। उसके बाद पवन की मौत हो गई। युवक की मौत के बाद चिकित्सक सहित अस्पताल के कर्मचारी भाग निकले। देखते ही देखते वहां भारी भीड़ जमा हो गई। परिजनों ने अस्पताल संचालक व चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

सीएचसी अधीक्षक डॉ. मोहम्मद मुदस्सिर ने बताया कि उच्चधिकारियों को दी गई है। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. जयगोविंद की उपस्थिति में हॉस्पिटल सील कर दिया गया है। कोतवाल सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम कर रही है। तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया जाएगा।

# नहीं बना रहे गोल्डन कार्ड, तीन का वेतन रोका

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। आयुष्मान भारत योजना से जिले में गोल्डन कार्ड बनाने में लापरवाही हो रही है। इससे गरीबों को इलाज कराने में समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इस स्थिति से नाराज जिलाधिकारी डॉ. उज्जवल कुमार ने मंगलवार को योजना के जिला समन्वयक डॉ. संदीप तिवारी, अंकित श्रीवास्तव एवं शिवांशु मिश्रा का वेतन रोक दिया है। साथ ही अधिकारियों को चेतावनी दी कि कार्यों में तेजी लाएं।

मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. उज्जवल कुमार विकास कार्यक्रमों की मासिक समीक्षा कर रहे थे। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी को कड़ी फटकार लगाई।

डीएम ने मुख्यमंत्री की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले वन टांगिया ग्रामों में योजनाओं का लाभ सभी लाभार्थियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही अन्य सभी विभागों के विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कराने पर जोर दिया।

## डीएम ने समीक्षा में जताई नाराजगी, कहा कि कार्य में सुधार लाएं अधिकारी

वहीं निर्माण कार्यों की समीक्षा में डीएम ने कार्यदायी संस्था को सख्त निर्देश दिए हैं कि सभी कार्यों का निर्माण पूरी गुणवत्ता के साथ समय से कराना सुनिश्चित करें इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गन्ना भुगतान समय से कराने के साथ ही शिकायतों के प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए।

# नवागत डीआईजी ने संभाला कार्यभार

गोंडा। देवीपाटन परिक्षेत्र के नवागत डीआईजी अमरेंद्र प्रसाद सिंह ने मंगलवार की देर शाम अपने कार्यालय में कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने पुलिस अधीक्षक समेत अधीनस्थ अधिकारियों से मुलाकात कर कानून-व्यवस्था की जानकारी ली।



डीआईजी अमरेंद्र प्रसाद सिंह। -संवाद

डीआईजी ने कहा कि शासन की प्राथमिकता के अनुसार काम किया जाएगा। महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। परिक्षेत्र के चारों जिलों में अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाकर उन्हें जेल के सीखचों के पीछे भेजा जाएगा। (संवाद)

# तालाब किनारे मिली नवजात, अस्पताल ले जाते वक्त मौत

संवाद न्यूज एजेंसी

मनकापुर (गोंडा)। बक्सरा आज्ञाराम पाठक पुरवा गांव के तालाब के किनारे मंगलवार की सुबह एक नवजात बच्ची कपड़े में लिपटी मिली। खेत को गई एक गांव की महिला राजकुमारी ने नवजात के रोने की आवाज सुनी तो शोर मचाने लगी। गांव के लोग एकत्र हो गए।

## अस्पताल पहुंची पुलिस ने ली जानकारी

सूचना पर पहुंचे डायल 112 के पुलिसकर्मियों ने नवजात बच्ची को सीएचसी पहुंचाया। कोतवाली पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर जानकारी ली। सीएचसी के चिकित्सकों ने नवजात बच्ची को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में नवजात बच्ची की मौत हो गई। सीएचसी के डॉ. आलोक कुमार गुप्ता ने बताया कि नवजात



गोंडा के मनकापुर सीएचसी में नवजात के बारे में जानकारी लेती पुलिस। -संवाद

बच्ची का प्राथमिक इलाज कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था।

कोतवाली मनकापुर के अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार राय ने बताया कि नवजात बच्ची को कोई बक्सरा आज्ञाराम पाठक पुरवा गांव के पास स्थित तालाब के पास छोड़ गया था। पुलिस पहुंची तो नवजात बच्ची कपड़े में लिपटी मिली। शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# किशोरी के हत्यारे को आजीवन कारावास

संवाद न्यूज एजेंसी

## कौड़िया क्षेत्र में किशोरी की गोली मारकर की गई थी हत्या

## 2016 में बाबागंज से किताब खरीदकर घर जा रही थी छात्रा

गोंडा। सात साल पूर्व कौड़िया थाना क्षेत्र में किशोरी की हत्या के मामले में कोर्ट ने दोषी को उम्रकैद की सजा सुनायी है। साथ ही हत्याभियुक्त पर 20 हजार रुपए जुर्माना भी लगाया।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अवनीश द्विवेदी ने बताया कि वादी जगदीश प्रसाद गुप्ता निवासी ग्राम कौड़िया मेन मार्केट ने कौड़िया थाने में 16 अप्रैल 2016 को तहरीर देकर कहा कि उसकी 15 साल की बेटी कुमकुम उर्फ लक्ष्मी देवी बाबागंज मोहल्ले से किताब खरीदकर घर आ रही थी। लगभग 10.45 बजे घर के सामने पहुंची तभी शिवमंगल सोनी निवासी कौड़िया बाजार ने घात लगाकर उसे गोली मार दी। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई थी। पुलिस ने केस दर्ज कर विवेचना की और हत्या का पुख्ता साक्ष्य मिलने पर आरोपी शिव मंगल सोनी के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया।

मंगलवार को मामले में निर्णय सुनाते हुए अपर सत्र न्यायाधीश पंचम एवं विशेष न्यायाधीश (गैंगेस्टर एक्ट) मोहम्मद नियाज अहमद अंसारी ने अभियुक्त शिवमंगल सोनी को हत्या के अपराध में सश्रम आजीवन कारावास और 20 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया।

BALRAMPUR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 15-03-2023

# एसपी ने शिकायतों के निस्तारण का दिया निर्देश

बलरामपुर। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने अपने कार्यालय में लोगों की शिकायतें सुनकर उनके निस्तारण का निर्देश दिया। दर्जनभर से अधिक लोगों ने शिकायती प्रार्थना पत्र दिया। एसपी ने संबंधित प्रभारी निरीक्षकों को फोन कर समस्याओं के निस्तारण की बात कही। कहां की जो लोग कार्य में लापरवाही कर रहे हैं उनके विरुद्ध कार्रवाई होगी।

# दहेज हत्या का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

बलरामपुर। थाना ललिया पुलिस टीम ने दहेज हत्या के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। ललिया थाना में तैनात उपनिरीक्षक राजीव मिश्रा व कांस्टेबल सागर रावत मंगलवार को गश्त कर रहे थे। सूचना मिली की दहेज हत्या का वांछित अभियुक्त लक्ष्मणपुर खैराहनिया निवासी शिवराम वर्मा पुत्र राजेश राम वर्मा मौके पर मौजूद है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

# एएसपी ने पुलिस लाइन का निरीक्षण किया

बलरामपुर। अपर पुलिस अधीक्षक नम्रता श्रीवास्तव ने मंगलवार को पुलिस लाइन में परेड का निरीक्षण किया। शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए पुलिस बल को दौड़ लगवाई। अपर पुलिस अधीक्षक ने परेड की सलामी ली। परेड में एकरूपता बनाए रखने के लिए टोली वार ड्रिल करवाया। शस्त्रों का अभ्यास भी कराया गया। पुलिस लाइन में जीडी कार्यालय, बैरक, कैंटीन व भोजनालय का निरीक्षण भी किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी राधा रमण सिंह, प्रतिसार निरीक्षक किशन लाल गौतम एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# फर्जी मदरसा शिक्षक पर मुकदमा

**संसू, बलरामपुर :** बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग के साथ अब मदरसों में कूटरचित दस्तावेजों के सहारे नियुक्ति की कलई खुलने लगी है। न्यायालय के आदेश पर मदरसा दारुल उलूम अतीकिया जरवा रोड तुलसीपुर के तहतानिया शिक्षक सिराज अहमद खान व अन्य के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। शिक्षक पर फर्जी अंकपत्र के सहारे नौकरी हथियाने के साथ ही मदरसा जामिया अनवारुल उलूम नई बाजार तुलसीपुर का अध्यक्ष होने का राजफाश हुआ है।

तुलसीपुर निवासी उस्मान अंसारी ने न्यायालय में जनहित याचिका जारी की थी। इसमें सिराज अहमद खान व अन्य के खिलाफ फर्जी अंकपत्र के सहारे मदरसा दारुल उलूम अतीकिया जरवा रोड तुलसीपुर में सहायक अध्यापक तहतानिया के पद पर कार्यरत रहते दूसरे मदरसे



**फर्जी अंकपत्र के सहारे सात साल से नौकरी कर रहा था सिराज**
**आरटीआइ से कूटरचित दस्तावेज होने की खुली पोल**

जामिया अनवारुल उलूम तुलसीपुर में अध्यक्ष पद पर होने की शिकायत की थी। नियमानुसार सहायता प्राप्त मदरसे का कोई भी शिक्षक व शिक्षणेतर कर्मी पदेन सदस्य होने के अतिरिक्त अपने या किसी अन्य मदरसे से संबंधित समिति का सदस्य नहीं हो सकता है। साथ ही नियुक्ति तिथि 25 दिसंबर 2014 से पहले सिराज अहमद का 16 अगस्त 2014 को जारी आलिम अंक पत्र रोल नंबर 3050069 पूरी तरह कूटरचित है। साथ ही हम्माद अली नईमी और तारिक अजीम द्वारा जनसूचना अधिकार के तहत प्राप्त सूचना में ज्ञात हुआ कि 2014 में आलिम परीक्षा का रोल नंबर 3050069 परीक्षा केंद्र जामिया अरबिया मदरुल उलूम विशुनपुर टनटनवा से परीक्षा ही नहीं दी है। परीक्षा में सम्मिलित छात्राओं में ही सिराज अहमद का नाम नहीं है। इस तरह सिराज सात वर्षों से अधिक समय से एक मदरसे में सहायक अध्यापक होते हुए वेतन उठाने के साथ दूसरे में अध्यक्ष रहकर वित्तीय अनियमितता की है। प्रभारी निरीक्षक तुलसीपुर प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि सिराज अहमद व अन्य के ऊपर फर्जी दस्तावेजों के सहारे नौकरी एवं दो पदों का दुरुपयोग करने के साथ अन्य कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# फर्जी मदरसा शिक्षक पर केस

**तुलसीपुर (बलरामपुर)।** परिषदीय व माध्यमिक स्कूलों में फर्जी नियुक्ति के बाद अब मदरसों में भी शिक्षकों की नियुक्ति में फर्जीवाड़ा सामने आया है। तुलसीपुर के तुरंतपुर निवासी उस्मान अहमद अंसारी ने न्यायालय में अर्जी दी थी। आरोप लगाया था कि मदरसा दारूल उलूम अतीकिया जरवा रोड में सहायक अध्यापक पद पर तैनात सिराज अहमद नियमों के विपरीत जामिया अनावरुल उलूम नई बाजार तुलसीपुर में अध्यक्ष पद पर कार्यरत हैं।

ये भी आरोप लगाया कि सिराज अहमद ने नियुक्ति के समय जो अभिलेख लगाए हैं, वह भी फर्जी है। इस मामले में न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव का कहना है कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। (संवाद)

## न्यूज डायरी

# सतर्कता से करें ड्यूटी

**बलरामपुर।** एसपी केशव कुमार ने सोमवार रात ललिया सर्किल के ललिया, महाराजगंज तराई व हरैया थाने का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान थाना परिसर की सुरक्षा एवं रात्रि में विभिन्न ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियों की सतर्कता की जांच की गई। थाने के अभिलेखों की भी पड़ताल करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। सीओ व एसओ को निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। (संवाद)

# शारीरिक रूप से फिट रहें पुलिसकर्मी

**बलरामपुर।** एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव ने मंगलवार को पुलिस लाइन में परेड की सलामी ली। शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए पुलिसकर्मियों की दौड़ कराई गई। परेड में एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल कराई गई। शस्त्राभ्यास भी कराया गया तथा विभिन्न शस्त्रों के बारे में जानकारी दी गई। एएसपी ने पुलिस लाइन परिसर, जीडी कार्यालय, क्वार्टर गारद, कैंटीन, आरक्षी बैरक व भोजनालय का निरीक्षण किया। (संवाद)

# BAHRAICH POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 15-03-2023

हिन्दुस्त

# चौथे दिन भी अपहृत दोनों किशोरियों का सुराग नहीं

बहराइच, संवाददाता। चार दिनों बाद भी अपहृत हुई दोनों किशोरियों का कोई सुराग नहीं लग सका है। पुलिस की एक टीम बलरामपुर जिले में गई है। एसपी प्रशांत वर्मा मंगलवार दोपहर रानीपुर के इस गांव का दौरा कर पीड़ित परिवार से मिले।

एएसपी सिटी कुंवर ज्ञानन्जय सिंह व पयागपुर सीओ आनंद कुमार राय के पर्यवेक्षण में स्वाट, रानीपुर थाने सहित चार टीमों को एसपी ने किशोरियों की बरामदगी को लगाया है। एक टीम क्लू मिलने पर बलरामपुर जिले के किसी गांव में दबिश देने गई है। महिला पुलिस ने भी आरोपियों के परिवार की तीन महिलाओं से पूछताछ की गई है। फरार आरोपियों की तलाश में उनकी रिश्तेदारियों में भी तलाश की जा रही है।शनिवार की शाम रानीपुर थाने के एक गांव के बाहर से इसी गांव के दूसरे समुदाय के लोग दो किशोरियों का अपहरण कर वाहन से फरार हो गए थे। इस वारदात में कुछ महिलाएं भी मददगार बनी थी। हालांकि तहरीर में एक महिला सहित चार को नामजद किया गया है।

# तीन बाइक बरामद, चोर गिरफ्तार

बहराइच। मुखबिर की सूचना पर पुलिसने सिंगहा गांव से तीन बाइक चोरों को चोरी की तीन बाइक संग पकड़ा है। इन पर मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। बरामद बाइक को सीज कर दिया गया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी राहुल पांडेय ने बताया कि फुरकान निवासी जुड़ी कुइया, रियाज अहमद व करीम उर्फ सुभान को गिरफ्तार किया गया।

# हार्न बजाने से नाराज लोगों की मारपीट

नानपारा। कोतवाली नानपारा क्षेत्र के इटहा निवासी देवेंद्र तिवारी बताया कि रविवार को वह बाइक से घर आ रहे थे। गांव के एक मोड़ पर पहुंचने पर हार्न बजाया तो गांव के ही एक व्यक्ति अपने बेटों और भतीजे के साथ उससे मारपीट करने पर आमादा हो गए। ग्रामीणों के आ जाने से मामला शांत हुआ, लेकिन मंगलवार को मौका पाकर भाई हितेश व उसकी पत्नी को मारा पीटा है। हितेश ने कोतवाली नानपारा में शिकायती पत्र दिया है।

# फंदे से लटका मिला महिला का शव पति पर दहेज हत्या का मुकदमा

**संसू, वर्दा/बाबागंज (बहराइच)** : रुपईडीहा इलाके के देवरिया सेमरा गांव निवासी विवाहिता का शव घर में छत के कुंडे में लटकता पाया गया। मायके वालों ने पति व ससुरालजन पर हत्या कर शव को लटकाने का आरोप लगाया है। मामले में पति के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्जकर पुलिस जांच कर रही है।

रामगांव थाना क्षेत्र के छेदीपुरवा गांव निवासी रफीक ने अपनी बेटी हुदा (28) का विवाह चार वर्ष पूर्व रुपईडीहा के देवरिया सेमरा गांव निवासी शाहिद के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद बेटी को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता रहा। बेटी ने कई बार इसकी शिकायत की, लेकिन समझाकर वहीं रहने के लिए कहा जाता रहा। कई बार दामाद को समझाने का प्रयास किया गया। सोमवार को बेटी को फिर पीटा गया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना छिपाने के लिए शव को फंदे पर लटकाकर उसे खुदकुशी दर्शाने का प्रयास किया गया। मंगलवार भोर सूचना पुलिस को दी गई। सीओ नानपारा राहुल पांडेय व एसओ श्रीधर पाठक पहुंचे। एसओ ने बताया कि मृतका के पिता की तहरीर पर पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## विवाद कर रहे तीन लोग बंदी

**गंभीरवाबाजार** : रामगांव क्षेत्र के माफिकपुर गांव में दो पक्षों में जमीन बंटवारे को लेकर विवाद हो गया। सूचना पर एसआइ प्रमोद कुमार यादव, हेड कांस्टेबल शमशेर अहमद, कांस्टेबल रामआशीष चौरसिया व विकास ने दोनों पक्षों को समझाया, लेकिन नहीं माने। विवाद बढ़ता देख पुलिस ने रामधीरज, जगदीश व रामसमुझ को गिरफ्तार कर शांतिभंग में कोर्ट भेज दिया। (संसू)

# शराब संग गिरफ्तार

**नानपारा :** मलंगपुरवा गांव के सरयू नहर किनारे पुलिस ने सोमवार की रात छापेमारी की। 100 लीटर लहन, नौशादर, यूरिया, शराब बनाने के उपकरण व 10 लीटर शराब के साथ गुरगुट्टा निवासी तालुकदार को गिरफ्तार कर लिया। टीम में उपनिरीक्षक योगेंद्र सिंह आदि शामिल रहे। कोतवाल हेमंत कुमार गौड़ ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपित को न्यायालय भेज दिया गया। (संसू)

# चोरी की बाइकों के साथ तीन आरोपित गिरफ्तार

**जासं, बहराइच** : मटेरा पुलिस ने तीन आटोलिफ्टर को गिरफ्तार कर इनकी निशानदेही पर चोरी की बाइकें बरामद की हैं। आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने उन्हें न्यायालय भेजा है।

थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि इलाके में बाइक चोरी करने की फिराक में घूम रहे आटोलिफ्टर गिरोह के बारे में जानकारी मिली। मामले को गंभीरता से लेकर पुलिस टीम गठित की गई। इसमें एसआइ राजेश कुमार, मुख्य आरक्षी राममिलन सिंह, इंद्रेश यादव, महेंद्र यादव व आरक्षी अविनाश शामिल रहे। टीम के साथ मोगरिहा तिराहे पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान बाइक सवार कुछ लोग आते दिखाई पड़े। रोकने पर वे भागने लगे। घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया गया। पूछताछ में उनके पास मौजूद बाइक चोरी की पता चली। निशानदेही पर दो और बाइकें बरामद की गई। पकड़े गए आरोपितों में मटेरा के सिंगहा निवासी फुरकान, रियाज अहमद, करीम उर्फ सुभान शामिल हैं।

# मारपीट के आरोपित की जमानत अर्जी खारिज

## अदालत से

**जासं, बहराइच :** प्रभारी चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश वरुण मोहित निगम ने वरिष्ठ अधिवक्ता राधेश्याम खन्ना के साथ हुई मारपीट की सुनवाई करते हुए आरोपित की जमानत अर्जी खारिज कर दी।

बीते कई तिथियों से जिला बार एसोसिएशन की ओर से वादी मुकदमा राधेश्याम खन्ना की ओर से पैरवी की जा रही थी। उच्च न्यायालय ने तीन हफ्ते के भीतर जमानत प्रार्थना पत्र निस्तारित करने के आदेश दिए थे। इसके दृष्टिगत अदालत ने सुनवाई के बाद जमानत अर्जी खारिज कर दी।

# मारपीट का मुकदमा दर्ज

**रिसिया।** थाना क्षेत्र के निबिया हुसैनपुर निवासी नेबू लाल ने थाने पर तहरीर देकर एक व्यक्ति पर उनके साथ मारपीट करने व जातिसूचक गाली देने का आरोप लगाया था। जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। थाना प्रभारी शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि शमीम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी गयी है। संवाद

# दुष्कर्म के आरोपी के खिलाफ केस

**रिसिया।** थाना क्षेत्र निवासी महिला ने श्रावस्ती के दो युवकों पर दुष्कम का आरोप लगाते हुए न्यायालय पर वाद दायर किया था। जिस पर न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। थाना प्रभारी शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि श्रावस्ती के हरिहरपुर निवासी इरफान खान व जयप्रकाश के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी गयी है। संवाद

# अतीक के करीबी रडार पर

## असद की मदद करने के मामले में जिले के एक दर्जन लोगों से हो चुकी है पूछताछ

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** प्रयागराज के उमेश पाल हत्याकांड के बाद माफिया अतीक अहमद के तार जिले से भी जुड़ गए हैं। उसके दो करीबी एसटीएफ की पकड़ में भी आ चुके हैं। पुलिस व एसटीएफ ऐसे लोगों की सूची तैयार कर रही है जिनके संबंध अतीक गैंग से रहे हैं।

### नेपाल में भी आरोपियों की तलाश में जुटी टीमें

अतीक को फाइनेंस करने की बात भी सामने आ रही है। ऐसे में इन लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होने के साथ इनकी संपत्ति पर जब्त करने की भी कार्रवाई हो सकती है। पुलिस की टीमें नेपाल में भी सक्रिय है। हालांकि अधिकारी अभी इस पूरे मामले में कुछ भी बोलने को तैयार नहीं। लेकिन जिले में इस समय यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

प्रयागराज में हुए उमेश पाल हत्याकांड में शामिल आरोपी अतीक का बेटा असद व एक अन्य शूटर के बहराइच के रास्ते नेपाल भागने का मामला अब और तूल पकड़ने लगा है। इस मामले में एसटीएफ ने दो लोगों को उठाया है जबकि शहर से लेकर नानपारा व रूपईडीहा तक करीब एक दर्जन संदिग्धों से पूछताछ भी की जा चुकी है।



भारत-नेपाल सीमा पर वाहनों की जांच करते एसएसबी व पुलिस के जवान। - संवाद

यह मामला इस समय जिले में सबसे ज्यादा सुर्खियां बटोर रहा है। हर कोई यह जानने के इच्छुक है कि आखिर वह कौन लोग है जो अतीक गैंग से जुड़े हुए हैं। जिस तरह से यह बताया जा रहा है कि अतीक का बेटा असद अपने एक साथी के साथ यहां पहुंचा और एक होटल में रुका उसके बाद उसे यहां पर कुछ लोगों ने आर्थिक मदद की और फिर वह नेपाल निकल गया। बता दें कि अतीक 2014 में पड़ोसी जिले श्रावस्ती से लोकसभा चुनाव भी लड़ा था।

इसके चलते यहां पर उसके कई करीबी लोग भी है। शहर व जिले में कुछ जगहों पर प्रॉपर्टी व होटल के काम में भी अतीक का पैसा लगा होने की बात कही जा रही है। पुलिस व प्रशासन भी दबे पांव यह सब पता लगाने का प्रयास कर रही है। पुलिस विभाग के सूत्रों की मानें तो मंगलवार को भी एसटीएफ ने शहर से लेकर नानपारा व रूपईडीहा में कई लोगों से पूछताछ की है। वहीं, सीमा पर जांच भी तेज हो गई है।

### संदिग्धों की खंगाल रहे कॉल डिटेल

अतीक से जुड़े मामले में जो भी संदिग्ध लोग हैं पुलिस उनकी कॉल डिटेल भी खंगाल रही है। इसके जरिए यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि कहीं इनमें से किसी की बात तो अतीक या फिर उसके बेटे आदि से नहीं हुई है। इस मामले में यदि कोई आरोपी मिलेगा तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की भी तैयारी की जा रही है।

“ प्रयागराज में हुए उमेश पाल हत्याकांड का जिले से अभी तक कोई कनेक्शन सामने नहीं आया है। इससे जुड़ी कोई भी जानकारी मेरे पास नहीं है।

**-प्रशांत वर्मा, एसपी**

# SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 15-03-2023

## भाकियू ने तहसील में की नारेबाजी

इकौना। भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत मंगलवार को तहसील परिसर इकौना में आयोजित की गई। यूनियन की ओर से उपजिलाधिकारी इकौना को सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार संजय राय को सौंपा। साथ ही प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी की। दौरान भारतीय किसान यूनियन की पंचायत के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। इस मौके पर भाकियू नेता विनोद शुक्ला, तहसील अध्यक्ष सोमई प्रसाद चौधरी, बृजेश यादव, राजकुमार, राजू यादव मौजूद आदि थे।

## शारीरिक व मानसिक रूप से रहें

**निरीक्षण**

श्रावस्ती,संवाददाता। पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में मंगलवार को परेड का आयोजन किया गया। एएसपी ने परेड का निरीक्षण किया और मिली खामियों को सुधारने के निर्देश दिए। इस दौरान एएसपी ने पुलिस लाइन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव ने मंगलवार को पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में आयोजित परेड की सलामी ली और परेड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ने शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परेडों को दौड़ लगवाई। परेड में एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल भी करवाई गई। एएसपी ने कहा कि सभी जवानों को शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहना जरूरी है। उन्होंने ड्यूटी के दौरान समस्त कर्मचारियों को वावर्दी दुरुस्त रहने का निर्देश दिया।



मंगलवार को पुलिस लाइन का निरीक्षण करते एएसपी।

# बाल विवाह रोकेंगे स्कूलों के प्रधानाचार्य

**पहल**

श्रावस्ती, संवाददाता। बाल विवाह को अपराध की श्रेणी में रखा गया है। बाल विवाह रोकनों को लेकर जागरूकता अभियान चलाने के साथ ही कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस कार्यालय में मंगलवार को एसपी की अगुवाई में प्रधानाचार्य की बैठक की गई। जिसमें प्रधानाचार्यों से बाल विवाह रोकने में मदद करने की अपील की।

बैठक में पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने कहा कि बाल विवाह अभिशाप है। इसे रोकने को लेकर प्रशासन समेत पुलिस प्रशासन की ओर से भी गंभीरता से प्रयास किए जा रहे हैं। बाल विवाह के मामले सामने आने पर कार्रवाई भी की जाती है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह को रोकना समूचे समाज की जिम्मेदारी है। यदि प्रधानाचार्य मदद करें तो बाल विवाह को रोकने में आसानी होगी। उन्होंने कहा कि सभी को जागरूक होकर बाल विवाह को रोकने के लिए आगे आना चाहिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि श्रावस्ती में बाल विवाह के यक्ष प्रश्न को पुलिस हर संभव तरीके से हल करेगी। उन्होंने बताया कि थाना प्रभारियों को निर्देश जारी किया जा रहा है कि वह अपने क्षेत्र में भ्रमण के दौरान यदि कोई बाल विवाह संबंधी प्रकरण हो तो तत्काल दर्ज कराएंगे।




पुलिस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम मे बोलते प्रधानाचार्य

# अभियान में 37 वारंटी गिरफ्तार

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह की ओर से वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए आपरेशन धरपकड़ का अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही वारंटियों की गिरफ्तारी को लेकर सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में मंगलवार को अभियान चलाकर सभी थाना क्षेत्रों से कुल 37 वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

# अपराधियों पर भारी पड़ रही अभियोजन की पैरवी

**संसू, भिनगा (श्रावस्ती) :** न्यायालयों में चल रहे गंभीर आपराधिक मामलों में अभियोजन की प्रभावी पैरवी अपराधियों पर भारी पड़ रही है। जुलाई से फरवरी तक 51 विभिन्न मामलों के अपराधी जिला बदर घोषित किए जा चुके हैं, जबकि गैंगस्टर मामले के आरोपित का लाखों की कीमत का घर भी कुर्क किया गया है।

**• गैंगस्टर एक्ट के फरार आरोपित का कुर्क किया जा चुका है घर**

प्रभारी संयुक्त निदेशक अभियोजन गजराज मिश्रा ने बताया कि जुलाई से लेकर 28 फरवरी तक कुल आठ माह में ही अभियोजन की कड़ी पैरवी के चलते विभिन्न गंभीर अपराधों में कुल 51 अपराधियों को जिला मजिस्ट्रेट नेहा प्रकाश जिला बदर कर चुकी हैं।

इसमें सिरसिया क्षेत्र के गुंडा एक्ट के आरोपित दद्दन खां उर्फ मैनुद्दीन खां समेत 51 अपराधी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि गैंगस्टर एक्ट के आरोपित भिनगा कोतवाली क्षेत्र के भंगहा बाजार निवासी अजीज अहमद के चार पक्के मकानों को जो अपराध के पैसे से अर्जित किए गए थे। इनकी कीमत करीब 70 लाख आंकी गई थी। इसे कुर्क किया गया है।

इसी प्रकार अपने ही बच्चों की हत्या करने वाली सिरसिया क्षेत्र की महिला को आजीवन कारावास की सजा हुई। उन्होंने बताया कि अभियोजन विभाग के उल्लेखनीय कार्य के लिए शासन स्तर से सम्मान भी मिल चुका है।

# किए गए 37 वारंटी

**जासं, श्रावस्ती :** धरपकड़ अभियान के तहत मंगलवार को जिले के विभिन्न थानों की पुलिस टीम ने 37 वारंटियों को दबोच लिया। सभी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। एसपी प्राची सिंह ने बताया कि अभियान चलाकर वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं। मंगलवार को एएसपी प्रवीण कुमार यादव के नेतृत्व में सभी थाना प्रभारियों की ओर से आपरेशन धरपकड़ के तहत कार्रवाई की गई है। भिनगा कोतवाली पुलिस टीम ने सात वारंटी, सिरसिया पुलिस ने पांच, मल्हीपुर पुलिस ने छह, हरदत्तनगर गिरंट पुलिस ने दो, सोनवा पुलिस ने चार, गिलौला पुलिस ने छह, इकौना पुलिस ने पांच व नवीन मार्डन श्रावस्ती पुलिस ने दो वारंटी गिरफ्तार किए।

# मानसिक रूप से फिट रहने को जवानों ने लगाई दौड़

**जासं, श्रावस्ती :** एएसपी प्रवीण कुमार यादव ने मंगलवार को पुलिस लाइन्स ग्राउंड में पहुंचकर परेड की सलामी ली। उन्होंने शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परेड में शामिल जवानों को दौड़ लगवाई। परेड में एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल कराई। एएसपी ने यूपी 112 के दोपहिया व चारपहिया वाहनों का निरीक्षण किया। कमियों को दूर करने के लिए प्रभारी को निर्देश दिए। तैनात कर्मियों की कार्य कुशलता व दक्षता की जांच भी की।

# छेड़छाड़ के दोषी को चार वर्ष का सश्रम कारावास

**अदालत से**

**जासं, श्रावस्ती :** एक गांव निवासी 13 वर्षीय किशोरी के साथ पांच वर्ष पूर्व अश्लील हरकत करने के दोषी पूर्व प्रधान को चार वर्ष के कारावास की सजा सुनाई गई है। दो अन्य दोषियों को दो-दो माह की सजा मिली है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) उमाकांत त्रिपाठी ने बताया कि चार जुलाई 2017 को दिन में करीब ढाई बजे किशोरी अपने खेत में घास काटने गई थी। इसी दौरान पहले से घात लगाए बैठे कमलेश, पप्पू व अनोखी किशोरी को पटक कर उसके साथ अश्लील हरकत करने लगे। किशोरी के चिल्लाने पर राहगीरों के आ जाने पर सभी मौके से फरार हो गए थे। पीड़िता की तहरीर पर भिनगा कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया था। विचारण के बाद अपर सत्र न्यायाधीश (अनन्य रूप से पाक्सो सुदामा प्रसाद ने पूर्व प्रधान कमलेश को दोषसिद्ध ठहराते हुए चार वर्ष के सश्रम कारावास व चार हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। दो अन्य दोषियों पप्पू व संतराम को दो-दो माह के कारावास की सजा सुनाई है। प्रत्येक पर पांच-पांच सौ रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है।

# बाल विवाह के यक्ष प्रश्न को हल करेगी पुलिस : एसपी

## वाट्सएप ग्रुप से जोड़े जाएंगे प्रधानाचार्यों के नंबर

**जासं, श्रावस्ती :** बाल विवाह रोकने के लिए पुलिस कार्यालय सभागार में मंगलवार को सामाजिक संस्था सद्भावना की ओर से प्रधानाचार्यों की बैठक आयोजित की गई। इसमें 63 इंटर कालेजों के प्रधानाचार्यों ने हिस्सा लिया। एसपी प्राची सिंह ने कहा कि समाज में जागरूकता फैलाकर व शिक्षा के प्रसार से ही बाल विवाह को रोका जा सकता है। यह कुप्रथा सभी के सहयोग से समाप्त होगी।

एसपी ने कहा कि जिले में बाल विवाह के यक्ष प्रश्न को पुलिस हर संभव तरीके से हल करेगी। क्षेत्र भ्रमण के दौरान बाल विवाह संबंधी प्रकरण सामने आने पर पुलिस तत्काल सूचना दर्ज कराएगी। प्रधानाचार्यों से बढ़-चढ़कर सहयोग की अपेक्षा की गई। एसपी ने कहा कि स्कूल में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के बाल विवाह की जानकारी विद्यालय प्रशासन को पहले हो सकती है। वाट्सएप ग्रुप पर इसकी जानकारी दे दें। प्रकरण को तत्काल संज्ञान में लेते हुए कार्रवाई की जाएगी। प्रधानाचार्यों ने आगामी शिक्षा सत्र से प्रार्थना के बाद बाल विवाह के खिलाफ संकल्प की परंपरा शुरू करने का भरोसा दिलाया। जगतजीत इंटर कालेज के प्रधानाचार्य भूदेश्वर पांडेय ने विचार व्यक्त किए। सिख समाज की हरप्रीत कौर ने एसपी को तलवार, काजल रिजवानी ने पगड़ी, ओमकार नाथ ने तथागत बुद्ध की प्रतिमा, सद्भावना संस्था की ओर से मां सरस्वती की प्रतिमा, किशोरियों ने अंगवस्त्र, इंसान सिंह उर्फ भूरे ने फल की टोकरी भेंट की। संस्था के अध्यक्ष योगेंद्र मणि त्रिपाठी, एएसपी प्रवीण कुमार यादव, सीओ अतुल कुमार चौबे मौजूद रहे।



बाल विवाह रोकने के लिए पुलिस कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक को संबोधित करतीं एसपी प्राची सिंह ( दाएं ) ● जागरण

# कब्जा हटवाने की मांग

**श्रावस्ती।** भिनगा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पटना खरगौरा के मजरा खरगौरा निवासी सुंदर लाल पुत्र समयदीन ने कोतवाली पुलिस को एक शिकायती पत्र दिया है। जिसमें उसका आरोप है कि उसने अपने चचेरे भाई गोकरन के साथ मिल कर खरगौरा मोड़ के पश्चिम 25 वर्ष पूर्व दुकान का निर्माण कराया था। जिस पर भाई की मृत्यु के बाद कुछ लोग दबंगई के बल पर कब्जा कर रहे हैं। जिनकी ओर से दुकान मे ताला लगा दिया गया है। ऐसे में शिकायतकर्ता ने कोतवाली पुलिस से हस्तक्षेप कर कब्जा हटाने की मांग किया है। संवाद

# पुलिस ने जांची बैंकों की सुरक्षा

**श्रावस्ती।** मंगलवार को सभी थाना व चौकी प्रभारियों ने बैंक जांच के लिए विशेष अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने बैंक में लगे सीसीटीवी, सायरन व संदिग्धों की जांच की। साथ ही बैंक में मौजूद लोगों को साइबर अपराध व सुरक्षा की जानकारी देकर जागरूक रहने के लिए प्रेरित भी किया। संवाद

# शांतिभंग के आरोप में आठ गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने सोमवार रात अलग-अलग थाना क्षेत्रों से आठ लोगों को गिरफ्तार किया। इनके विरुद्ध शांतिभंग के आरोप में कार्रवाई की गई। बाद में संबंधित एसडीएम के समक्ष पेश किया गया। संवाद

# 57 वाहनों का ई-चालान

**श्रावस्ती।** पुलिस ने मंगलवार को संदिग्ध वाहनों के विरुद्ध जांच अभियान चलाया। इस दौरान 57 वाहनों का ई-चालान कर 106500 रुपये शमन शुल्क वसूल किया। संवाद

# पुलिस ने 37 वारंटी पकड़े

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने सोमवार रात ऑपरेशन धरपकड़ अभियान चलाया। इस दौरान भिनगा पुलिस ने सात वारंटी, सिरसिया पुलिस ने पांच, मल्हीपुर ने छह, हरदत्त नगर गिरंट पुलिस ने दो, सोनवा ने चार, गिलौला ने छह, इकौना ने पांच व नवीन माडर्न पुलिस ने दो वारंटी को गिरफ्तार किया। जिन्हें संबंधित न्यायालय के सुपुर्द कर दिया है। संवाद

# छेड़छाड़ में तीन को कारावास

**श्रावस्ती।** भिनगा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी के साथ पांच वर्ष पूर्व छेड़छाड़ हुई थी। मामले में मंगलवार को अपर जिला जज पाक्सो ने एक आरोपी को चार वर्ष सश्रम कारावास व चार हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। दो आरोपियों को दो-दो माह सश्रम कारावास व 500-500 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता उमाकांत त्रिपाठी ने बताया कि भिनगा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी 13 वर्षीय किशोरी चार जुलाई, 2017 को दोपहर में अपने खेत में घास काटने गई थी। जहां पहले से ही बैठे गांव के ही कमलेश, पप्पू व अनोखी ने किशोरी से छेड़छाड़ की थी। मंगलवार को अपर जिला जज सुदामा प्रसाद ने आरोपी कमलेश को चार वर्ष सश्रम कारावास व चार हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। पप्पू व अनोखी को दो-दो माह का कारावास व 500-500 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। संवाद

# रैतिक परेड का एएसपी ने किया निरीक्षण

**श्रावस्ती।** रिजर्व पुलिस लाइन भिनगा में मंगलवार को एएसपी ने रैतिक परेड की सलामी ली। इस दौरान उन्होंने परेड का निरीक्षण भी किया। इसके बाद



उन्होंने पीआरवी वाहनों सहित पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण किया। अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव ने शस्त्रों सहित यूपी 112 पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर मिली खामियों को दूर करने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने क्वार्टर गार्द, परिवहन शाखा का निरीक्षण किया। साथ ही भोजनालय में पहुंच कर भोजन की गुणवत्ता जांचा। साथ ही डीसीआर, बैरिक, शौचालय आदि का भी निरीक्षण किया। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक विनोद कुमार सिंह मौजूद रहे। संवाद

# बाल विवाह रोकने में प्राचार्यों से सहयोग की अपील

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**श्रावस्ती।** जिले में बाल विवाह पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए मंगलवार को पुलिस कार्यालय में एसपी ने 63 विद्यालयों के प्राचार्यों के साथ बैठक की। इस दौरान बाल विवाह रोकने में सहयोग की अपील की गई।



**पुलिस कार्यालय में प्रधानाचार्यों के साथ एसपी व अन्य।** -संवाद

पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह के नेतृत्व में 63 विद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक हुई। इसमें एएसपी प्रवीण कुमार यादव व सीओ नगर अतुल कुमार चौबे ने मौजूद प्रधानाचार्यों से बच्चों को बाल विवाह न होने देने का संकल्प दिलाने को कहा। एसपी ने थाना प्रभारियों व बीट पुलिस अधिकारियों को क्षेत्र में भ्रमण के दौरान बाल विवाह संबंधी प्रकरण सामने आने पर तत्काल मामला दर्ज कराने को कहा।

व्हाट्सएप ग्रुप बना कर सभी प्रधानाचार्यों को जोड़ने का निर्देश भी दिया। इस मौके पर डॉ. भूदेश्वर पांडे, हरप्रीत कौर, काजल रिजवानी, ओमकार नाथ, योगेंद्र मणि त्रिपाठी सहित काफी संख्या में प्रधानाचार्य मौजूद रहे।